फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 292 प्रभात जयपुर, रविवार 25 मई, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

**DEDICATION, STRATEGIC ACUMEN, AND LEADERSHIP**

What worried the Indian planners most was the potential threat to the Srinagar-Leh highway near Kargil, as the Pakistani Posts between Zojila and Haniskot overlooked it

**Meet Codex: OpenAI's Code, Cracking AI That Works Like a Teammate**

# थरूर विवाद पीछा नहीं छोड़ रहा, कांग्रेस का केरल में

## विवाद की जड़, पीढ़ी परिवर्तन भी लगती है

- पुरानी पीढ़ी के नेता थरूर के वक्तव्यों को, पार्टी के परम्परागत, ''कमांड स्ट्रक्चर'' को चुनौती मानते हैं और पार्टी की एकता को चुनौती करार देते हैं।
- पर, नई पीढ़ी के नेता थरूर के आकर्षण को एक ''एसैट'' (ताकत) मानते हैं।
- केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष के. सुधाकरण का मत है, ''कांग्रेस के हाईकमान ने गलती की, थरूर का नाम अपनी लिस्ट में नहीं दिया, जो उन्होंने सरकार को सौंपी थी, पार्टी के प्रतिनिधि के चयन के लिए। थरूर ने सदा देश के हित को ध्यान में रखकर काम किया है। अतः उनका नाम नहीं देना, थरूर के साथ अन्याय था।
- दूसरी ओर केरल कांग्रेस के अधिकांश परम्परावादी नेता मानते हैं कि थरूर का बार-बार मोदी व उनकी नीतियों की बढ़ाई करना, पार्टी के भाजपा के विरूद्ध एक ''युनाइटेड फ्रंट'' पेश करने के प्लान को कमज़ोर करता है।
- एक वरिष्ठ नेता, अपना नाम न देने की शर्त पर बोले कि बिहार के चुनाव की दृष्टि से बनाई गई पार्टी की रणनीति का आधार, मोदी की छवि को चुनौती देना है। विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब मोदी ऑपरेशन सिंदूर को चुनाव का मुख्य मुद्दा बनाना चाहते हैं।
- मोदी बार-बार राहुल गांधी का मखौल बनाते हैं, केन्द्रीय सरकार के ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने की वजह से। इस मौके पर थरूर का सरकार की नीति से जुड़ना, भाजपा के हाथों में खेलना है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मई। भारत-पाक सीमा पर तनाव फिलहाल के लिए स्थिर नज़र आ रहा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी के शशि थरूर द्वारा मोदी सरकार के एक आउटरीच मिशन के निमंत्रण को तुरंत स्वीकार किए जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी में एक राजनीतिक तूफ़ान उठ खड़ा हुआ है। थरूर के इस कदम से पार्टी में उनके भविष्य को लेकर अटकलें शुरु हो गई हैं, खासकर केरल और दिल्ली में, जहाँ यह चर्चा जोरों पर है कि वे केन्द्र की भाजपा सरकार के साथ किसी संभावित समीकरण की दिशा में बढ़ रहे हैं।

तथापि, थरूर के समर्थक उनके बचाव में उतर आए हैं। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष के. सुधाकरन ने सार्वजनिक रूप से थरूर का समर्थन किया और थरूर का नाम पार्टी प्रतिनिधियों की आधिकारिक सूची से हटाने को लेकर कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना की। सुधाकरन ने कहा, ''थरूर ने हमेशा राष्ट्रीय हित में काम किया है और उन्हें दरकिनार करना अन्यायपूर्ण है।'' उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी को ऐसे नेताओं को अलग-थलग नहीं करना चाहिए, जिनके पास जन समर्थन और अंतरराष्ट्रीय पहचान है।

इस मामले ने कांग्रेस की केरल इकाई के भीतर बढ़ती फूट को उजागर किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीसन ने टिप्पणी करते हुए कहा, ''यह मामला पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा सुलझाया जाना चाहिए। आंतरिक मतभेदों को सही मंचों पर हल करना आवश्यक है।''

पार्टी के भीतर के सूत्रों का कहना है कि केरल में कांग्रेस के एक बड़े वर्ग को थरूर द्वारा बार-बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार की नीतियों की सार्वजनिक सराहना से नाराजगी है। उनका मानना है कि इस तरह की गतिविधियाँ भाजपा के खिलाफ कांग्रेस की एकजुट रणनीति को कमज़ोर करती हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने, नाम न

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नाबालिग से दुष्कर्म : दो अभियुक्तों को 20 साल की सजा

जयपुर, 24 मई। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग किशोरी से तीन साल के अन्दर दुष्कर्म करने वाले दो अभियुक्त दीपक और जगदीश को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर कुल पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी केसी अटवासिया ने अपने आदेश में कहा कि एक अभियुक्त ने पीड़िता से दुष्कर्म कर उसे गर्भवती किया और दूसरा उससे तीन साल पहले दुष्कर्म कर चुका था। यौन अपराध का बाल मन पर गहरा असर होता है। ऐसे

- पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने सांभर लेक के मामले में निर्णय सुनाया।

में अभियुक्तों के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने 12 फरवरी, 2022 को सांभर लेक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसके 17.5 साल की बेटी पिछले कुछ माह से गुमसुम रहने लगी और उसका शरीर भी भारी लग रहा था। इसके साथ ही वह बार-बार उल्टियां भी कर रही थी। ऐसे में उसने अपनी भाभी के जरिए पुछवाया तो पीड़िता ने बताया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। पीड़िता ने कहा कि करीब तीन साल पहले जब वह पशु चरा रही थी तो जगदीश ने उसके साथ दुष्कर्म

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हार्वर्ड युनिवर्सिटी को अस्थायी राहत मिली

## अन्य देशों के विद्यार्थियों को एडमिशन न देने के ट्रम्प के आदेश पर अस्थायी प्रतिबंध लगा

- अब, युनिवर्सिटी व अन्य देशों के लगभग सात हजार विद्यार्थी, जो हार्वर्ड में पढ़ रहे थे या रिसर्च कर रहे थे, को तुरन्त वापस नहीं जाना पड़ेगा। इनमें 700 विद्यार्थी भारतीय हैं।
- हार्वर्ड में कई दशकों से कैंसर पर रिसर्च चल रही है तथा मरीज़ों के मूत्र व खून के ''सैंपल'' प्रिज़र्व करके रखे गये हैं। ये सैंपल इस बीमारी पर रिसर्च करने के लिये अमूल्य निधि हैं। पर, इनको अशुद्ध न होने के लिये करोड़ों रूपए खर्च होते हैं।
- पर, अब हार्वर्ड की ''फण्डिंग'' कम कर देने से इन ''सैंपल'' का प्रिज़र्वेशन खतरे में पड़ जायेगा, जो मानव जाति के लिये असहनीय नुकसान होगा।
- दशकों पुराने इन सैंपल्स की कमी अब बहुत खलेगी, क्योंकि आधुनिक साधनों, जैसे ए.आई. से अब मौका मिला है मानव जाति के लिए अबूझ पहेली बनी, बीमारियों पर और गहराई से रिसर्च करने का।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 24 मई। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को शैक्षिणक पाठ्यक्रमों में दाखिला देने पर अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए प्रतिबंध से हार्वर्ड विश्वविद्यालय को अस्थायी राहत मिल गई है। यह खबर वर्तमान वर्ष के लगभग 7,000 छात्रों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है, जो हार्वर्ड के विभिन्न कोर्सों में पढ़ रहे हैं। इनमें लगभग 700 छात्र भारतीय हैं, जो अपने छात्र वीज़ा खोने और देश लौटने की आशंका से जूझ रहे थे।

हालांकि विश्वविद्यालय और इसके अध्यक्ष के लिए यह एक तरह की जीत है, लेकिन युनिवर्सिटी और विदेशी छात्रों के लिए भविष्य की अनिश्चितता बरकरार है। संकेत मिल रहे हैं कि नए शैक्षिणक सत्र के लिए दाखिलों की संख्या में भारी गिरावट आई है।

चिंता यह भी है कि फिलहाल यह प्रयास विफल होने के बावजूद, ट्रंप प्रशासन अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए फिर से कोई नया आदेश ला सकता है। छात्र समुदाय का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई के बाद हार्वर्ड या अन्य अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जारी रखना कठिन हो सकता है।

कई छात्र हैरान और परेशान हैं कि हार्वर्ड में दाखिला लेना, जो जीवन भर का सपना होता है, शायद अब पूरा न हो पाए।

दाखिलों के अलावा, ट्रंप प्रशासन द्वारा शीर्ष अमेरिकी विश्वविद्यालयों के विरूद्ध उठाए गए अन्य कदम विज्ञान और वैज्ञानिक शोध परियोजनाओं के लिए बड़ा झटका साबित हो सकते हैं। इससे कुछ बुनियादी अनुसंधानों और विज्ञान के भविष्य को नुकसान होगा।

पूरी मानवता के लिए बेहद अहम एक अध्ययन दांव पर है। हार्वर्ड

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दोनों देशों ने ऑपरेशन पहलगाम के मुख्य ''नायकों'' को सम्मानित किया

## पाकिस्तान ने जनरल असीम मुनीर को ''फील्ड मार्शल'' बनाया। भारत ने आईबी चीफ को एक साल का ''एक्सटैंशन'' दिया

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 24 मई। युद्ध मानवता के लिए सदैव नुकसानदायक ही रहा है। भारत और पाकिस्तान - दोनों ही पहलगाम हमले के बाद चार दिन चले संघर्ष में अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

इस बीच, आई बी चीफ तपन डेका को मोदी सरकार ने 1 वर्ष का सेवा-विस्तार (एक्स्टेन्शन) दे दिया है, जबकि कुछ लोग उन पर पहलगाम-नरसंहार में खुफिया तंत्र की असफलता का दोषारोपण कर रहे हैं। उन्हें एक्स्टेन्शन का यह पुरस्कार दूसरी बार दिया गया है और इस प्रकार वे इंटेलिजेंस ब्यूरो (आई बी) के सबसे ज्यादा लम्बे समय तक रहने वाले निदेशक बन गये हैं।

उधर, पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई पाकिस्तान की शर्मनाक स्थिति के बाद, जनरल आसिम मुनीर को पदोन्नत कर दिया है। जिन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए था, वे पदोन्नत कर दिये गये हैं।

डेका के एक्स्टेन्शन के लिए सिफारिश करने वाले लोग बार-बार यह कहते रहे हैं कि तपन कुमार डेका क्रॉस-बॉर्डर टैररिज़्म के विशेषज्ञ हैं, उन्हें कश्मीर का लम्बा अनुभव है तथा पहलगाम आतंकी हमले के बाद की परिस्थिति में उनकी सेवाएं बहुत ज्यादा जरूरी हैं। लेकिन डेका के आलोचकों का कहना है कि आतंकवाद के एक ऐसे विशेषज्ञ, जिन्हें कश्मीर के आतंकी स्थलों की गहन जानकारी एवं समझ है, के होते हुए पहलगाम में इतना घातक नरसंहार कैसे हो गया?

ये लोग यह आरोप भी लगा रहे हैं कि डेका उन 26 निर्दोष लोगों की मौतों के लिए सीधे जवाबदेह हैं, जिन्हें सीमा-पार के आतंकियों ने नृशंसतापूर्वक गोलियों से उड़ा दिया। ये हत्यारे जबरदस्त संरक्षित नियंत्रण रेखा को पार कर पाकिस्तान से भारत में आखिर घुस कैसे आये, यही नहीं, उन्होंने भारत-भूमि पर करीब 200 किलोमीटर की दूरी भी तय करली, और तपन डेका नामक इस तथाकथित सुपर स्पाई की सीधी देख-रेख में काम कर रहे दुर्जेय बल को उनके बारे में पता नहीं चला?

पहलगाम दुखान्तिका के एक महीने बाद भी, भारतीय जमीन पर मौजूद ये पाकिस्तानी आतंकी ढूढ़े नहीं जा सके हैं। क्या यह एक बहुत ही बड़े स्तर एवं आकार की लापरवाही, अक्षमता नहीं है, जिसकी कीमत 26 निर्दोष भारतीयों ने अपनी जान देकर चुकाई है?

## गाँव को नगर पालिका की सीमा से बाहर करने का आदेश स्थगित

जयपुर, 24 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के गत 27 मार्च के उस आदेश को स्थगित कर दिया है, जिसके तहत राजस्व ग्राम तोडिया का बास को बानसूर नगर पालिका की सीमा से बाहर किया गया था। इसके साथ ही, अदालत ने मामले में प्रमुख स्वायत्त

- हाईकोर्ट में पेश याचिका के अनुसार नगर पालिका की सीमा में शामिल ग्राम को सीमा से बाहर करने की शक्ति नगर पालिका अधिनियम में नहीं है।

शासन सचिव, डीएलबी निदेशक, पंचायती राज सचिव, कोटपूतली-बहरोड़ कलेक्टर और नगर पालिका बानसूर सहित, अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अनिल उपमन की एकलपीठ ने ये आदेश स्थानीय निवासी बंसी राम व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी अस्पताल में भर्ती जे. एण्ड के. के पूर्व गवर्नर से मिलने गए

## सतपाल मलिक 11 मई से अस्पताल में हैं तथा आजकल डायलिसिस पर चल रहे हैं

- राहुल गांधी ने कुछ देर सतपाल मलिक से बात की और कहा, सच के लिए लड़ाई में वे सतपाल मलिक के साथ हैं।
- 22 मई को सीबीआई ने तीन साल की जाँच-पड़ताल के बाद सतपाल मलिक के खिलाफ चार्जशीट पेश की न्यायालय में 2200 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले किरू हाइड्रो पावर प्रोजैक्ट में सिविल काम का ठेका देने के मामले में।
- राहुल गांधी ने पुंछ में पाकिस्तान के आतंकी हमले में मरे तेरह जनों के परिवार से भी मुलाकात की। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा, वे राहुल गांधी को पहले ही बुलाना चाहते थे, पर, उन्हें आने की इजाज़त नहीं मिल पाई थी।

- डॉ. सतीश मिश्रा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 24 मई। कांग्रेस नेता तथा लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कल शाम जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की कुशल-क्षेम पूछने गये। ज्ञातव्य है कि मलिक काफी बीमार हैं तथा दिल्ली के आर एम एल अस्पताल में भर्ती हैं। आज सुबह राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में गये तथा इस महीने के शुरू में भारत-पाक संघर्ष के दौरान पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मिले।

कल शाम साढ़े पांच बजे राम मनोहर लोहिया अस्पताल जाकर, राहुल गांधी ने मलिक की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली तथा उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों से चर्चा की। मलिक 11 मई को अस्पताल में भर्ती हुए थे तथा इस समय डायलसिस पर हैं।

गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज मैं राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक जी से मिला तथा उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। आशा करता हूं कि वे शीघ्र ही ठीक हो जायेंगे। मैं सत्य की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ा हूं।''

सूत्रों ने कहा, ''मलिक आज चार दिन बाद होश में आये। वे आई सी यू में भर्ती हैं तथा राहुल ने कुछ मिनट उनसे बातचीत की।''

22 मई को सी बी आई ने मलिक तथा पांच अन्य के खिलाफ किरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए दिये गये 2200 करोड़ रु. के सिविल वर्क्स के ठेके में कथित अनियमितताओं को लेकर चार्जशीट पेश की। तीन साल तक की जांच-पड़ताल के बाद, एक विशेष अदालत में मलिक तथा अन्य आरोपियों के खिलाफ यह चार्जशीट पेश की गई है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज सुबह जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में गये तथा वहां इस महीने के शुरू में भारत-पाक संघर्ष के दौरान पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित हुए परिवारों से मिले।

विदित ही है कि जम्मू-कश्मीर के पर्यटन केन्द्र पहलगाम के पास बैसारण में इस्लामाबाद समर्थित आतंकियों द्वारा पर्यटकों पर किये गये एक घातक हमले के बाद, भारत और पाकिस्तान बड़े और पूर्ण युद्ध के कगार पर पहुंच गये थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सेवारत कोटे से पीजी करने वालों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं

जयपुर, 24 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने सेवारत कोटे में मेडिकल पीजी डिप्लोमा कर रहे प्रार्थी का ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं करने पर प्रमुख चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सचिव और निदेशक, नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जाम सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन ने ये आदेश डॉ. संजय

- हाईकोर्ट ने प्रमुख चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सचिव तथा निदेशक नेशनल बोर्ड ऑफ एग्ज़ाम से जवाब मांगा।

शर्मा की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ता ने इन सर्विस अभ्यर्थी के तौर पर साल 2023 में नीट पीजी परीक्षा दी थी। उसे मेरिट में आने पर काउंसलिंग के जरिए अक्टूबर 2023 में राजकीय सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'विकसित राजस्थान 2047 का विज़न डॉक्युमैंट तैयार हो रहा है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने नीति आयोग में जल व ऊर्जा सुरक्षा के लिए अधिक सहयोग का अनुरोध किया

- मुख्यमंत्री ने ऊर्जा सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए बैट्री स्टोरेज के लिए 5000 मेगावॉट आवर का अतिरिक्त लक्ष्य आवंटित करने तथा 40 गीगावॉट अतिरिक्त ऊर्जा के इवेक्युएशन हेतु प्लान तत्काल बनाने का अनुरोध किया।
- उन्होंने कहा कि पौंग बाध में पूर्ण क्षमता तक जल भराव के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाये तथा 51.5 किलोमीटर लम्बी फिरोजपुर फीडर की लाइनिंग के लिए स्वीकृति प्रदान की जाये।

नई दिल्ली/जयपुर, 24 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को नई दिल्ली के भारतमंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से चर्चा की और प्रदेश में जल और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार से अधिक सहयोग का भी अनुरोध किया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विकसित राजस्थान का लक्ष्य हासिल करने के लिए हर पहलू पर तेजी से काम कर रही है। इसी दिशा में आर्थिक समृद्धि, सतत् विकास और समावेशी प्रगति को केन्द्र में रखते हुए नीति आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 'विकसित राजस्थान 2047' विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने रामजल सेतु लिंक परियोजना तथा यमुना जल समझौते को मूर्त रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये जल परियोजनाएं विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगी।

मुख्यमंत्री ने बैठक में केन्द्र सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि पौंग बांध की कुल भराव क्षमता 1400 फीट ऊंचाई तक अनुमत है, लेकिन पर्याप्त वर्षा के दौरान भी इस बांध में अधिकतम सीमा तक जल भराव नहीं किया जा रहा है। पौंग बांध को पूर्ण क्षमता तक जल भराव करने के संबंध में शीघ्र निर्णय लिया जाए, जिससे भागीदार राज्यों को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान से जुड़े मुद्दों और मांगों को रखा।*

## सायबर ठगी में बैंक खाता नहीं विवादित राशि फ्रीज़ करें

जयपुर, 24 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि साइबर ठगी के मामले में उपभोक्ता के पूरे बैंक खाते को फ्रीज करने के बजाए खाते में आई विवादित राशि को ही फ्रीज किया जाना चाहिए। इसके साथ, ही अदालत ने आईसीआईसीआई बैंक को निर्देश दिए

- हाईकोर्ट ने आई.सी.आई.सी.आई. बैंक को याचिकाकर्ता के बैंक खाते को डीफ्रीज़ करने के निर्देश दिये।

हैं कि वह याचिकाकर्ता के बैंक खाते को डीफ्रीज करे और सिर्फ खाते में आए विवादित 55,141 रुपए की फ्रीज करे। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता जांच में बैंक और अनुसंधान अधिकारी का सहयोग करें। वहीं, जांच लंबित रहने के दौरान खाते को बंद भी नहीं किया जाए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

**वह जो अपने प्रियजनों से अत्यधिक जुड़ा हुआ है। उसे चिंता और भय का सामना करना पड़ता है। क्योंकि सभी दुःखों कि जड़ लगाव है। इसलिए खुश रहने कि लिए लगाव छोड़ दीजिये। –चाणक्य सुविचार**

# व्याधिक्षमत्व क्या है?

लगभग 5000 वर्ष पूर्व की बात है। भगवान आत्रेय के शिष्य अग्निवेश ने अपने गुरु से एक प्रश्न किया: भगवन! देखने में आता है कि हितकारी आहार का उपयोग करते हुये भी कुछ लोग रोगी हो जाते हैं, जबकि अहितकारी आहार लेते हुये भी कुछ लोग निरोगी देखे जाते हैं। ऐसी स्थिति में क्या अच्छा है और क्या बुरा इसकी पहचान कैसे की जाये? इस प्रश्न का जो उत्तर आत्रेय ने दिया, वह आज भी यथावत विज्ञान–संगत है। आत्रेय का उत्तर था:–अग्निवेश! हितकारी आहार करने वाले लोगों में आहार के कारण होने वाले रोग उत्पन्न नहीं होते और हितकारी आहार लेने मात्र से समस्त रोगों का भय दूर नहीं हो जाता। हानिकारक भोजन के अलावा भी रोगों के तमाम कारण, जैसे ऋतुओं का विपरीत होना, प्रज्ञापराध या जानबूझकर गलती करना, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध का अतियोग, मिथ्या योग एवं विषम योग आदि ऐसे कारण हैं जो उचित भोजन लेने के बावजूद भी मनुष्य को बीमार कर देते हैं। इसीलिये हितकारी आहार लेने वाले रोगी हो जाते देखे जाते हैं। हानिकारक आहार का उपयोग करने वालों में पथ्य, आहार, व शरीर की स्थिति में भिन्नता होने से हानिकारक आहार तुरन्त हानि नहीं पहुंचा पाते। सभी अपथ्य बराबर दोष वाले नहीं होते, न ही सभी दोष बराबर बलवान होते, और न सभी शरीर व्याधिक्षमत्व या रोग प्रतिरोधक क्षमता से संपन्न होते (न च सर्वाणि शरीराणि व्याधिक्षमत्वे समर्थानि भवन्ति। च.सू.28.7)। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि एक ही अपथ्य आहार जगह, समय, संयोग, वीर्य, व मात्रा की भिन्नता के कारण या ज्यादा खा लेने से और अधिक अपथ्य हो जाता है। वही दोष विविध कारणों से, विरुद्ध चिकित्सा वाला, धातुओं में पहुंचा हुआ, शरीर के प्राणायतनों में उत्पन्न, मर्म पर चोट करने वाला, अत्यंत कष्टदायी अतिशय जल्दी रोगों को उत्पन्न करने वाला होता है। अंत में आत्रेय यह भी बताते हैं कि मूल रूप से शरीर की बनावट भी नैसर्गिक व्याधिक्षमत्व पर प्रभाव डालती है। बहुत मोटे या बहुत दुबले लोग, रक्त, मांस, व अस्थियों के सुसंगठित न होने के कारण बेडौल शरीर वाले लोग, दुर्बल, अल्पसत्त्व या कमजोर मनोबल वाले लोगों में रोगों को सहने की क्षमता नहीं होती। जबकि इनके उलट लक्षणों वाले लोगों में रोगों को सहने की क्षमता होती है। इन अपथ्य आहारों, दोषों व शरीर की भिन्नता के कारण बीमारियाँ भी कम या ज्यादा, जल्दी या देर से उत्पन्न होती हैं।

अब आपको यह स्पष्ट हो गया होगा कि क्यों कुछ लोग प्राय: कभी बीमार नहीं पड़ते। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिनमें जीवन के अंतिम दिन तक लगभग सभी क्लिनिकल पैरामीटर्स सामान्य बने रहते हैं। जैसा कि आपने पूर्व में पढ़ा, वस्तुत: इस चमत्कार के पीछे कोई चमत्कार नहीं बल्कि व्याधिक्षमत्व है। प्राचीन भारत के महर्षि–वैज्ञानिक आचार्य चरक व्याधिक्षमत्व सिद्धांत–प्रिन्सिपल ऑफ़ इम्यूनिटी–के जनक माने जाते हैं।

जिस व्यक्ति का सहज (इनेट) या युक्तिकृत (डेराइव्ड) व्याधिक्षमत्व मज़बूत है वह मुश्किल से ही बीमार पड़ता है। यदि बीमार पड़ भी जाये तो बीमारी अपना बल मुश्किल से ही दिखा पाती है। व्याधिक्षमत्व में दो शब्द निहित हैं, व्याधि एवं क्षमत्व। व्याधि का तात्पर्य शरीर की धातुओं (रस, रक्त, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा, शुक्र) में विषमता उत्पन्न होना है। क्षमत्व से तात्पर्य इस विषमता को न होने देने की क्षमता है। मानसिक बीमारियों के सन्दर्भ में सत्त्व गुण जितना अधिक होगा, व्याधिक्षमत्व उतना ही बेहतर होगा। शरीर में सहज व्याधिक्षमत्व के सन्दर्भ में यह बात महत्वपूर्ण है कि शरीर में दुरुस्त मांसपेशियों, संरचना, स्वरुप व मज़बूतइन्द्रियों वाला व्यक्ति रोगों के बल से कभी प्रभावित नहीं होता। भूख, प्यास, ठंडी, गर्मी, व्यायाम को ठीक से सहन करने वाला, सम अग्नि वाला, बुढ़ापे की उम्र में ही बूढ़ा होने वाला, मांसपेशियों के सही चय वाला व्यक्ति ही स्वस्थ है (च.सू.21.18): सममांसप्रमाणस्तुसमसंहननोनरः। दृढेन्द्रियोविकाराणां न बलेनाभिभूयते।।क्षुत्पिपासातपसहः शीतव्यायामसंसहः। समपक्तासमजरः सममांसचयोमतः।।

आधुनिक वैज्ञानिक संदर्भ में व्याधिक्षमत्व को इम्यूनिटी कहा जाता है। यह प्रतिरक्षा तंत्र संक्रमण, बीमारी या अन्य अवांछित तत्वों के आक्रमण से बचने के लिये शरीर को सुरक्षा प्रदान करता है। किसी व्यक्ति में व्याधिक्षमत्व में कमी होने से शरीर इम्यूनो–कॉम्प्रोमाइज्ड स्थिति में आ जाता है। ऐसी स्थिति में शरीर की रोग–प्रतिरोधक क्षमता कम होने से रोगजनन आसानी से होता है। इम्यूनिटी किसी व्यक्ति के शरीर में विशिष्ट एन्टीबॉडी या श्वेत रक्त कौशिकाओं की क्रिया से किसी विशेष संक्रमण, विषाक्त पदार्थ या हानिकारी जीवन–शैली से होने वाले रोगों का प्रतिरोध करने की क्षमता के रूप में समझा जाता है।

**जिस व्यक्ति का सहज (इनेट) या युक्तिकृत (डेराइव्ड) व्याधिक्षमत्व मज़बूत है वह मुश्किल से ही बीमार पड़ता है। यदि बीमार पड़ भी जाये तो बीमारी अपना बल मुश्किल से ही दिखा पाती है। व्याधिक्षमत्व में दो शब्द निहित हैं, व्याधि एवं क्षमत्व। व्याधि का तात्पर्य शरीर की धातुओं (रस, रक्त, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा, शुक्र) में विषमता उत्पन्न होना है। क्षमत्व से तात्पर्य इस विषमता को न होने देने की क्षमता है।**

व्याधिक्षमत्व को परिभाषित करते हुये चरकसंहिता के दिग्गज टीकाकार आचार्य चक्रपाणि ने लगभग 900 साल पहले लिखा (च.सू. 28.7 पर चक्रपाणि): व्याधिक्षमत्वं [illegible] व्याध्युत्पादप्रतिबन्धकत्वमिति यावत्। तात्पर्य यह है कि व्याधिबल की विरोधिता व व्याधि की उत्पत्ति में प्रतिबंधक होना व्याधिक्षमत्व है। अभिप्राय यह है कि शरीर में उत्पन्न बीमारी केबल या तीक्ष्णता को रोकने और बीमारी की उत्पत्ति को रोकने वाली क्षमता को व्याधिक्षमत्व कहा जाता है।

व्याधिक्षमत्व को बल, ओज और प्राकृत श्लेष्मा के रूप में भी जाना जाता है। बल वह शक्ति है जिसके द्वारा शरीर विभिन्न चेष्टाओं से कार्य संपन्न करता है। इस कार्योत्पादक शक्ति को व्यायाम–शक्ति से जाना देखा जाता है। बल के तीन प्रकार हैं (च.सू.11.36): त्रिविधंबलमिति– सहजं, कालजं, युक्तिकृतं च। सहजंयच्छरीरसत्त्वयोः प्राकृतं, कालकृतमृतुविभागजंवयः कृतं च, युक्तिकृतंपुनस्तद्यदाहारचेष्टायोगजम्। बल तीन प्रकार के होते हैं। सहज बल शरीर और मन पर आधारित होता है। उम्र के साथ शरीर की वृद्धि से प्राप्त बल को कालज बल कहा जाता है। खान–पान, जीवन–शैली और व्यायाम आदि की युक्ति से प्राप्त बल को युक्तिकृत बल कहा जाता है। रोग से रक्षा करने वाले को बल कहा जाता है। व्याधिक्षमत्वको ओज और ओज को बल के रूप में भी समझा जाता है (सु.सू.15.19) रसादीनांशुक्रान्तानां धातूनांयत्परंतेजस्तत्खल्वोजस्त देवबलमित्युच्यते स्वशास्त्रसिद्धान्तात्। रसादिक तथा शुक्रान्त धातुओं के उत्कृष्ट सार भाग को ओज कहते हैं तथा आयुर्वेद के अनुसार उसी का दूसरा नाम बल है। यही बल व्याधियों से शरीर की रक्षा करता है। यहाँ एक बात समझना आवश्यक है ओज और बल हालाँकि एक कहे गये हैं किन्तु ओज को कारण और बल को कार्य माना जाता है। ओज का रूप, रस और वर्ण होने से द्रव्य है जबकि बल इसका कार्य है। यहाँ व्याधिक्षमत्व के सन्दर्भ में बल (कार्य) और कारण (ओज) को एक मान लिया जाता है। इसी सन्दर्भ में प्राकृत कफ को बल या व्याधिक्षमत्व का कारण माना जाता है (च.सू.17.117): प्राकृतस्तुबलं श्लेष्मा विकृतो मल उच्यते। स चैवौजःस्मृतःकाये स च पाप्मोपदिश्यते।। यही कारण है कि कफज प्रकृति में उत्तम बल, पित्तज प्रकृति के व्यक्तियों में मध्यम बल तथा वातज प्रकृति के व्यक्तियों में अवर बल होता है।

इस प्रकार व्याधिक्षमत्व का तात्पर्य व्याधि–बल का विरोध शरीरगत बल द्वारा किया जाता है। व्याधिक्षमत्व को प्रभावित करने वाले विभिन्न भावों को दशविधि रोगी परीक्षा के भावों में भी देखा जाता है। उदहारण के लिये व्यक्ति की मूल प्रकृति का बल से सीधा सम्बन्ध होता है। सबसे उत्तम सम प्रकृति (वात–पित्त–कफज) है, परन्तु किसी जनसंख्या में समप्रकृति वाले बहुत कम होते हैं। अत: व्यवहार में कफ प्रकृति वालों को बेहतर बल वाला माना जाता है। इसके साथ ही सार भी बल को प्रभावित करता है। सारयुक्त से तात्पर्य यह है कि व्यक्ति में साररूप धातुओं का नियमित निर्माण होता है। सार धातुओं के सम्यक प्रकार से उत्पन्न होते रहने पर शरीर में व्याधिक्षमत्व बढ़िया बना रहता है। जैसा कि पूर्व में चर्चा की गयी है, बल का मुख्य कारक ओज है जो सभी धातुओं का सार है। साररूप में यह सभी धातुओं में व्याप्त होकर धातुओं की रक्षा करता है। व्याधिक्षमत्व को प्रभावित करने वाले अन्य भावों में सात्म्य, सत्त्व, अग्नि, शारीरिक–शक्ति व वय हैं। अग्निबल को आहार करने की क्षमता से परखा जा सकता है। आहार–शक्ति (आहार की मात्रा) अग्निबल पर आश्रित है। यदि व्यक्ति की आहार शक्ति मज़बूत है तो भोजन का पाचन और धातुओं की पुष्टि यथोचित होने से शरीर मज़बूत रहता है। व्यायाम–शक्ति या शारीरिक रूप से श्रम करने की शक्ति भी बल का संकेतक है। व्यक्ति की वय या उम्र का भी बल से संबंध होता है। युवावस्था में उत्तम बल और जरा या बुढ़ापा आने पर बल कम रहता है।

व्याधिक्षमत्वकारोगों से बचाव और उपचार में अनिवार्यता को देखते हुये यह प्रश्न स्वाभाविक है कि व्याधिक्षमत्व को बढ़ाने के लिये कौन सी युक्ति का क्रियान्वयन किया जाये? व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लिये बल व ओज की वृद्धि में सहायक द्रव्यों और क्रियाओं का इस प्रकार युक्तिपूर्वक नियमित सेवन करना चाहिये, जिससे व्याधिक्षमत्व का संरक्षण व वृद्धि हो किन्तु प्रकृति, अग्नि, धातुओं व मलक्रिया का समत्व तथा आत्मा, इन्द्रियों व मन की प्रसन्नता यथावत बनी रहे। यह विषय इतना विस्तृत है कि पूरा आयुर्वेद इसमें समाहित है। तथापि संक्षेप में व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लिये सात रक्षा–दीवारों की निरंतर और सम्यक सार–सम्हाल करना आवश्यक है। इनमें (1) आहार या खानपान, (2) विहार या जीवनशैली, (3) स्वस्थवृत्त या व्यक्तिगत स्वास्थ्य विषयक क्रियायें, (4) सद्वृत्त या व्यक्तिगत सदाचरण, (5) पंचकर्म या शारीरिक विषाक्तता को बाहर करने के लिये आयुर्वेद की पांच प्रक्रियायें, (6) रसायन या उम्र–आधारित रोगजनन को रोकने हेतु कायाकल्प उपाय, और अंततः (7) औषधि या चिकित्सा शामिल हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# शराब पीने वाले का दोष या उसके जीन्स?



अशोक कुमार

यह सच है कि कुछ लोगों में आनुवंशिक भिन्नताओं के कारण शराब के प्रति सहनशीलता अधिक होती है। इसका मतलब है कि उन्हें शराब के प्रभाव महसूस करने के लिए अधिक मात्रा में शराब की आवश्यकता होती है। यह स्थिति उन्हें अधिक शराब पीने के लिए प्रेरित कर सकती है, जिससे शराब की लत का खतरा बढ़ जाता है।

**शराब के चयापचय में शामिल जीन:–**

ADH (Alcohol dehydrogenase): यह एंजाइम शराब को एसिटाल्डिहाइड में परिवर्तित करता है, जो एक विषैला पदार्थ है। कुछ लोगों में ADH जीन के प्रकार के कारण यह प्रक्रिया तेजी से होती है, जिससे एसिटाल्डिहाइड का निर्माण अधिक होता है।

ALDH (Aldehyde dehydrogenase): यह एंजाइम एसिटाल्डिहाइड को एसिटिक एसिड में परिवर्तित करता है, जो कम हानिकारक होता है। कुछ लोगों में ALDH जीन के प्रकार के कारण यह प्रक्रिया धीमी होती है, जिससे शरीर में एसिटाल्डिहाइड जमा होता है। एसिटाल्डिहाइड के कारण मतली, उल्टी और अन्य अप्रिय प्रभाव होते हैं, जो शराब पीने की मात्रा को सीमित कर सकते हैं।

**आनुवंशिक कारकों का प्रभाव:–**

कुछ लोगों में, इन जीनों में भिन्नता के कारण, शराब का चयापचय धीमा हो सकता है, जिससे वे अधिक शराब पीते हैं और उन्हें कम नशा होता है। यह स्थिति शराब की लत के विकास के जोखिम को बढ़ा सकती है। इसका मतलब है कि उनके शरीर को शराब को संसाधित करने में अधिक समय लगता है, जिससे वे अधिक शराब पी सकते हैं ताकि वे वही प्रभाव महसूस कर सकें जो अन्य लोग कम मात्रा में शराब से महसूस करते हैं। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि आनुवंशिकी शराब की लत का एकमात्र कारण नहीं है।

**अन्य महत्वपूर्ण कारक:–**

पर्यावरण: बचपन के अनुभव, सामाजिक दबाव और तनाव जैसे पर्यावरणीय कारक भी शराब की लत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**व्यक्तिगत विकल्प:** व्यक्ति के अपने निर्णय और व्यवहार भी शराब की लत में योगदान करते हैं।

**निष्कर्ष:–** यह कहना सही नहीं है कि किसी व्यक्ति का शराब के प्रति अधिक सेवन पूरी तरह से उसके जीन्स के कारण होता है। आनुवंशिकी एक भूमिका निभाती है, लेकिन पर्यावरणीय और व्यक्तिगत कारक भी महत्वपूर्ण हैं। शराब की लत एक जटिल स्थिति है जिसके लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर**

# 970 इंग्लिश स्कूलों में संकाय मंजूरी के बाद 11वीं कक्षा में प्रवेश होंगे

## कक्षा 11 में संकाय स्वीकृति के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भिजवाए

**बीकानेर,** (निसं)। शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों में संकाय स्वीकृति के प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे राज्य के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 7 मई से शुरू कर दी गई है, लेकिन प्रदेश के लगभग 970 इंग्लिश स्कूलों में 11वीं कक्षा के प्रवेश की प्रक्रिया संकाय स्वीकृति के बाद शुरू की जाएगी।

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार की ओर से शिक्षा सत्र 2021–22 में शुरू किए गए इन स्कूलों में नई शिक्षा सत्र 2025–26 से 11वीं कक्षा शुरू होगी। कक्षा 11 में संकाय स्वीकृति के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य सरकार को प्रस्ताव भिजवाए हैं। प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलने के बाद 11वीं कक्षा में प्रवेश का विद्यार्थियों को मौका मिलेगा। संभावना जताई जा रही है कि अधिकांश स्कूलों में विज्ञान संकाय की स्वीकृति मिल सकती है।

महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की समीक्षा के लिए गठित

**■ प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलने के बाद 11वीं कक्षा में प्रवेश का विद्यार्थियों को मौका मिलेगा, संभावना जताई जा रही है कि अधिकांश स्कूलों में विज्ञान संकाय की स्वीकृति मिल सकती है**

कमेटी ने आंकलन किया कि शहर व गांवों में आंकलन के बाद संकाय खोले जाएं। वहीं बच्चों में विज्ञान विषय पढ़ने के प्रति क्रेज और विज्ञान संकाय की न्यूनता को देखते हुए विज्ञान संकाय खोलने की अनुशंसा की है। इसके तहत महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूलों में साइंस फैकल्टी खोले जाने की संभावना अधिक है। महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है अभ्यर्थी 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन आने पर 17 जून को ऑनलाइन लॉटरी के जरिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने 12वीं कक्षा के नतीजे गुरुवार को घोषित कर दिए हैं। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी मई के अंतिम सप्ताह तक घोषित होने की संभावना है। इन 970 स्कूलों से 10वीं कक्षा की परीक्षा में इस साल शामिल हुए अनेक अभ्यर्थी संकाय स्वीकृति होने के बाद इन्हीं स्कूलों आगे का अध्ययन जारी रख सकेंगे।

# गंगनहर में पानी की मात्रा बढ़ाई, किसानों को राहत मिलने की उम्मीद

## नहर में चल रहा 1750 क्यूसेक पानी, किसानों ने चक्काजाम स्थगित किया

**श्रीगंगनगर,** (निसं)। जिले में गंगनहर में घटती पानी की आपूर्ति से नाराज किसानों के लिए राहत की खबर है। पिछले दिनों से नहर में हो रही कम पानी की आपूर्ति को लेकर जिलेभर के किसानों में गुस्सा था, जिसके बाद गंगनहर में अब पानी की मात्रा बढ़ाई गई है। इससे किसानों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

कल दिनभर पानी की आवक में उतार–चढ़ाव रहा। दोपहर तक खखां हैड पर पानी घटकर 1400 क्यूसेक रह गया था। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई थी। शाम तक जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने पंजाब के अधिकारियों से बात की। इसके बाद पानी की आवक बढ़कर 1718 क्यूसेक हो गई। इसी बीच संयुक्त किसान मोर्चा के शिष्टमंडल ने जिला कलेक्टर, जल संसाधन विभाग और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। बैठक में तय हुआ कि गंगनहर में तय हिस्से के अनुसार पानी की आपूर्ति की जाएगी। पंजाब और राजस्थान में नहरों से पानी चोरी रोकी जाएगी। सिंचाई से जुड़ी समस्याओं पर विशेष बैठक होगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा। इन सहमतियों के बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने आज होने वाला चक्का जाम स्थगित कर दिया। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक नेशनल हाईवे पर प्रस्तावित था। किसानों ने प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया है। चेतावनी दी कि तय समय में समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने कहा कि खेतों के लिए पूरी मात्रा में पानी और बीमा योजना का लाभ नहीं मिला, तो वे मजबूती से संघर्ष करेंगे।

**■ पिछले दिनों से नहर में हो रही कम पानी की आपूर्ति को लेकर जिलेभर के किसानों में गुस्सा था, जिसके बाद गंगनहर में अब पानी की मात्रा बढ़ाई गई है**

# प्रोजेक्ट दिव्यांग सारथी : 151 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की

**राजसमंद,** (निसं)। जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में जिला प्रशासन की पहल प्रोजेक्ट दिव्यांग सारथी शनिवार को साकार हुई। सरकार एवं भामाशाहों के सहयोग से मिले लाभ को पाकर हर एक के चेहरे पर मुस्कान थी और हर कोई जिला प्रशासन की पहल का आभार प्रकट कर रहा था। शहर के सौ फीट रोड स्थित भिक्षु निलयम परिसर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, संभागीय आयुक्त उदयपुर प्रज्ञा केवलरमानी, एनके प्रोटीन्स प्राइवेट लिमिटेड से प्रियांशी पटेल, शुभकाम वेंचर्स की प्रतिनिधि डॉ. विमल कावडिया, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा, एसपी मनीष त्रिपाठी, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृज मोहन बैरवा, एसडीएम बृजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं सहित शिक्षा, स्वच्छता एवं हर क्षेत्र में आज राजसमंद अग्रणी हैं। सम्भागीय आयुक्त केवलरमानी ने प्रशासन के अभियानों और नवाचारों को लेकर प्रशंसा की। भामाशाह प्रियांशी पटेल ने कहा कि उनकी संस्था जनहित के कार्यों में आगे भी प्रतिबद्धता से भागीदारी सुनिश्चित करेंगी।

प्रोजेक्ट के तहत तीन प्रमुख संस्थाओं एमपी तापड़िया फाउंडेशन जसवंतगढ़ एवं मुंबई, एनके प्रोटीन्स प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद तथा शुभकाम वेंचर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड लाडनूं एवं मुंबई द्वारा चलन असमर्थता वाले दिव्यांगजन के लिए 151 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल भेंट की गई, जिनमें से अधिकांश का समारोह में वितरण किया गया। मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरण से पहले सांसद, सम्भागीय आयुक्त, भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों ने प्रत्येक दिव्यांग का उपरना ओढाकर सम्मान किया। साथ ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से 22 मस्कुलर डिस्ट्रोफी पीड़ितों को इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर वितरित की गई। 52 दिव्यांगजन को मुख्यमंत्री स्वरोजगार ऋण योजना के तहत 44 लाख रुपये के स्वरोजगार ऋण वितरित किया गया, जबकि गत वर्षों में 7 या 8 आवेदन ही प्रतिवर्ष स्वीकृत हुए। इसी तरह 1 जनवरी से अब तक स्वावलंबन योजना के तहत 1474 यूडीआईडी (दिव्यांग कार्ड) जारी किए गए। अभियान अवधि में 142 दिव्यांगजन की पेंशन स्वीकृत हुई तो वहीं एक पात्र जोडे को सुखद दाम्पत्य जीवन योजना का लाभ भी मिल गया।



**राजसमंद में आयोजित प्रोजेक्ट दिव्यांग सारथी के जिला स्तरीय कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित की।**

## राशिफल रविवार 25 मई, 2025



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, अश्विनी नक्षत्र दिन 11:12 तक, सौभाग्य योग दिन 11:06 तक, वणिज करण दिन 11:12 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–मेष, मंगल–कर्क, बुध–वृष, गुरू–मिथुन, शुक्र–मीन, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 11:12 तक है। भद्रा दिन 3:52 से रात्रि 2:02 तक है। आज से नौ तपा आरम्भ होगा। आज मास शिवरात्रि, सावित्री चतुरदशी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:20 से 9:01 तक, लाभ अमृत 9:01 से 12:23 तक, शुभ 2:05 से 3:46 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:08

**मेष**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज कार्य योजनानुसार सम्पन्न हो सकते हैं। घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृष**
आज मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**सिंह**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें।

**कन्या**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। संभावित धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**तुला**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**कुंभ**
परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज नये–पुराने मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

# एसएमएस अस्पताल लापरवाही का मामला उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन

## गर्भवती को चढ़ाया गया गलत ब्लड ग्रुप, चिकित्सा मंत्री ने बुलाई आपात बैठक

- तीन दिन में सौंपनी होगी रिपोर्ट, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई
- अस्पताल प्रशासन की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में हुई पुष्टि

**जयपुर।** प्रदेश के सबसे बडे सवाई मानसिंह अस्पताल में चिकित्सा लापरवाही का सनसनीखेज मामले में चिकित्सा विभाग में हड़कंप मचा दिया है। एसएमएस की जांच कमेटी ने अपनी जांच में माना है कि लापरवाही के चलते टोंक निवाई से भर्ती एक गर्भवती महिला को इलाज के दौरान गलत ब्लड ग्रुप चढ़ा दिया गया था, वहीं दूसरी ओर अस्पताल प्रशासन अभी इस पर अडा हुआ है कि महिला की स्थिति पहले से ही नाजुक थी, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने शनिवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज में उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। बैठक के बाद मंत्री ने पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन की घोषणा की, जो तीन दिन में मामले की विस्तृत रिपोर्ट पेश करेगी।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री खींवसर ने कहा है कि इस संवेदनशील मामले में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि महिला 9 मई से एसएमएस अस्पताल में भर्ती थी। उसकी हालत पहले से ही गंभीर थी। हीमोग्लोबिन कम, ऑक्सीजन लेवल गिरा हुआ और कई बीमारियों से ग्रसित होने के कारण वेंटीलेटर पर डिलीवरी की गई। इस दौरान ब्लड ट्रांसफ्यूजन के दौरान गलत ब्लड ग्रुप चढ़ाया गया, जिसकी पुष्टि खुद अस्पताल प्रशासन की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में हुई है।

मंत्री खींवसर ने स्पष्ट किया कि अस्पताल की ओर से पहले बनाई गई समिति की रिपोर्ट से संतुष्टि नहीं मिलने पर अब चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक मुकेश मीणा की अध्यक्षता में नई उच्च स्तरीय कमेटी बनाई गई है। इस समिति में एसएमएस पूर्व अधीक्षक डॉ. नरपत सिंह शेखावत, मेडिसिन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर मेहता, एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी, राजमेस की उप निदेशक डॉ. वंदना शर्मा शामिल है।

बैठक में चिकित्सा मंत्री ने सभी अधीक्षकों को निर्देशित किया कि आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर और क्रिटिकल केयर वार्ड में केवल प्रशिक्षित व अनुभवी स्टाफ को ही ड्यूटी पर लगाया जाए। इसके अलावा चिकित्सकों, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ का नियमित प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। इस आपात बैठक में चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, आयुक्त इकबाल खान, प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी सहित चिकित्सा महकमे के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस कमिश्नरेट में साइबर सपोर्ट सेंटर की शुरुआत



साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिये राजस्थान पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू और पुलिस महानिदेशक साइबर ( अपराध ) हेमंत प्रियदर्शी ने साइबर सपोर्ट सेंटर की शुरुआत की।

- ऑनलाइन खतरों की बढ़ती चुनौतियों को निटपने के लिए बनाया सेंटर
- साइबर अपराध से सबसे अधिक दो चार हो रहे हैं बच्चे

**जयपुर।** साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने सहित ऑनलाइन खतरों की बढती चुनौनियो को निटपने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय में शनिवार से राजस्थान का पहला साइबर सपोर्ट सेंटर शुरू किया गया है। इस सेंटर में साइबर ठगी के शिकार हुए लोगों की मदद की जाएगी। वहीं साइबर अपराध से कई बार महिलाएं और बच्चे परेशान होकर अवसाद में चले जाते हैं। ऐसे में यह सेंटर इस तरह के पीड़ितों की काउंसलिंग करने में मदद करेगा। साथ ही ट्रोमा से बाहर निकालने में मददगार साबित होगा।

राजस्थान पुलिस महानिदेशक यू आर साहू, पुलिस महानिदेशक साइबर (अपराध) हेमंत प्रियदर्शी ने इस सेंटर की शुरुआत की है। यह सेन्टर मुम्बई स्थित एनजीओ रेस्पोंसिबल नेटिजन्स द्वारा संचालित किया जाएगा और कोगटा फाउंडेशन इसमें आर्थिक सहयोग करेगा। यह सेंटर ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए लोगों को मुकाबला करने, साइबर अपराधों के पीड़ितों को तत्काल सहायता प्रदान करने और साइबर सेफ जयपुर अभियान के अंतर्गत साइबर वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया है।

साइबर क्राइम और उससे जुड़े आंकड़ों पर काम कर रही टीम ने बताया कि साइबर स्पेस का उपयोग करने वाले तीन में से एक बच्चे को ऑनलाइन बुलिंग का सामना करना पड़ता है। 70 प्रतिशत बच्चों को साइबर खतरों का हर स्टेज पर सामना करना पड़ा है। साइबर अपराध के 30 प्रतिशत मामले महिलाओं को लक्षित करते हैं। एनसीआरबी. के आंकड़ों के अनुसार फाइनेंस साइबर अपराध के मामलों में 24.5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। अकेले साइबर धोखाधड़ी के कारण 2024 में 2054 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ।

राजस्थान में हर साल लगभग 3000 साइबर मामले दर्ज किए जा रहे हैं। इनमें से 47.25 प्रतिशत पैसों से जुड़ा अपराध है। 30.16 प्रतिशत यूपीआई. घोटाले से सम्बन्धित है। 12 प्रतिशत सोशल मीडिया से सम्बन्धित है। 11 प्रतिशत यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित है। साइबर अपराधों में लोगों ने पिछले तीन साल में 1581 करोड़ रुपए गवा दिए। समय पर हस्तक्षेप के कारण पुलिस 676 करोड़ रुपए होल्ड करा सकी है। साइबर हेल्पलाइन पर साइबर स्टॉकिंग, साइबर बुलिंग और अन्य प्रकार से परेशान किया जाता है। विशेष रूप से महिलाओं के शिकार होने के बारे में हर दिन लगभग 10/15 कॉल आते है।

साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, साइबर स्टॉकिंग, रिवेंज पोर्न और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी सहित ऑनलाइन संकट के पीड़ितों को मुफ्त मनोवैज्ञानिक, कानूनी और तकनीकी सहायता प्रदान करना। शिक्षा, प्रशिक्षण और जागरूकता अभियानों के माध्यम से साइबर अपराधों के जोखिम को कम करने के लिए उपाय अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना।

इंटरनेट की लत,ऑनलाइन उत्पीड़न या साइबर अपराधों के मनोवैज्ञानिक प्रभावों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए उपचार की सेवा प्रदान करना। एक सुरक्षित डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी एजेंसियों, कानून प्रवर्तन और कॉर्पोरेट क्षेत्र के साथ निरंतर जुड़ाव के माध्यम से साइबर कल्याण की वकालात करना।



जयपुर में हाथों में तिरंगा थामे हजारों लोग गुर्जर की थड़ी चौराहे से बैकुंठनाथ मंदिर सोडाला तक चिलचिलाती धूप में पैदल चले। प्रचंड गर्मी के बावजूद वे पूरी ताकत से भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, वंदे मातरम के जयघोष लगाते हुए न्यू सांगानेर रोड को गुंजायमान कर रहे थे। यात्रा का नेतृत्व परमवीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर होशियार सिंह दहिया और मेजर शैतान सिंह के परिवार ने किया। यात्रा में डीजे पर बजते देश भक्ति तराने युवाओं में जोश और उत्साह का संचार करते हुए थिरकने को मजबूर कर रहे थे। वहीं, भारत माता, जम्मू-कश्मीर में बफीर्ली पहाड़ियों पर सीमा की रक्षार्थ तैनात वीर जवानों और तोप की झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

## राजापार्क में निकाली तिरंगा यात्रा

**जयपुर।** देश की सेना और वीर जवानों के सम्मान में आज मालवीय नगर विधानसभा के राजापार्क मंडल में तिरंगा यात्रा को विधायक कालीचरण सराफ ने रवाना किया। मंडल अध्यक्ष मोहित मूलचंदानी ने बताया कि तिरंगा यात्रा राम मंदिर से शुरू होकर पंचवटी सर्किल,राजा पार्क चौराहा होते हुए परनामी मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। इस तिरंगा यात्रा में जगह-जगह पर व्यापार मंडल एवं स्थानीय निवासियों द्वारा 20 जगह पर पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। इस रैली में महिलाओं की भी सक्रिय रूप से भागीदारी रही। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह, जसबीर सिंह, जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्माकुमार सैनी, हिमांशु जैन, रमेश गुलाटी,महेश सैनी बच्चू, बलदेव सिंह, लक्ष्मण नूनीवाल, उषा टाटीवाल, कविता कटियार, धनराज महावर,हरीश खड़िया, प्रिया यादव,नरेंद्र कौर, राजेश शर्मा, दीनदयाल सैनी एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता स्थानीय निवासी एवं व्यापारी बंधु शामिल हुए।

## जोधपुर विश्वविद्यालय में पेंशनर्स को छह माह से पेंशन नहीं

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय पेंशनर्स एसोसिएशन (रूपा) कार्यकारिणी की आज आपातकालीन बैठक विश्वविद्यालय अतिथि गृह में आयोजित की गई, इस बैठक में राज्य पोषित विश्वविद्यालयों, विशेष रूप से जय नारायण विश्वविद्यालय जोधपुर में पिछले 6 माह से विश्वविद्यालय कर्मियों को पेंशन जारी नहीं किए जाने जैसे विषय की गंभीरता से जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई, वह चर्चा के बाद कार्यकारिणी से जुड़े सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया , कि इस गंभीर विषय के संबंध में राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से एक विशाल धरना 26 मइ को राजस्थान विश्वविद्यालय कुलपति सचिवालय के समक्ष आयोजित किया जाएगा।

धरने में राजस्थान विश्वविद्यालय से जुड़े सभी पेंशनर्स भाग लेंगे। पेंशनर्स एसोसिएशन ने विश्वविद्यालय से जुड़े कर्मियों व सभी पेंशनर्स से यह आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस धरने में शामिल हो, जिससे इस स्थिति का भविष्य में किसी को भी सामना नहीं करना पड़े।

# राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं पर सख्त निगरानी, कोताही पर होगी सख्त कार्रवाई

- प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को 'पेशेंट फ्रेंडली' बनाने के निर्देश, लू-तापघात प्रबंधन पर विशेष ज़ोर
- सिलिकोसिस पीड़ितों को मिले तत्काल राहत, फर्जीवाड़े पर कड़ी कार्रवाई

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर बड़ा फैसला लेते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने साफ कहा है कि सेवाओं में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ज़रूरतमंदों को समय पर जांच, दवा और उपचार मिलना सुनिश्चित किया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने शनिवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में सभी जिलों के चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच राजधानी से गांव-ढाणी तक मजबूत होनी चाहिए। लू-तापघात की स्थिति को देखते हुए तैयारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के आदेश दिए गए हैं।

राठौड़ ने निर्देश दिए कि जांच, दवा, उपचार, उपकरणों की उपलब्धता और क्रियाशीलता की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। कोई भी मरीज जांच मशीनें खराब होने के कारण परेशान न हो, इसके लिए संस्थानों में समय पर मेंटीनेंस कराया जाए। जांच मशीनें लंबे समय तक अक्रियाशील रहीं तो संस्थान प्रभारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। स्टाफ की कमी होने पर संविदा पर भर्ती कर तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

प्रमुख शासन सचिव ने निरामय राजस्थान को मिशन मोड में चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 30 वर्ष से अधिक आयु के हर नागरिक की एनसीडी स्क्रीनिंग का लक्ष्य समय पर पूरा किया जाए। साथ ही टीबी मुक्त भारत अभियान को और अधिक गति देने की जरूरत बताई गई।

सिलिकोसिस पीड़ितों को योजनाओं का लाभ देने में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए गए। लेकिन फर्जी दस्तावेज या जांच रिपोर्ट के ज़रिए लाभ उठाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। राज्य के सभी चिकित्सा संस्थानों को फायर सेफ्टी ऑडिट तत्काल कराने, भवनों का समय-समय पर निरीक्षण करने और ज़रूरत पड़ने पर मरम्मत करवाने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर जांच अभियान चलाने और स्ट्रीट फूड से लेकर बड़े खाद्य उत्पादकों तक की सख्त निगरानी के आदेश दिए गए हैं। दिव्यांगजन प्रमाण-पत्र के लंबित मामलों को तीन महीने में समाप्त करने की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। कोई दिव्यांगजन प्रमाण के लिए चक्कर न काटे, यह सुनिश्चित करने को कहा गया।

# चार कैदी चकमा देकर हुए फरार

## जेल से इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल लेकर आए थे

- कई घंटे के प्रयास के बाद एसएमएस अस्पताल से कैदियों को अलग-अलग जगह से किया गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर सेंट्रल जेल से इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल लेकर आए चार कैदी पुलिस गार्ड और डॉक्टर को चकमा देकर फरार हो गए। इस सूचना के बाद पुलिस में खलबली मच गई। आनन फानन में पुलिस ने कड़ी नाका बंदी करवाई।

इस सूचना के बाद पुलिस कमिश्नर सहित अन्य अधिकारियों ने मिलकर सर्च अभियान शुरू किया और कई घंटे के प्रयास के बाद एसएमएस अस्पताल से भागे कैदियों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर लिया।

एडिशनल डीसीपी आसाराम ने बताया की शनिवार दोपहर को चार कैदियों को इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल लेकर गए थे । जहां से कैदी पुलिस गार्ड और डॉक्टर को चकमा देकर फरार हो गए। कई घंटे तक चल सर्च अभियान के बाद पुलिस ने दो बडियो को जालूपुरा से और दो कैदियों को जयपुर और एयरपोर्ट के नजदीक से पकड़ लिया। गिरफ्तार करने के बाद कैदियों को लाल कोठी थाने पर लाया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है। इस पूरे प्रकरण में पुलिस अस्पताल प्रशासन और गार्डों की मिली भगत सामने आ रही है । कैदियों से पूछताछ के बाद उन्हें वापस जयपुर सेंटर जेल में छोड़ दिया गया।

## चार छात्र फ्रांस में अध्ययन के लिये चयनित

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपीय भाषाएँ, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन विभाग के एम.ए. फ्रेंच के चार प्रतिभाशाली विद्यार्थियों गौरव गर्ग, पलक शर्मा, पलक तोषावर और भव्य सिंह शेखावत का चयन मेरिट के आधार पर, फ्रांस में एक सेमेस्टर अध्ययन के लिए हुआ है। यह अवसर समझौता ज्ञापन के अंतर्गत संभव हुआ है, जिससे अब तक विभाग के अनेक छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय शैक्षिणक अनुभव प्राप्त हुआ है। राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना काटेजा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शैक्षिणक आदान-प्रदान को सशक्त रूप से बढ़ावा दिया है। विभागाध्यक्ष डॉ. निधि रायसिंघानी के निरंतर मार्गदर्शन और विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मंच से जोड़ने के प्रयास निश्चित रूप से लाभकारी सिद्ध हुए हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपीय भाषाएँ विभाग में स्नातकोत्तर (मास्टर्स) कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन करना और साथ ही फ्रांस की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में एक सेमेस्टर अध्ययन का अवसर प्राप्त होना, इस विभाग में अध्ययन का एक प्रमुख आकर्षण है।

# प्रदेश में फिर सिर उठाने लगा करोना

## 10 नए केस, 7 मरीज मिले जयपुर-जोधपुर से

- ओमिक्रॉन का सब-वैरियंट-1 सक्रिय, चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर

**जयपुर।** करोना एक बार फिर राजस्थान में दस्तक देने लगा है। पिछले चार महीने तक जहां कोविड के मामले लगभग नगण्य थे, वहीं मई माह में अब तक 10 नए केस दर्ज हो चुके हैं। बीते 48 घंटे में 7 नए संक्रमित मिले हैं, जिनमें 4 मरीज जोधपुर एम्स और 3 जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में सामने आए हैं। चिंता की बात ये है कि इन सभी मामलों में करोना के नए सब-वैरियंट-1 की आशंका जताई जा रही है, जो फिलहाल एशियाई देशों में तेजी से फैल रहा है। इसे देखते हुए चिकित्सा विभाग ने जीनोम सीक्वेंसिंग की प्रक्रिया तेज कर दी है और अस्पतालों को अलर्ट मोड में डाल दिया गया है।

### अचानक बढ़े मामलों ने बढ़ाई चिंता

करोना के अचानक बढ़े मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। वर्ष 2025 के पहले चार महीनों में पूरे राज्य में केवल दो करोना पॉजिटिव केस सामने आए थे। मगर मई की शुरुआत से ही मामले बढ़ने लगे हैं। खासकर बीते दो दिनों में संक्रमितों की संख्या में तीव्र उछाल देखा गया है। जोधपुर एम्स में पाए गए चार संक्रमितों में तीन बच्चे शामिल हैं, जिनकी उम्र 5 महीने से 12 साल के बीच है। चौथा मरीज 38 वर्षीय युवक है। वहीं, जयपुर में तीन नए केस सामने आए हैं।

### वैरियंट की पहचान ज़रूरी

चिकित्सा विभाग ने सभी नए संक्रमितों के सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग शुरू कर दी है। विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल की हालिया बैठक में यह पुष्टि हुई है कि यह नया संक्रमण ओमिक्रॉन के सब-वैरियंट-1 से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस वैरियंट से न तो अब तक किसी की मौत हुई है और न ही कोई गंभीर मामला रिपोर्ट हुआ है। मरीज साधारण दवाओं से ठीक हो सकते हैं।

### सतर्कता ज़रूरी, डर नहीं

विशेषज्ञों का कहना है कि अभी घबराने की नहीं, बल्कि सतर्क रहने की ज़रूरत है। लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। मास्क और सैनिटाइजर का फिर से उपयोग बढ़ाएं, भीड़भाड़ वाली जगहों में सावधानी बरतें।

### ऐसे बढे करोना के केस

मई में अब तक 10 नए करोना केस, जनवरी से अप्रैल तक केवल 2 केस, बीते 48 घंटे में 7 नए केस, 4 जोधपुर, 3 जयपुर के हैं।

### इनका कहना है :

एसएमएस मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि अभी तक किसी भी केस में घातक लक्षण सामने नहीं आए हैं। देशभर में पैनिक जैसी कोई स्थिति नहीं है। पर हमने सभी अस्पतालों को निर्देश दे दिए हैं कि यदि कोई संदिग्ध मरीज आता है, तो उसकी तुरंत जांच की जाए।

## डबल स्टैंडर्ड की सरकार, जो पक्ष-विपक्ष के लिए चाहती है अलग कानून : डोटासरा

**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कंवरलाल मीणा मामले में विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी और भजनलाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कंवरलाल मीणा की सदस्यता रद्द करने में आखिर 24 दिन की देरी क्यों की गई? इस मामले में जानबूझकर कानून का उल्लंघन किया गया है।

इसी के साथ भाजपा विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता होने के बाद अब अंता विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर डोटासरा ने कहा कि अंता उपचुनाव में कांग्रेस की जीत होगी। पिछली बार ही चार से पांच हजार वोटों का अंतर था। जिस व्यक्ति पर 27 मुकदमे दर्ज हों, वहां भाजपा ने बूथ कैप्चरिंग की। कुछ लोगों ने डर की वजह से वोट दे दिए थे, लेकिन अब वहां कांग्रेस की जीत होगी।

प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से डोटासरा ने कहा कि राज्य सरकार और विधानसभा अध्यक्ष के फैसले से जनता में गलत संदेश गया है। ये कहते हैं कि हम डबल इंजन की सरकार है। यह डबल इंजन की नहीं, डबल स्टैंडर्ड की सरकार हैं जो अपने लिए अलग कानून चाहती है और विपक्ष के लिए अलग कानून चाहती है। जब राहुल गांधी की सदस्यता 24 घंटे के अंदर खत्म कर दी गई थी तो फिर भाजपा विधायक की सदस्यता रद्द करने में 24 दिन का समय क्यों लिया गया?

# रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हुआ

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिले की सभी तहसीलों में रात्रि चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सांगानेर के अजयराजपुरा में रात्रि चौपाल का आयोजन कर आमजन की परिवेदनाओं का प्रभावी एवं त्वरित निरस्तारण किया गया। इस दौरान 100 से अधिक धारा-136 के तहत शुद्धि प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर प्रथम श्रीमती विनीता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी सांगानेर श्री हिम्मत सिंह एवं पंचायती राज, विधुत विभाग, पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल में ग्राम पंचायत अजयराजपुरा के अलावा आस-पास के लगभग 10-12 गांव चिरोटा, जगन्नाथपुरा, भांकरोटा खुर्द इत्यादि के लगभग 250 से ज्यादा लोगों ने भाग लेकर अपनी पेयजल, विद्युत समस्या व अन्य समस्या बताई। पेयजल, विद्युत अन्य समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर तुरंत समाधान करवाया गया।



जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सांगानेर के अजयराजपुरा में शनिवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।

रात्रि चौपाल में मूल समस्या रिकॉर्ड शुद्धि को लेकर सामने आई जिसे लेकर काफी वर्षों से ग्रामीण लोग परेशान होते चले आ रहे थे। उक्त समस्याओं को मौके पर उपखण्ड अधिकारी हिम्मत सिंह द्वारा सुना गया एवं 100 से अधिक धारा-136 के तहत शुद्धि प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

ग्राम अजयराजपुरा से आये काश्तकार गोपाल पुत्र मोहरिया का जमाबंदी में नाम गलत नाम जिसे गोपाल पुत्र मोहरू कर तुरंत राहत प्रदान की साथ ही ग्राम जगन्नाथपुर के काश्तकार का नाम जमाबंदी में नाम सूरज करण पुत्र नाथू से सूरजमल पुत्र नाथूराम किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में रात्रि चौपाल को लेकर काफी हर्ष की लहर थी।

रात्रि चौपाल में उपखण्ड अधिकारी हिम्मत सिंह के साथ उप तहसीलदार बगरू, पटवारी, गिरदावर व अन्य पटवारीगण की टीम उपस्थित रही। उक्त रात्रि चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण की श्रीमती विनीता सिंह (एडीएम प्रथम) द्वारा उपखण्ड अधिकारी व उनकी टीम की सराहना की।

# अनियंत्रित बस सड़क पर पलटी, तीन की मौत, 17 यात्री घायल

## निजी बस भावा गांव में अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई थी

**राजसमंद,** (निसं)। कांकरोली थाना क्षेत्र के भावा गांव में उदयपुर-भीलवाड़ा हाइवे पर अनियंत्रित निजी ट्रेवल्स बस के पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए, जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को उदयपुर रेफर किया गया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों को जिला आरके अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि मृतकों के शव को आरके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए। घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल पूछा।



सड़क हादसे में घायलों को आरके चिकित्सालय में उपचार के लिये भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार सुबह साढ़े सात बजे करीब निजी बस भावा गांव में अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। सूचना मिलते ही कांकरोली पुलिस, रूपाखेड़ा टोल रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और टोल एंबुलेंस और अन्य वाहनों की मदद से घायलों को आरके जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इधर, पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

कांकरोली थाना अधिकारी हंसाराम सीरवी ने बताया कि दुर्घटना में गीता अहीर पत्नि रामलाल अहिर निवासी सुरावास पोटला जिला भीलवाड्डा, अखिलेश पंडित (25) पुत्र सिकंदर पंडित निवासी कुणवा, चयनपुर बिहार एवं आसिफ मोहम्मद (27) पुत्र शौकत मोहम्मद, निवासी पुर जिला भीलवाड़ा की मौत हो गई। गीता अहीर एवं आसिफ मोहम्मद के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिए, जबकि बिहार निवासी अखिलेश पंडित के परिजन रविवार सुबह पहुंचेंगे। उसके बाद उसके शव का पोस्टमार्टम होगा। हादसे में दुदाराम (30) पुत्र लक्ष्मण कुम्हार, निवासी रामनगर भीलवाड़ा को प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर कर दिया गया। इसके अलावा मनोज कुमार (32) पुत्र भरोषी राम यादव निवासी चम्पियापुर थाना घोडासाहन जिला मोतिहारी बिहार, अनिल कुमार (26) पुत्र सुरेन्द्र भाई, निवासी गंगोरा थाना बलखरा जिला मोतिहारी बिहार, चन्दन कुमार पुत्र संजीव परी निवासी बिहार, छोटेलाल पुत्र कुमार किशोरी पण्डित

■ स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों को जिला आरके अस्पताल में भर्ती कराया

निवासी बिहार, राजेश रजक पुत्र बाबूलाल निवासी एमडी जिला राजसमंद, आयुष पुत्र जियान मोहम्मद निवासी भीलवाड़ा, झण्डाराम पुत्र खुमाण कुम्हार निवासी रामनगर भीलवाड़ा, मोहम्मद रईस पुत्र जमील, निवासी पुर जिला भीलवाड़ा, कमलेश पुत्र बंशीलाल सोनी निवासी चित्तौड़गढ़, राजू पुत्र गणेश, निवासी पांचली-चन्देरिया जिला चित्तौड़गढ़, ममता पत्नी देवेन्द्र सिंह राजपूत, हिमांशु पुत्री देवेन्द्र सिंह राजपूत एवं अभिदित्य सिंह, पुत्र देवेन्द्र सिंह राजपूत निवासी जगपुरा गंगापुर जिला भीलवाड़ा, पप्पूलाल पुत्र चुन्नीलाल रेगर एवं उषा रेगर पत्नी पप्पूलाल निवासी चांदरास करेडा जिला भीलवाड़ा घायल हो गए, जिनका आरके अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# बीकानेर में तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**बीकानेर,** (निसं)। इन दिनों बीकानेर प्रदेश के सबसे गर्म जिलों में एक है। तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे सड़कों पर निकलना मुश्किल है। रविवार से नौतपा शुरू हो रहा है, ऐसे में गर्मी से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद भी नहीं है। आने वाले दिनों में तापमान 47 और 50 डिग्री सेल्सियस के बीच भी रह सकता है। मौसम विभाग के बुलेटिन में भी बीकानेर में पारा पचास डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग की ओर से जारी हीट इंडेक्स में राजस्थान के किसी भी जिले में तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से कम नहीं बताया गया है। सभी जिलों में पारा चालीस के पार है। वहीं बीकानेर सहित कुछ जिलों में पारा अब पचास डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने की आशंका है। न सिर्फ अधिकतम बल्कि रात का न्यूनतम तापमान भी बढ़ रहा है। रविवार को बीकानेर में अधिकतम गर्मी रहने की आशंका है।

■ आने वाले दिनों में तापमान 47 और 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना जताई

मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी में बीकानेर पर रेड स्पॉट दिखाया गया है, जिसका मतलब है कि पारा पचास डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

मौसम विभाग ने रात में भी लू चलने की प्रबल संभावना बताई है। बीकानेर के साथ ही जोधपुर संभाग और शेखावटी क्षेत्र में भी रात के समय लू चल सकती है। ऐसे में लोगों को घरों में सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील की गई है। बार-बार पानी पीने और कूलर, पंखे व एसी में रहने की अपील की जा रही है। उधर, गर्मी के कारण उल्टी दस्त के रोगी भी बढ़ गए हैं। हीट स्ट्रोक के रोगी बढ़ने से पीबीएम अस्पताल में विशेष व्यवस्था की गई है। डॉक्टर्स को अलर्ट रखा गया है।

# स्वस्तिधाम दिगंबर जैन मंदिर में हुई करोड़ों की चोरी से जैन समाज में रोष



जैन समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के जहाजपुर स्थित स्वस्तिधाम दिगंबर जैन मंदिर में हाल ही में हुई करोड़ों रुपये की चोरी से सम्पूर्ण जैन समाज में भारी रोष व्याप्त है।

भीलवाड़ा जैन समाज ने स्वस्तिधाम में मूलनायक भगवान मुनिसुव्रतनाथजी की प्रतिमा से 1 किलो 300 ग्राम सोने का आभामंडल और 3 किलो चांदी के चरण चिन्ह चोरी होने के मामले में जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि स्वस्तिधाम मंदिर न केवल सम्पूर्ण जैन समाज की आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता का भी उदाहरण रहा है। यह कोई पहली घटना नहीं है। देशभर में जैन मंदिरों में इस प्रकार की चोरियों की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रही हैं, लेकिन अब तक इनके स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं हुआ है। जैन समुदाय, जो अहिंसा और तप का प्रतीक है, लंबे समय से अपने तीर्थस्थलों की उपेक्षा का शिकार है। न तो इन्हें पर्याप्त सुरक्षा मिलती है, न ही सरकार की ओर से किसी विशेष संरक्षण योजना का लाभ। राष्ट्रीय और प्रन्तीय सरकारों को चाहिए कि वे जैन मंदिरों की सुरक्षा के लिए एक स्पष्ट नीति बनाएँ। जिन मंदिरों में बहुमूल्य प्रतिमाएं और आभूषण हैं, वहाँ प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी, अलार्म सिस्टम और रात्रि निगरानी जैसे उपाय अनिवार्य किए जाएं। साथ ही, इन मंदिरों की संपत्तियों का बीमा किया जाए। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की है कि जहाजपुर की इस चोरी के असामाजिक तत्वों को शीघ्र गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद कर जहाजपुर मन्दिर प्रबंध समिति को सौंपा जाए और समाज की मांगों पर ध्यान देते हुए भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता कदम उठाए जाए।

■ 1 किलो 300 ग्राम सोने का आभामंडल और 3 किलो चांदी के चरण चिन्ह चोरी होने के मामले में कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया

# सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो युवकों की मौत

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। उनियारा उपखंड क्षेत्र में एनएच 116 टोंक-सवाई माधोपुर गलवा पुलिया के पास ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर घायल युवक को टोक के सहादत हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया है। तीनों युवक बाइक से अलीगढ़ की और सरसों की तूड़ी भरने जा रहे थे।

■ एक घायल को जयपुर रेफर किया, दोनों भाइयों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया





मृतक दोनों भाइयों के फाइल फोटो।

नियारा थाने के एएसआई रतन लाल मीना ने बताया कि नगरफोर्ट थाना क्षेत्र के हमीरपुरा निवासी नरेंद्र सैनी, विष्णु सैनी और सुमन बाइक पर सवार होकर सुबह अलीगढ़ की ओर जार हे थे। जैसे ही वे उनियारा बाइपास पर पहुंचे तो उनके आगे दौड़ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक ने अचानक ब्रेक लगा लिया दिया। इससे इनकी बाइक ट्रॉली से जा टकराई। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को 108 से टोंक भिजवाया। जहां उपचार के दौरान कुछ देर में ही नरेंद्र सैनी और विष्णु सैनी की मौत हो गई। तीसरे युवक सुमन की हालत गंभीर है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर उन्हें परिजनों को सौंप दिया है।

एएसआई रतन लाल मीणा ने बताया कि उन्हें सुबह सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, जहां ट्रैक्टर और बाइक दोनों क्षतिग्रस्त अवस्था में मिले। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। ट्रैक्टर में भारी मात्रा में पाइप रखे हुए थे और चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से यह हादसा हुआ है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक अचानक ट्रैक्टर के ब्रेक लगा दिए।

# 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते सरपंच गिरफ्तार

**सूरतगढ़,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की दो टीमों ने सूरतगढ़ में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोकलसर के सरपंच गणेशाराम गोदारा को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते सूरतगढ़ में पुराना हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित आवास से रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शनिवार दोपहर को एसीबी चौकी हनुमानगढ़ और बीकानेर की टीमों ने मुख्यालय के निर्देश पर अंजाम दी।

एसीबी के महानिदेशक (पुलिस) डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि चौकी हनुमानगढ़ को शिकायत मिली थी कि मोकलसर सरपंच गणेशाराम गोदारा पंचायत क्षेत्र के निवासी परिवादी के पिता के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि स्वीकृत करवाने के बदले 12 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा था। शिकायत की सत्यता जांचने के बाद एसीबी ने जाल बिछाया। उप महानिरीक्षक पुलिस राजेश सिंह के सुपरविजन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुधा पालावत के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान गणेशाराम को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते मौके पर गिरफ्तार किया गया। महानिदेशक ने बताया कि 12 हजार रुपये की रिश्वत राशि में से 2 हजार रुपये सत्यापन के दौरान लिए थे। जबकि शेष 10 हजार रुपये की राशि लेते आज काबू किया गया। हालांकि अधिकारियों ने परिवादी का नाम उजागर करने से इनकार कर दिया।

■ ग्राम पंचायत मोकलसर सरपंच ने आवास योजना की राशि स्वीकृत कराने के एवज में 12 हजार की रिश्वत मांगी

■ सरपंच ने 12 हजार रुपये की रिश्वत राशि में से 2 हजार रुपये सत्यापन के दौरान लिए थे

इस कार्रवाई में एडिशनल एसपी सुधा पालावत के अलावा हनुमानगढ़ एसीबी के सीआई राजेंद्र सिंह, सीआई शालू बिश्नोई सहित रीडर वरुण सिंह, विजय कुमार, रामजस, गुरप्रीत कौर, अमन भादू, ओम सोनी शामिल रहे, जबकि बीकानेर एसीबी की 5 सदस्यीय टीम का नेतृत्व सीआई आनंद मिश्रा ने किया। आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले की गहन जांच की जा रही है। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# लकड़ियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली व पिकअप जब्त

**सादुलपुर,** (निसं)। तहसील के हमीरवास थाना अन्तर्गत चांदगोठी क्षेत्र में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए 6 पिकअप जीप तथा एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया है तथा सभी वाहनों में लगभग 183 क्विंटल हरि लकड़ियां भरी हुई थी।

तहसील के गांव नवां से भैंसली सड़क मार्ग पर पिकअप जीप से 25 क्विंटल, भैंसली से रामपुरा सड़क मार्ग पर पिकअप जीप से 25 क्विंटल, जनाऊ से चांदगोठी सडक पर पिकअप जीप से 30 क्विंटल, नवा से भैंसली सड़क पर एक पिकअप जीप से 25 क्विंटल सहित कुल 183 क्विंटल हरि लकड़ियों को बरामद करने की कार्रवाई की गई है।

इसके अलावा सादुलपुर, हमीरवास, सिद्धमुख तारानगर आदि क्षेत्रों में हरे पेड़ों की कटाई कर हरियाणा में कच्चे पक्के रास्तों से एवं मध्य रात्रि के बाद हाइवे से हरियाणा में तस्करी की जा रही है, लेकिन लकड़ी तस्करों को रोकने वाला कोई नहीं है।

## फैक्टरी और गोदाम में आग लगी

**बीकानेर,** (निसं)। यहां के नापासर में अलसुबह पापड़ फैक्टरी और गोदाम में आग लग गई। गोदाम में पड़े करीब 5 क्विंटल पापड़ और मौके पर खड़ी मारुति वैन जल गई। घटना की जानकारी पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। तब तक आग में सब कुछ जल चुका था। आग लगने का कारण सामने नहीं आया है। नगर पालिका के पीछे स्थित पापड़ फैक्टरी से सुबह लोगों को धुआं उठता नजर आया। थोड़ी देर में आग की लपटें नजर आने लगी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और फैक्टरी मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस अधिकारी, जवानों और ग्रामीणों ने पानी फेंककर डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। फिलहाल आग लगने का कारण पता नहीं चला है। अभी तक थाने में इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों ने देर रात मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

फैक्टरी और गोदाम दोनों आस-पास है। ऐसे में फैक्टरी से आग गोदाम में पहुंच गई। जहां सप्लाई के लिए पापड़ रखे हुए थे। ये सभी पापड़ जलने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

## हादसे में तीन लोगों की मौत

**राजसमंद।** कांकरोली थाना क्षेत्र के भावा गांव में उदयपुर-भीलवाडा हाईवे पर अनियंत्रित निजी ट्रैवल्स बस के पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हो गए, जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को उदयपुर रेफर किया गया है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों को जिला आरके अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि मृत लोगों के शव को आरके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए। घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल पूछा। जानकारी के अनुसार सुबह साढे सात बजे करीब निजी बस भावा गांव मे अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढकर पलट गई। सूचना मिलते ही कांकरोली पुलिस, रूपा खेडा टोल रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और टोल एंबुलेंस और अन्य वाहनों की मदद से घायलों को आरके जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इधर, पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# चाकू से प्राणघातक हमला, दो भाई घायल

**उदयपुर,** (निसं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ चाकू से हमला कर दो भाइयों को घायल करने का मामला दर्ज किया।

पीड़ित ओमप्रकाश पुत्र रामलाल मेघवाल निवासी मेघवालों की बस्ती देबारी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीड़ित ने बताया कि मेरी राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर भारी वाहनों में ग्रीस लगाने की दुकान है। 22 मई रात में मैं अपने भाई राजु को बाइक पर बिठा कर दुकान से घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते मेघवालों की वैली पर मिले तीन-चार लड़कों से क्षैत्र में चोरी होने एवं रात के समय इधर घूमने के लिए एतराज किया। इस बात को लेकर बहस होने पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। हमलावर फरार हो गए।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN | RISING™ RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

प्रत्यक्ष आवंटन योजना - 2025

राइज़िंग राजस्थान में MoU करने वाले निवेशकों के लिए भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर

औद्योगिक भूखण्डों का डायरेक्ट अलॉटमेंट (द्वितीय चरण)

ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक 15.05.2025 से 28.05.2025 (सायं 6 बजे) तक आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।

अंतिम 4 दिन शेष

7,109 कुल औद्योगिक भूखण्ड | 6301 अनारक्षित | 98 औद्योगिक क्षेत्र

विभिन्न श्रेणियों / वर्गों के लिए आरक्षित भूखंड

253 अनुसूचित जाति/जनजाति | 224 महिला वर्ग | 118 भूतपूर्व सैनिक | 151 बेंचमार्क दिव्यांगता | 62 सशस्त्र बलों/अर्ध सैनिक बलों के मृतक आश्रित

आवंटन की प्रक्रिया

एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन

ई-लॉटरी 5 जून, 2025

आवेदन हेतु स्कैन करें

EMD - भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाइन जमा।

पात्रता - निवेशक जिन्होंने 30/04/2025 तक राइजिंग राजस्थान में राज्य सरकार के साथ एमओयू किये हैं वे सभी इस स्कीम में भूखण्ड के लिए पात्र हैं।

भूखण्ड की राशि का भुगतान

25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

या

RIICO की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

इस योजना के तहत भूखण्ड देखने या आवेदन करने के लिए http://www.riico.co.in या riico.rajasthan.gov.in पर दिए गए Direct Land Allotment लिंक पर क्लिक करें अथवा SSO Portal पर login के बाद RIICO के आइकन पर क्लिक करके Land Allotment पर जाएं और Direct Land Allotment Policy - 2025 (for RR MoU Holders) पर क्लिक करें।

राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर 302005

हैल्पलाइन नंबर : 0141 4593250, 4593237 | वाट्सएप : +91 90013 06515 | ई-मेल : riico@riico.co.in

http://www.riico.co.in · riico.rajasthan.gov.in · riicogis.rajasthan.gov.in/riicogiscitizen

राज.संवाद/सी/25/2973



RIICO GROW WITH RAJASTHAN | राजस्थान सरकार का उपक्रम | RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक क्षेत्रों में संस्थानिक/ वाणिज्यिक/ ग्रुप हाउसिंग एवं गैर औद्योगिक भूखण्डों का सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन

HOSPITAL | THE MALL | HOTEL

कुल भूखण्ड 379 | अस्पताल/ नर्सिंग होम/ डिस्पेंसरी 20 | व्यावसायिक भूखण्ड 165 | आवासीय/ ग्रुप हाउसिंग 133 | वे ब्रिज 11

होटल 13 | पेट्रोल पम्प/ CNG स्टेशन 11 | स्कूल 05 | संस्थानिक 21

ईएमडी प्रारम्भ तिथि: 26 मई, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 09 जून, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 10 जून, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 12 जून, 2025 (सायं 05:00 बजे)

15 आबू रोड | 07 जयपुर (उत्तर)
16 अजमेर | 02 जयपुर (दक्षिण)
12 अलवर | 14 जयपुर (ग्रामीण)
13 भिवाड़ी-I | 15 ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर
09 भिवाड़ी-II | 06 बालोतरा
21 बोरानाडा | 12 किशनगढ़
02 दौसा | 15 नीमराना
05 घिलोठ

ईएमडी प्रारम्भ तिथि: 26 मई, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 10 जून, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 11 जून, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 13 जून, 2025 (सायं 05:00 बजे)

07 उदयपुर | 06 श्रीगंगानगर
04 बांसवाड़ा | 22 झालावाड़
14 भरतपुर | 10 झुंझुनू
38 भीलवाड़ा | 22 कोटा
17 बीकानेर | 01 नागौर
07 चूरू | 10 राजसमंद
02 पाली | 45 सवाई माधोपुर
10 सीकर

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किस्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद/सी/25/2972

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in

# पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बनाते पांच बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

## पूछताछ में अब तक डेढ़ दर्जन नकबजनी की वारदातों का किया खुलासा



भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बना रहे पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

- डकैती डालने की वारदात में प्रयुक्त धारदार कटार, धारदार छुरी, पेचकश, रस्सी, मिर्ची पाउडर और बैग किये बरामद
- आरोपियों ने चार माह पहले ही कर रखी थी रेकी, गिरफ्तार आरोपित अव्वल दर्जे के नकबजन व लुटेरे
- सभी आरोपी स्मैक बेचने व स्मैक पीने के आदी है, सुनसान मकानों व सोने चांदी की दुकानों की दिन मे करते है रेकी

**जयपुर।** भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बना रहे पांच बदमाशों को धर-दबोा है और उनके पास से डकैती डालने की वारदात में प्रयुक्त धारदार कटार, धारदार छुरी, पेचकश, रस्सी, मिर्ची पाउडर और बैग बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित थाना इलाके में स्थित हरिनगर मोड के भारत पेट्रोल पंप पर डकैती की वारदात करने वाले थे और पिछले चार माह से रेकी करते आ रहे थे। उन्हे पता था कि इस पेट्रोल पंप के ऑफिस में रात्रि को काफी नगद राशि रहती है और उन्हें बस एक मौके का इंतज़ार था। सभी गिरफ्तार आरोपी अव्वल दर्जे के नकबजन व लुटेरे है जो जो टारगेट तय कर वारदात करते है। साथ ही सभी आरोपित स्मैक बेचने व स्मैक पीने के आदी है। जो सुनसान मकानों व सोने चांदी की दुकानों की दिन में रेकी करते है और फिर रात में वारदात को अंजाम देते है। पुलिस की पूछताछ में अब तक डेढ़ दर्जन नकबजनी की वारदातों का खुलासा किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डूडी डोगरा ने बताया कि भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हरिनगर मोड के भारत पेट्रोल पंप पर डकैती की वारदात करने वाले बदमाश 35 वर्षीय जावेद खान,29 वर्षीय शाहीद उर्फ डकैत, 36 वर्षीय मोहम्मद कलीम,21 वर्षीय शुभम नायक और 23 वर्षीय आजाद को गिरफ्तार किया है और सभी आरोपी भट्टा बस्ती इलाके के रहने वाले है। पुलिस ने उनके कब्जे से धारदार कटार,धारदार छुरा, पेचकश, रस्सी, मिर्ची पाउडर, बैग जब्त किया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि सभी आरोपी मोबाइल स्नैचिंग, पर्स स्नैचिंग, लैपटॉप आदि छीनते हैं तथा सूने पडे मकानों, निर्माणाधीन मकानों, बड़ी ज्वेलरी की दुकानों की कचरा बीनने के बहाने दिन में सम्पूर्ण रेकी कर लेते है। उसके पश्चात मौका मिलते ही दिन या रात में वारदात को अंजाम दे देते हैं। वारदात होने के पश्चात किसी जगह पर फुटेज में आ जाने पर फरारी काटने के लिये जयपूर से बाहर चले जाते है एवं बाहर से आकर रात्रि में वारदात को अंजाम देकर तुरंत हा बाहर चले जाते है। उसके पश्चात वहां से नये साथियों को वारदात करने भेजते हैं एवं पुनः दो चार महिने बाद वापस आकर वारदातों को अंजाम देने लग जाते है। सभी आरोपियों ने जयपुर शहर के आधा दर्जन इलाका थानों में नकबजनी व लूट की बड़ी वारदात करना स्वीकार किया है। जिसकी तस्दीक की जा रही है। साथ ही आरोपियों से पूछताछ की जा रही है जिनसे और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

### ट्रेक्टर-टैंकर की टक्कर से एक की मौत

**जयपुर।** विश्वकर्मा थाना इलाके में शनिवार दोपहर को एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर-टैंकर ने राहगीर को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रेक्टर-टैंकर लेकर भाग निकला।

हिट एण्ड रन मामले में पुलिस ट्रेक्टर-टैंकर व उसके चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार दोपहर करीब सवा 12 बजे मोदीका भवन विश्वकर्मा में एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर-टैंकर ने राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल राहगीर को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान मूलतः यूपी हाल विजय नगर कच्ची बस्ती लंकापुरी निवासी 37 वर्षीय वसीम पुत्र अब्दुल के रुप में हुई है। वसीम फैक्ट्री में मजदूरी करता था।

### आर-कैट टेक वर्कशॉप-समर कैंप का आयोजन 3 जून से

**जयपुर।** राजस्थान सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आर-कैट) कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों के लिए एक रोमांचक टेक वर्कशॉप-समर कैंप का आयोजन कर रहा है। जयपुर स्थित आर-कैट परिसर में 3 जून से शुरू होने वाला यह समर कैंप विद्यार्थियों को तकनीक की दुनिया में कदम रखने और भविष्य के लिए तैयार होने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

इस समर कैंप में विद्यार्थियों को ग्राफिक डिजाइन, वेबसाइट डेवलपमेंट का परिचय, पायथन प्रोग्रामिंग का परिचय, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का परिचय, वीडियो एडिटिंग और कंटेंट क्रिएशन तथा नो-कोड प्लेटफॉर्म के माध्यम से मोबाइल ऐप डेवलपमेंट जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी।

यह समर कैंप छात्रों को तकनीकी कौशल विकसित करने और भविष्य की डिजिटल दुनिया के लिए तैयार होने का अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

3 जून से प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस निःशुल्क समर कैंप के लिए विद्यार्थियों को सिक्योरिटी डिपॉजिट के रूप में 1000 रुपए जमा करवाने होंगे, जो वापसी योग्य हैं। समर कैंप में सभी पाठ्यक्रमों के लिए सीटें सीमित हैं।

## सार-समाचार

### नई अध्यक्ष बनीं श्रद्धा अग्रवाल



**जयपुर।** श्रद्धा अग्रवाल को वर्ष 2025-26 के लिए कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)-इंडियन वूमेन नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन), राजस्थान चैप्टर की अध्यक्ष और डॉ. सुदीप्ति अरोड़ा को उपाध्यक्ष घोषित किया गया है। श्रद्धा अग्रवाल एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) हैं और स्वास्थ्य कल्याण ग्रुप की सीईओ



हैं। उन्होंने 2011 में सिर्फ़ 21 साल की उम्र में सीए की डिग्री हासिल कर ली और फिर हेग्रुप (कॉर्न फेरी) में कंसल्टेंट के तौर पर काम करने लगीं। वहां उन्होंने एग्जीक्यूटिव अवॉर्ड्स, ऑर्गनाइजेशन रीस्ट्रक्चरिंग, वेरिएबल पे डिजाइन और लीडरशिप एंड डेवलपमेंट जैसे कामों की ज़िम्मेदारी संभाली। डॉ. सुदीप्ति अरोड़ा एक अनुभवी एनवायरमेंटल रिसर्च साइंटिस्ट हैं और जयपुर के डॉ. बी. लाल इंस्टिट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की डायरेक्टर हैं। वेस्ट मैनेजमेंट में विशेषज्ञता के साथ, खासतौर पर ठोस और तरल कचरे का ट्रीटमेंट, उन्होंने वर्मीफिल्ट्रेशन टेक्नोलॉजी के ज़रिए प्राकृतिक तरीके से गंदे पानी के शोधन (ट्रीटमेंट) पर एक पेटेंट भी हासिल किया है। वह "प्रकृतः ए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन एनवायरनमेंटल बायोटेक्नोलॉजी" की संस्थापक भी हैं और "प्रकृत सस्टेनेबल इंटीग्रेटेड फाउंडेशन" नामक कंपनी की डायरेक्टर के रूप में कार्यरत हैं।

### आठ जिलों में लगेंगे 125 पशु चिकित्सा अधिकारी

**जयपुर।** पशुपालन विभाग जल्द ही प्रदेश के आठ जिलों में अस्थाई आधार पर 125 पशु चिकित्सा अधिकारी तथा 500 पशुधन निरीक्षकों की भर्ती करेगा। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इन पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं पशुधन निरीक्षकों की भर्ती आवश्यक अस्थाई आधार पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि जोधपुर, फलौदी, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, पाली, सिरोही एवं जालौर जिले में इन पशु चिकित्सा अधिकारी व पशुधन निरीक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। यह नियुक्ति तीन माह अथवा राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी के उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो, के लिए की जाएगी।

# दुपहिया वाहन चुराने वाले दो वाहन चोर गिरफ्तार




बिंदायका थाना पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।

जयपुर। बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक गिरोह के दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का एक दुपहिया वाहन सहित वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले 24 वर्षीय दयानंद स्वामी उर्फ लाला निवासी करौली और 27 वर्षीय लोकेन्द्र उर्फ लोकेश उर्फ लुक्का निवासी गंगापुर सिटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों ही आरोपियों के खिलाफ जयपुर,करौली,चित्तौड़गढ़ के कई थानों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का एक दुपहिया वाहन सहित वारदात में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# पुलिस कांस्टेबल ने जेवर सहित नकदी से भरा पर्स महिला को लौटाया



कांस्टेबल रामप्रसाद ने गांधी नगर रेल्वे स्टेशन पर लावारिस मिला पर्स महिला को वापस लौटाया।

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में स्थित गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर एक महिला यात्री का सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी से भरा पर्स गिर गया। प्लेटफॉर्म पर गश्त कर रहे पुलिस कांस्टेबल ने पर्स मिलने पर महिला यात्री को ढूंढ़कर ईमानदारी का परिचय दिया। महिला यात्री ने पर्स देने वाले जीआरपी थाने के कांस्टेबल का आभार जताया। एएसआई जगदीश चौधरी ने बताया कि गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर भरतपुर निवासी सुनीता शर्मा शनिवार सुबह ट्रेन पकड़ने आई थी। जयपुर से भरतपुर जाने के लिए वह प्लेटफॉर्म पर बैठकर ट्रेन का इंतजार करने लगी। इस दौरान उनका सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी से भरा पर्स प्लेटफॉर्म पर गिर गया। प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर गश्त कर रहे कांस्टेबल रामप्रसाद को लावारिस हालत में पर्स पड़ा मिला। जहां कांस्टेबल रामप्रसाद ने पर्स को चैक किया,जिसमें सोने के दो कड़े,दो झुमकियां, 5 हजार 700 रुपए,मोबाइल व दवाइयां रखी मिली। पर्स में रखे मोबाइल के जरिए सम्पर्क निकाल महिला यात्री को ढूंढ़कर पर्स लौटाया। पर्स मिलने पर महिला यात्री सुनीता ने कांस्टेबल रामप्रसाद की प्रशंसा करने के साथ ही धन्यवाद दिया।

# रिलायंस मार्ट का मैनेजर बनकर लाखों रुपये की ठगी करने वाला ठग गिरफ्तार

## वाट्सएप मोबाइल पर मैसेज कर रिलायंस मार्ट और जुडियों में जॉब दिलाने के नाम पर लोगों के साथ करता था ठगी की वारदात

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन गूगल से ग्रोसरी और किराना स्टोर सर्च कर रिलायंस मार्ट का मैनेजर बनकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर ठग को पकडा है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि आरोपी जस्ट डायल कर प्रोफाइल बना कर व्हाट्सएप मोबाइल पर मैसेज कर रिलायंस मार्ट और जुडियों में जॉब दिलाने के नाम पर लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम देता है। फिलहाल आरोपी ठग से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि जयपुर कमिश्नरेट की साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन गूगल से ग्रोसरी और किराणा स्टोर सर्च कर रिलायंस मार्ट का मैनेजर बनकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले ठग 30 वर्षीय विजय सिंह नरूका निवासी वैशाली नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल सहित दो सिम भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित विजय सिंह नरूका के खिलाफ देश भर में पर 25 से अधिक शिकायतें पायी गई है। जिनमे 10 से अधिक मामले जयपुर शहर के पाये गये। साथ ही

आरोपी ने अपनी पहचान छुपाने के लिए रोज अपनी लोकेशन बदलकर अलग-अलग होटलों, रिश्तेदारों, दोस्तो के यहाँ निवास करता रहता है। वहीं आरोपी विजय सिंह नरूका कैफे व रेस्टॉरेन्ट में बैठे युवाओं से दोस्ती कर 10 हजार रुपये अकाउंट में डलवाने पर दो हजार रुपये का लालच देकर उनका मूल बैंक अकाउंट लेता था जिसमें साईबर ठगी की राशि डलवाता था। आरोपी लोगों से दोस्ती बढाकर घुल मिलकर व झांसा देकर उनके बैंक खाता और यूपीआई मे ठगी की राशि ट्रांसफर करवा कर रुपये नकद प्राप्त कर लेता। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के सम्मान में तिरंगा यात्रा

**जयपुर।** ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता और भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में आज जयपुर की किशनपोल विधानसभा में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा देशभक्ति, एकता और जवानों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बनी।

इस ऐतिहासिक अवसर पर जयपुर सांसद मंजू शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित गोयल, महापौर कुसुम यादव, विधायक प्रत्याशी चन्द्र मनोहर बटवाड़ा, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, नगर निगम चेयरमैन, पार्षद एवं पूर्व पार्षद, मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

क्षेत्रवासियों की बड़ी संख्या में भागीदारी ने यह दर्शा दिया कि राष्ट्रभक्ति की भावना आज भी लोगों के हृदय में जीवंत है। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गूंज उठा ।

# नकबजन आया पुलिस गिरफ्त में



माणक चौक थाना पुलिस ने शातिर नकबजन को पकडा है।

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) और माणक चौक थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक शातिर नकबजन को पकडा है और उसके पास से चुराई गई चार सोने की अंगूठी भी बरामद की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि सीएसटी और माणक चौक थाना पुलिस ने नकबजनी करने वाले एक शातिर बदमाश 32 वर्षीय मोहम्मद कालू निवासी प्रागपुरा जिला जयपुर ग्रामीण हाल गलता गेट को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 21 मई को थाना इलाके में स्थित एक मकान का ताला तोड़कर चुराई ई चार सोने की अंगूठी नगीनों सहित बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# रोज़ी रोटी अधिकार अभियान के 8वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आगाज़

## प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय ने किया उद्घाटन, जुटे देशभर के 500 से अधिक कार्यकर्ता



रोज़ी रोटी अधिकार अभियान का राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार को रोज़ी रोटी का हक हमारा, लोकतंत्र मजबूत हमारा संदेश के साथ प्रारंभ हुआ।

**जयपुर।** रोज़ी रोटी अधिकार अभियान का 8वां तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार को रोज़ी रोटी का हक हमारा, लोकतंत्र मजबूत हमारा संदेश के साथ प्रारंभ हुआ।

डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के प्रांगण में प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय, कवीता श्रीवास्तव, आयशा, गंगा भाई आदि ने देशभर से आए विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं के बीच संविधान की उद्देशिका का वाचन कर सम्मेलन का आगाज़ किया। इसके बाद आयोजित उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए अरुणा रॉय ने कहा कि जनता को मिलने वाला भोजन व अन्य सुविधाएं फ्रीबीज़ नहीं हैं, ये हर नागरिक का अधिकार है जो संविधान ने दिया है। भोजन का अधिकार मूलभूत जरूरत है।

उन्होंने कहा कि हंगर इंडेक्स में भारत का 105वें स्थान पर होना शर्मनाक है। उन्होंने वर्तमान समय को देखते हुए खाद्य सुरक्षा कानून के तहत मिलने वाली खाद्य सामग्री की मात्रा बढ़ाए जाने व इसमें सभी प्रकार के अनाजों को शामिल करने की बात कही। सम्मेलन संयोजक कविता श्रीवास्तव ने अभियान की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 2000 में राजस्थान में गठित अकाल संघर्ष समिति से रोज़ी रोटी अधिकार अभियान की नींव पड़ी जिसमें बाद में कई संगठन व सामाजिक कार्यकर्ता जुड़े। इस अवसर पर अभियान से जुड़े रहे देश व राज्य के दिवंगत कार्यकर्ताओं को भी याद किया गया।

सम्मेलन में संयुक्त किसान मोर्चा पंजाब के प्रतिनिधि हरिंदर बिंदु, महाराष्ट्र के जनआन्दोलन के नेतृत्व उल्का महाजन, की कन्वीनर अंजलि भारद्वाज, स्कॉलर नवशरण सिंह, ज्यॉ ड्रेज़ जैसे शोधकर्ता, सैयदा हमीद, निखिल डे, हर्ष मंदर, शोधकर्ता दीपा सिन्हा, साहू पटोले (खाद्य संस्कृति लेखक) सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

सम्मेलन के दौरान उल्का महाजन व कोमल श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित पैनल में ओडिशा के एंटी माइनिंग आंदोलन के नेता लिंगराज आजाद ने कहा कि केवल भोजन नहीं बल्कि पोषण जरूरी है जिसकी ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। जेएनयू छात्रसंघ महासचिव मुन्तेहा फातिमा ने कहा कि भोजन का अधिकार कोई चैरिटी नहीं है, यह नागरिक का अधिकार है जिसे कई प्रकार से खारिज करने की कोशिशें की जा रही हैं। लेखिका व शोधकर्ता रीतिका खेड़ा ने गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले 6 हजार रुपए की प्रक्रिया, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि पर विचार रखे। दलित किचन्स किताब के लेखक साहू पटोले ने जाति प्रथा और दलितों की खाद्य संस्कृति के विविध पहलुओं पर बात की।

मजदूर किसान शक्ति संगठन के मुकेश निर्वासित ने कहा कि एक ओर हम अंतरिक्ष में जाने की बात करते हैं, दूसरी ओर लोगों को भोजन तक नहीं मिलता।

सतर्क नागरिक संगठन की अमृता जोहरी ने आरटीआई संशोधन वापस लेने की मांग की। दीपा सिंह ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही विभिन्न जनहितकारी कानून लागू हुए हैं इसलिए सबको सक्रिय रहने की आवश्यकता है।

सम्मेलन के दौरान आयोजित आठ समानांतर सत्रों में पीडीएस, बच्चों का भोजन व पोषण का अधिकार, मातृत्व अधिकार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून, फ्रंटलाइन कामगारों के अधिकार, नकद हस्तांतरण की योजनाएं, डिजिटाइजेशन के भोजन के अधिकार पर प्रभाव और प्रवासी मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर विशेषज्ञ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चर्चा की। शाम को आम सभा बैठक आयोजित की गई।

रोज़ी रोटी अभियान संयोजक आयशा खान ने बताया कि रविवार को दूसरे दिन सुबह नौ बजे खाद्य संप्रभुता और पोषण सुरक्षा में उभरते मुद्दे विषय पर चर्चा के साथ दिन की शुरुआत होगी। इसमें अतुल सती, हर्ष मंदर, हरिंदर बिंदू, नवशरण सिंह, अंजलि भारद्वाज, बिराज पटनायक, आरटीएफ अभियान और नवली गरासिया विचार रखेंगे।

सायं 5 बजे से भोजन का अधिकार सुनिश्चित करने में राजनीतिक दलों की भूमिका विषय पर कांग्रेस नेता शशिकांत सेंथिल, सीपीआईएम नेता अमराराम व अन्य वक्ताओं के साथ चर्चा होगी।

अन्य समानांतर सत्रों में दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, डीनोटिफाइड जनजातियां, बेघर, महिलाएं, ट्रांस, सेक्स वर्कर्स जैसे कमजोर व हाशिये पर जी रहे समुदायों के सामने आने वाले भोजन के अधिकार के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। दूसरे समानांतर सत्र में कृषि व भोजन का अधिकार, श्रम अधिकार, श्रम संहिता, काम का अधिकार, नरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्य संस्कृतियां, भोजन के अधिकार पर डेटा संरक्षण अधिनियम के निहितार्थ, खाद्य सुरक्षा व्यावसायिक जोखिम व राजस्थान के विस्थापन आंदोलन आदि विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# पेंशन दिलाने का झांसा देकर वृद्धा का जेवर से भरा पर्स ले गई महिला

**जयपुर।** 10000 रुपए की पेंशन दिलाने का झांसा देकर एक वृद्धा से महिला ठग जेवरात से भरा पर्स ले गई। पीडिता ने इस सम्बंध में माणकचौक थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एसआई सोनम अग्रवाल कर रही है।

पुलिस के अनुसार जंगजीत महादेव के पीछे नाहरगढ रोड चांदपोल बाजार निवासी 82 वर्षीय परसी देवी झालानी 17 मई को ताड़केश्वर मंदिर दर्शन करने गई थी दर्शन के बाद वह घर जाने लगी तो एक काले रंग की गाडी में सवार होकर महिला आई। महिला के उतरते ही कार वापस चली। महिला उसके पास आकर रुकी। महिला ने उससे कहा कि सरकार वृद्ध महिलाओं को 10 हजार रुपए की पेंशन दे रही है। यह एक अच्छी योजना है आप मेरे साथ चलो। आपको भी पेंशन चालू करवा देती हूं। महिला की बातों में आकर दोनों एक रिक्शा में सवार हो गई। मोदी धर्मशाला के पास उतारकर महिला ठग बोली आपके गहने उतार कर मुझे दे तो कोई बदमाश ले जाएगा वरना। महिला की बातों में आकर उसने कान में पहनी सोने की लड़ी, डायमंड लगा कान का टॉप्स और एक सोने की अंगूठी उतारकर पर्स में रख दिया। रास्ते में चलने के दौरान मानसरोवर में महिला ने उसका ध्यान भटका कर गहनों से भरा पर्स पार कर लिया। पर्स में घर की चाबियां भी रखी थी। महिला मौका देखकर वहां से चलती बनी। ठगी का अहसास होने पर पीडिता ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती बताई। इस पर परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।



### World Malaria Day

Even in these modern times, half the world still lives at risk of this fully preventable and treatable disease. While great strides against malaria have been made in the last couple of decades, there has been a bit of a plateau lately. The world still has very far to go towards wiping out this deadly illness. World Malaria Day was created by concerned citizens as a part of the strategy to do just that! Donate to efforts to stop these deaths by providing mosquito netting and treatment to commonly affected areas.



#MYSTICISM


# The Evil Eye Mystery That Spans Centuries and Continents

Exploring the ancient superstition that connects cultures, wards off envy, and still charms the modern world!



It's a small blue bead, often hung by doorways, pinned to clothes, or worn as a bracelet. Some see it as a charm, others as superstition. But one thing is certain, the belief in the evil eye is as old as civilization itself, and it's showing no signs of fading away.

From the streets of Istanbul to the homes of Rajasthan, the evil eye, often known by its Arabic name *nazar*, is believed to be a powerful force. It is said to be the negative energy or malevolent glare cast by someone who is envious, intentionally or not. And when that energy hits, things can go awry, sudden illness, broken relationships, or unexpected financial trouble.



## A History Steeped in Fear

The evil eye isn't bound by religion or region. Its origins date back over 5,000 years to ancient Mesopotamia. References to the evil eye have been found in texts from ancient Greece and Rome, where philosophers like Plutarch theorized that the eye could emit invisible rays capable of causing harm. In Islamic culture, the concept is mentioned in the Quran, while in Jewish tradition, it appears in the Talmud. Hindus refer to it as drishti, and many tribal cultures in Africa have their own interpretations. Despite differing names and rituals, the underlying belief is eerily consistent: jealousy invites misfortune.

## Myths and Modern Magic

In Turkey, the iconic blue-and-white glass bead, known as nazarboncugu, is more than just an accessory. It's a cultural staple, handed to newborns and newlyweds alike. In Latin America, mothers tie red ribbons around babies' wrists to ward off evil glances. In India, black kohl is applied behind the ears of children to 'confuse' bad spirits. Even today, the evil eye finds its place in pop culture and luxury fashion. From Meghan Markle wearing a protective evil eye necklace to celebrities launching jewellery lines based on the symbol, it has moved from rural folklore to global trend. But for many, it's not just aesthetic, there's belief beneath the bling.

## Science, Skepticism, and Sentiment

Skeptics often attribute the belief to cognitive bias, when something bad happens, people need a reason. "It's easier to blame the evil eye than accept randomness," says cultural anthropologist Dr. Alka Mehra. Yet, the widespread acceptance of this idea across unrelated cultures has intrigued even historians and psychologists. What makes the evil eye so enduring? Perhaps, it's the human tendency to personify misfortune. Or maybe, it's the comfort of a talisman in an unpredictable world. While science hasn't proven its power, millions continue to swear by it.

## The Power of Belief

Whether you see it as ancient myth or spiritual truth, the evil eye remains a fascinating lens into how humans cope with envy, fear, and the unknown. In an age of AI and space exploration, it's remarkable that a centuries-old symbol still holds power in our hearts, and on our wrists. Maybe, it's not just about warding off evil. Maybe, just maybe, it's a quiet hope for protection in a world we can't always control.






# DEDICATION, STRATEGIC ACUMEN, AND LEADERSHIP



Attention was now devoted to the Posts located to the East of the Shingo River. The Post at Point 13620 was tactically vital as it gave Pakistanis a clear view of the Kargil Base and enabled them to fire at own troops in the plateau area. Post 13 (Laila) covered the approach to Point 13620 from the North and connected it with Black Rocks. The continuous shelling of the Post by Indian Artillery and Infantry Mortars, combined with air strikes (two each on 07 and 08 December) and the disruption of water supply, demoralised the Pakistani troops. When 2/11GORKHA RIFLES launched an assault on 09 December, it found the Post deserted.

Maj Gen Jagatbir Singh VSM (RETD)

## #BRIGADIER MOHINDER LAL WHIG




Brigadier Mohinder Lal Whig, who hailed from a family with a strong military tradition, was born on 10 December 1925, to Shri Sardari Lal Whig and Iqbal Devi Budhwar, in Ludhiana, Punjab. His early education in Ludhiana laid the foundation for a life dedicated to service and discipline.

He was commissioned into 5 GORKHA RIFLES on 12 September, 1948 from the Indian Military Academy, Dehradun as part of the Third Course and commanded 2/5 GORKHA RIFLES during the 1965 Indo-Pak War, where under his leadership, the Battalion played a pivotal role in the Battle of Charwa. Earlier in his career, he was the first Adjutant of the National Defence Academy.

In 1969, The United Services Institution of India had awarded him the MacGregor Medal for valuable military intelligence through reconnaissance, exploration, and other activities of national importance.

During the 1971 War, Brigadier Whig was commanding 121 (Independent) Infantry Brigade in Kargil which was under command of 3 Infantry Division, then located at Leh. It was here that he led daring high-altitude operations in the Kargil Sector.


Married to Rajya Lakshmi Devi, they had a son Major Mohit Whig, who too was commissioned into 2/5 GORKHA RIFLES in June 1980, but unfortunately lost his life when his vehicle was blown up by an IED blast in Kupwara District of J&K in 1997. Brigadier Whig retired from Army on 31 Dec, 1979 and passed away on 19 Feb, 2010, in New Delhi.

### Kargil Sector

The Kargil Sector is bounded by the Deosai mountains in the North-West, Ladakh Range in the Northeast, Zanskar Range in the South and the Great Himalaya range in the South-West. Covering an area of approximately 6,720 sq km, it extends from Baltistan in the North to Zanskar in the South and from Zojila in the West to Fotu La in the East. Dras, Shingo, Indus and Suru are the main rivers of the region. The terrain is rugged and interspersed by deep and narrow gorges and ravines. The PoJK area opposite Kargil was served by a jeepable road from Gilgit via Skardu to Gangam, but the tenuous road communication limited Pakistan's capability to induct troops in the area, particularly during the winter. The Pakistani Commanders had, however, taken adequate defensive measures by laying minefields on likely approaches and raising fortifications around the picquets, mostly located at heights ranging from 3,960 to 4,880 metres. The Pakistani strength in this Sector was estimated at ten Companies, including two Wings of Karakoram Scouts and one Wing of Northern Scouts.

There is no vegetation at these heights, and climbing even a few meters involves great physical strain due to lack of oxygen, more so when one is encumbered with loads. If day temperatures are around zero degrees Celsius, night temperature easily touches minus 15 to 20 degrees. High velocity winds sweep the hill tops and ridges. The cold touches the very bone marrow, and no amount of warm clothing seems adequate. What worried the Indian planners most was the potential threat to the Srinagar-Leh highway near Kargil, as the Pakistani Posts between Zojila and Haniskot overlooked it.

> The terrain is rugged and interspersed by deep and narrow gorges and ravines. The PoJK area opposite Kargil was served by a jeepable road from Gilgit via Skardu to Gangam, but the tenuous road communication limited Pakistan's capability to induct troops in the area, particularly during the winter.



121 (Independant) Infantry Brigade Group, commanded by Brigadier ML Whig, was responsible for the defence of the Kargil Sector, and comprised three Battalions, viz. 7 GUARDS, 18 PUNJAB and 2/11 GORKHA RIFLES. Three more Battalions, namely 5/3 GORKHA RIFLES at Leh, 9 JAK Militia at Battalion HQ and 13 JAK Militia at Drass, were also deployed to support the Brigade. The Brigade Group was tasked to ensure the security of Srinagar-Leh road and to prevent infiltration astride the road, by capturing the surrounding hills and the area up to Olthing Thang near the confluence of the Indus and Suru/Shingo rivers. The initial plan visualised the capture of the Brachil Pass by 18 PUNJAB and Camels Back, Post 12 and Black Rocks by 2/11 GORKHA RIFLES.

### The Battle

The Pakistani position at Brachil Pass, situated at a height of 4,260 metres, was a vast Complex extending over 1,000 metres. It comprised three features, viz. Left Shoulder, the Pass and Bahar Post on the Right Shoulder. The Complex was held in Company strength. 18 PUNJAB advanced silently and attacked the position at 0530 hours on 07 December. The defenders opened up with machine guns and other automatic weapons, but the Punjabis captured the Left Shoulder of the Pass at 1000 hours, after almost five hours of hand-to-hand and bunker-to-bunker fight. The Pakistani troops then concentrated on defending the Bahar Post on the Right Shoulder but could not stand up to the relentless assault of the Indian Battalion. By 1600 hours on 07 December, the whole complex of the Brachil Pass fell into Indian hands.

Post 12, located East of the Shingo river, at a height of approximately 4,040 meters, was strongly fortified and was held by two Platoons and a Section of MMGs. On the night of 06 December, 2/11 GORKHA RIFLES marched through a difficult approach and undeterred by small arms and LMG fire, closed on the Post. After a fierce hand-to-hand battle, the Gorkhas captured the Post at 0845 hours on 07 December. Black Rocks and Post 28 (Hamid) were also captured the same day. However, in spite of the loss of Brachil Pass, the Pakistanis continued to interfere with the movement of the Indian troops on the spurs and the Pass.

During the battle of the Pass, which lasted much longer than expected, they had set up some Posts to the West of the Shingo river. These Posts hindered the launching of the second phase of operations by 7 GUARDS, commanded by Lieutenant Colonel Gurindarjit Singh and were to transit through the Pass to advance towards Olthing Thang.

To facilitate the advance, 7 GUARDS captured Post 29 (Ghora), which was located on the spur leading to Karkit Nala from the Hamid Post, at 1630 hours on 07 December. An ad hoc Platoon of 7 GUARDS and 18 PUNJAB evicted the Pakistanis the same day from Posts 30, 31 and 32. The next day, 7 GUARDS captured the Trishul Post, which dominated the entire area in the Brachil Pass Complex. The Guards then cut off the Pakistani rear by capturing Point 3985, after a bitter fighting on the night of 10 December. To consolidate the position, West of Shingo River, Wali and Malik Posts located East of Trishul, the bridge connecting it with Hathimatha, were captured by a Company of 18 PUNJAB on 14 and 15 December respectively, after fierce fighting.

Attention was now devoted to the Posts located to the East of the Shingo River. The Post at Point 13620 was tactically vital as it gave Pakistanis a clear view of the Kargil Base and enabled them to fire at own troops in the plateau area. Post 13 (Laila) covered the approach to Point 13620 from the North and connected it with Black Rocks. The continuous shelling of the Post by Indian Artillery and Infantry Mortars, combined with air strikes (two each on 07 and 08 December) and the disruption of water supply, demoralised the Pakistani troops. When 2/11 GORKHA RIFLES launched an assault on 09 December, it found the Post deserted.

The operations conducted on 07, 08 and 09 December enabled them to firm in on the West and East of the Shingo River. But they were short of Olthing Thang, the main objective. A decision was, therefore, taken to launch an attack along the West Bank of the Shingo, to facilitate the advance to Bielargo, located on the Gangam-Olthing-Thang-Skardu road. It was hoped that the capture of Bielargo would cut off the Pakistani lines of communication and facilitate the reduction of their posts to the east of the Brachil Pass.


However, before a new front could be opened, it was considered expedient to eliminate the Pakistani Post, called Ashoka Pillar which dominated the Indian Posts 13 and 14 and the road Leh-Kargil-Chunagund. 2/11 GORKHA RIFLES accomplished the task on 09 December. It was also considered necessary to clear the hostile positions astride the bank of Shingo river. 5/3 GORKHA RIFLES then cleared Posts 16, 17 and 18 on the Eastern Bank by 1800 hours on 11 December, while well-fortified Posts 19, 20 and Lakar were captured by them on the night of 12 December.

> The operations conducted on 07, 08 and 09 December enabled them to firm in on the West and East of the Shingo River. But they were short of Olthing Thang, the main objective. A decision was, therefore, taken to launch an attack along the West Bank of the Shingo, to facilitate the advance to Bielargo, located on the Gangam-Olthing-Thang-Skardu road.

One Company of 18 PUNJAB succeeded in capturing Post 43 on 13 December. The Indian troops further extended their hold to the East of the Shingo River with the capture of Sher Quila by 9 JAK Militia on 15 December. On the left of that river, some Pakistani Posts, though encircled by the Punjabis, held out in the Hathimatha Complex (Posts 21, 22, 23 and 24). Finally, a Company of 5/3 GORKHA RIFLES attacked the Complex from the rear and captured it on 17 December.

All hurdles on the way to Bielargo had thus been cleared, but it could not be captured due to the ceasefire. By the end of the war, India had captured 36 out of 80 Pakistani Posts and approximately 110 sq km area in the Kargil Sector. The enemy line of defence had been shattered, and the Brigade was now poised for an offensive on Olthing Thang. Brigadier Whig's leadership had inflicted heavy casualties on the enemy and secured large quantities of arms and ammunition. During these operations, 114 Pak troops were killed and 32 made Prisoners of War. The Indian casualties were estimated at 55 killed, 195 wounded and 28 missing. In recognition of his outstanding leadership, Brigadier Whig was awarded the Maha Vir Chakra. Brigadier Whig's military career is a testament to unwavering dedication, strategic acumen, and exemplary leadership. His contributions during the 1965 and 1971 wars have left an indelible mark on India's military history. The battle honours and accolades earned under his command continue to inspire generations of soldiers. His legacy is further carried forward by the sacrifices of his son, Major Mohit Whig, reflecting a family's profound commitment to the nation's service. Brig Whig's life story serves as a beacon of courage and patriotism, embodying the highest traditions of the Indian Army.

rajeshsharma1049@gmail.com





#TECHNOLOGY

# Meet Codex: OpenAI's Code, Cracking AI That Works Like a Teammate

From fixing bugs to writing full features, OpenAI's Codex is the multitasking AI agent that's changing how developers work.

Imagine if your coding assistant could not only suggest solutions but actually write, debug, test, and even update your software, without you lifting a finger. That's exactly what OpenAI's newest AI marvel, Codex, is designed to do. Launched on May 16, 2025, Codex isn't just another code autocomplete tool, it's an autonomous AI coding agent that behaves like a junior software developer, ready to take on tasks in parallel, follow instructions in plain English, and even propose pull requests. And yes, it can multitask.



## What Exactly Is Codex?

Codex is OpenAI's latest AI coding agent, running on the codex-1 model, a tailored version of its advanced o3 reasoning engine, fine-tuned for software development. But Codex doesn't just spit out code snippets, it actually gets to work like a real developer.

## Here's what it can do

- Write and deploy new features
- Fix bugs in your codebase
- Run and evaluate test cases
- Answer questions about existing code
- Suggest structured pull requests ready for review

Each job Codex handles spins up in a secure, isolated cloud environment loaded with your project repository. That means your main codebase stays safe, and Codex works like a remote teammate who brings their own tools and workspace.

## Chatting with Codex Is Like Messaging Your Developer Friend

Integrated directly into ChatGPT, Codex makes it super intuitive to collaborate. Just type what you want it to do-like 'add a login function' or 'find the bug in this code,' and Codex will handle it. Don't know the right technical lingo? No problem. You can talk to Codex in natural language. It understands you and translates your requests into smart, functional code.

## What Makes Codex Special?

1. **Multitasking Magic:** Codex can juggle several development tasks at once. For instance, it could be fixing a typo in one file while writing tests in another, something even human developers find taxing.
2. **Autonomous Workflows:** Codex isn't waiting for you to approve each step. It reads the repo, makes changes, tests them, and suggests improvements all on its own. You just need to review its work.
3. **Personalized to Your Team's Style:** Working with a team that has a strict code style or documentation standard? Codex can learn and adapt to it, helping enforce consistency across your projects.




### Where Can You Use Codex?

As of now, Codex is available in ChatGPT for Pro, Enterprise, and Team users under a research preview. It runs in the cloud, ensuring your computer doesn't need heavy processing power to benefit from this AI developer. OpenAI has announced plans to bring it to ChatGPT Plus and Edu subscribers soon.

### A Competitive Edge

With Codex, OpenAI isn't just making waves, they're challenging the likes of Google's Gemini Code Assist and Anthropic's Claude Code. The AI coding tools space is heating up, but Codex stands out by offering a truly agentic experience. It doesn't just help, it does.




### What's Next for Codex?

OpenAI sees Codex as just the beginning of a broader vision: AI agents that can collaborate like teammates, take ownership of technical tasks, and support developers in increasingly complex projects. The current release is a research preview, meaning feedback is crucial. OpenAI encourages developers to test it out, push its boundaries, and help shape how Codex evolves.

### Final Thoughts

Codex isn't here to replace developers, it's here to amplify them. By taking over repetitive and time-consuming tasks, Codex frees up engineers to focus on big-picture thinking, creative solutions, and faster innovation. So, whether you're a startup founder, a solo coder, or part of a massive team, Codex might just become your favourite new coworker, one who never sleeps, never complains, and always ships clean code.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# डॉक्टर की मौत को लेकर कार्रवाई की मांग, परिजनों ने हंगामा किया

## बारां के कोयला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर का शव नदी में मिलने का मामला

**कोटा,** (निसं)। बारां जिले की कोयला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉ. वैभव चावला की लाश पार्वती नदी में मिली थी। इस मामले में शुरुआत में आत्महत्या करने की बात सामने आई थी लेकिन पुलिस ने उनके पिता की शिकायत पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। साथ ही इस मामले में दो चिकित्सक और दो स्वास्थ्य कर्मियों के नाम भी मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

दूसरी तरफ परिजनों ने शनिवार को कोटा महानिरीक्षक पुलिस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान मृतक के परिवार की महिलाएं बेसुध हो गईं। साथ ही कार्यालय में ही धरने पर बैठ गईं। काफी देर चले धरने प्रदर्शन में आईजी कार्यालय में हंगामा होता रहा। मौके पर एडिशनल एसपी बेनी प्रसाद मीणा पहुंचे। बावजूद इसके काफी देर तक लोग नहीं माने। बाद में इन्होंने आईजी को ज्ञापन दिया। साथ ही इस पूरे प्रकरण में सीबीआई जांच की मांग कर दी। इसके अलावा उन्होंने हत्या में डॉक्टर और स्टॉफ के शामिल होने का आरोप लगाते हुए उन्हें जल्द गिरफ्तार करने और फांसी की सजा देने की मांग भी की है।




कोटा आईजी ऑफिस पर मृतक डॉक्टर के परिजनों ने धरना दिया।

प्रदर्शन कर रहे रोहित आर्य का कहना है कि बारां जिले में 18 मई को डॉ. वैभव चावला का शव कोटडी सूंडा गांव में मिला था। इस मामले को पुलिस ने पहले आत्महत्या माना लेकिन बाद में सीसीटीवी सामने आया था कि घटना के दिन उसे बाइक पर बैठाकर दो अस्पताल कार्मिक लेकर जा रहे थे। दूसरी तरफ डॉ. वैभव चावला तैरना जानते थे। ऐसे में नदी में डूबने की घटना गलत है। जब वह डूब रहे थे तो उन्होंने किसी व्यक्ति की मदद भी नहीं ली। यह भी संशय के घेरे में है। उनका दावा है कि डॉ. वैभव चावला से कई चिकित्सक रंजिश भी रखते थे। इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए।

मृतक के पिता गोपाल लाल आर्य का कहना है कि घटना के समय बाइक, जूते और उसका मोबाइल भी नहीं मिला है। डॉ. वैभव के साथ नदी की तरफ दो अस्पताल के कर्मचारी भी गए थे लेकिन पुलिस ने इस घटनाक्रम में अभी तक कुछ भी नहीं कहा है इसीलिए यह चिंता का विषय है। डॉ. वैभव मूल रूप से कोटा जिले के इटावा निवासी हैं।

बारां के एडिशनल एसपी राजेश चौधरी का कहना है कि प्रकरण में मृतक के पिता गोपाल लाल आर्य की शिकायत के आधार पर ही हत्या की धाराएं जोड़ी गई हैं। इसकी जांच बारां के पुलिस उपअधीक्षक ओमेंद्र सिंह शेखावत कर रहे हैं।

पुलिस उपअधीक्षक ओमेंद्र सिंह शेखावत का कहना है कि मामले में नर्सिंग अधीक्षक, सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर के साथ पूर्व बीसीएमएचओ और पूर्व सीएमएचओ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है जिसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# जमीन विवाद में हत्या करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने जमीन विवाद में प्राणघातक हमला कर व्यक्ति की हत्या करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार गोपालसिंह पुत्र धनसिंह निवासी बेलनिया झाड़ोल ने 21 मई को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बतायाकि रात में आठ बजे गणपत सिंह, मनोहर सिंह, गजेसिंह व तेजसिंह ने पत्थर व तलवार से हमारे परिवार पर हमला कर दिया, जिससे मेरे पिता धनसिंह, भाई नाहरसिंह तथा मेरे गंभीर चोटें आईं। गंभीर घायल धनसिंह की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में फलासिया थानाधिकारी सीताराम के नेतृत्व में गठित दल ने मिले साक्ष्यों के आधार पर हत्या के आरोपी गणपतसिंह पुत्र कुबेरसिंह, मनोहरसिंह पुत्र कुबेरसिंह, तेजसिंह पुत्र कुबेरसिंह तथा गजेसिंह पुत्र मनोहरसिंह निवासी वेलनिया झाड़ोल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि धनसिंह को अपनी काकी के गोल लिया हुआ था उसके बाद से धनसिंह को ढाई बीघा जमीन खेती करने के लिए दे रखी थी। लेकिन जमीन का इन्द्राज धनसिंह के नाम नहीं हुआ। इसी कारण गणपत सिंह द्वारा उक्त सामलाती जमीन के कुछ हिस्से को खातेदारों से खरीद कर गणपतसिंह के नाम करा दी व उक्त खेत की जुताई कर दी। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके चलते धनतसिंह की मौत हो गई।

# चांदगोठी के मोहल्ला अम्बेडकर में पेयजल संकट गहराया

**सादुलपुर,** (निसं)। ग्राम चांदगोठी के मोहल्ला अम्बेडकर में पानी की सप्लाई दो-तीन दिनों के बाद अर्थात् चार-चार दिनों से होने के कारण मोहल्ला में पेयजल संकट गहराया हुआ है।

मोहल्लेवासियों ने बताया कि पेयजल सप्लाई दो-तीन दिनों के अन्तराल से होने के कारण गर्मी के मौसम में पीने के पानी की किल्लत चल रही है। अमर सिंह मिरासी ने बताया कि चांदगोठी के मोहल्ला अम्बेडकर में मेघवाल, धानक एवं मिरासी समाज के परिवार निवास करते हैं और यह मोहल्ला गांव में पानी की लाइन के अंतिम छोर पर है, इसलिए इस मोहल्ले में पानी पहुंचते-पहुंचते बीच रास्ते में ही खत्म हो जाता है।

इस संबन्ध में ग्रामीणों ने सांसद राहुल कस्वां, विधायक मनोज कुमार न्यांगली, विनोदजी प्रधान पंचायत समिति राजगढ़ जिला चूरु, सुमित्रा भाजपा प्रत्याशी, पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनियां, भरथ सिंह सरपंच ग्राम पंचायत चांदगोठी, डॉ. सतपाल चाहर जिला पार्षद, कृष्णा पूनिया पंचायत समिति सदस्य, अधीक्षण अभियन्ता जलदाय विभाग चूरु, सहायक अभियंता जलदाय विभाग राजगढ़, कनिष्ठ अभियंता जलदाय विभाग चांदगोठी सभी से करबद निवेदन कर पेयजल संकट से राहत प्रदान करवाने की मांग की है।

# जमीन विवाद की रंजिश के चलते रास्ते में गाड़ी रुकवाकर मारपीट की

- गाड़ी के शीशे तोड़ने, नकदी भरा पर्स व सोने का ताबीज छीनने का आरोप

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जमीन विवाद की रंजिश के चलते रास्ते में गाड़ी रुकवाकर मारपीट करने, लट्ठ मारकर गाड़ी के शीशे तोड़ने, नकदी भरा पर्स व सोने का ताबीज छीनने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सदर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार गिरधारी लाल (45) पुत्र कुरड़ाराम मेघवाल निवासी चक 37 एसएसडब्लू, सहजीपुरा ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि देवीलाल, वीरू, विनोद पुत्र भादरराम, बलवंत, भादरराम पुत्र लिछमण राम, अनिल पुत्र भागीरथ, हंसराज पुत्र सोहनलाल, नितेश पुत्र हंसराज निवासी सहजीपुरा उसके साथ जमीन विवाद के चलते रंजिश रखते हैं और उसे एवं उसके परिवार को जान-माल की क्षति कारित करने की फिराक में रहते हैं। इसके लिए उसने पूर्व में इन लोगों को पाबंद करने के लिए प्रार्थना पत्र एवं एसडीएम के समक्ष इस्तगासा प्रस्तुत किया हुआ है। वह, विमला देवी, कमला देवी, ताराचंद, गिरधारी, कृष्णलाल अपने खेत में बनी ढाणी से किसी कार्य से हनुमानगढ़ आ रहे थे। गाड़ी ताराचंद चला रहा था। जब वे गांव के पास पहुंचे तो उक्त लोगों के अलावा मदनलाल पुत्र गोकलराम नायक, सोनू पुत्र सेवा सिंह बावरी निवासी सहजीपुरा व 7-8 अन्य लोग गांव सहजीपुरा से पहले हड्डा रोड़ी के पास हाथ में लाठी, गंडासी व पत्थर के टुकड़े लेकर खड़े मिले। इन लोगों ने गाड़ी रूकवा ली। हंसराज व अनिल ने ताराचंद का गला पकड़ नीचे पटकने का प्रयास किया। हंसराज व अनिल ने ताराचंद की जेब में से पर्स निकाल लिया, जिसमें दस हजार रुपए थे। देवीलाल व विनोद ने विमला के सिर में लट्ठ मारने के लिए पहले शीशे पर वार किया। शीशा टूटने पर दूसरी बार कमला व विमला पर किया और थाप-मुक्कों से मारपीट की। विमला ने गाड़ी की सीट के नीचे घुसकर अपनी जान बचाई। पीछे खड़े भादरराम, मदनलाल व सोनू ने गाड़ी के पिछले शीशे लट्ठ मारकर तोड़ दिए।

शीशे टूटते ही मदनलाल, सोनू तथा वीरू ने कमला को खींचकर नीचे पटकना चाहा। इन लोगों ने कमला के गले में पहना सोने का ताबीज निकाल लिया। गाड़ी तेज होने पर इन लोगों ने उन्हें जान से मारने के लिए पीछे से पत्थर फेंके। कमला व गिरधारी के कंधे पर पत्थर लगने से चोट लगी। हंसराज व भादर ने गालियां निकाली। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एएसआई कुलदीप मीणा के सुपुर्द किया है।

# बीकानेर के यात्रियों के दल के लोगों से केदारनाथ में मारपीट

- बीकानेर से 35 यात्रियों का एक दल गया हुआ था, दर्शन करने को लेकर झगड़ा हुआ

**बीकानेर,** (निसं)। देश के विख्यात पर्वतारोही मगन बिस्सा की पत्नी सुषमा बिस्सा और उनके परिवार के साथ केदारनाथ में कुछ लोगों ने मारपीट की है। इसके बाद वहां हंगामा हो गया। घटनाक्रम की शिकायत मौके पर तैनात सुरक्षा बलों से भी की गई। हालांकि इसके बाद भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं हुए। सुषमा बिस्सा स्वयं देश की विख्यात महिला पर्वतारोही है।

जानकारी के अनुसार बीकानेर से करीब 35 यात्रियों का एक दल केदारनाथ और बद्रीनाथ के लिए रवाना हुआ था। इसमें पर्वतारोही सुषमा बिस्सा और उनके परिवार के सदस्य भी शामिल थे। सुषमा के बेटे रोहिताश बिस्सा ने केदारनाथ से फोन पर बताया कि 35 लोगों का ग्रुप केदारनाथ आया था। इस ग्रुप के कुछ सदस्यों ने रुपए देकर वीआईपी दर्शन कर लिए, लेकिन सुषमा बिस्सा ने रुपए नहीं दिए। सुबह साढ़े तीन बजे लाइन में लगी। करीब दस घंटे की मशक्कत के बाद मंदिर के पास पहुंचते ही पट बंद हो गए। रोहिताश बिस्सा ने बताया कि आमतौर पर दो घंटे में नंबर आ जाता है लेकिन यहां लोगों को अवैध तरीके से लाइन तोड़कर दर्शन के लिए आगे बढ़ाया जा रहा था। इसका विरोध करने पर स्थानीय लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। सुषमा बिस्सा के साथ सबसे पहले मारपीट की गई। बीच-बचाव करने गए रोहिताश के साथ भी मारपीट की। रोहिताश के एक हाथ की अंगुली पर चोट लगी, जिससे खून बहने लगा, जिस मोबाइल से मारपीट करते हुए का वीडियो बनाया गया, उसे भी तोड़ दिया गया। वीडियो छीनकर सुषमा बिस्सा के मुंह पर मारा गया, जिससे उन्हें चोट लगी। मौके पर आए सुरक्षा बलों ने बीच बचाव किया लेकिन तब तक स्थानीय लोग मारपीट करते रहे। इस दौरान एक युवक को पकड़कर सुरक्षा बलों को सौंपा गया लेकिन वो वहां फरार हो गया। केदारनाथ ट्रस्ट से जुड़े अधिकारियों और सुरक्षा बलों को शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई इन बदमाशों पर नहीं हुई।

देश के विख्यात पर्वतारोही दिवंगत मगन बिस्सा का ये पूरा परिवार ही पर्वतारोही है। सुषमा बिस्सा स्वयं बच्छेंद्री पाल के साथ एवरेस्ट पर चढ़ाई कर चुकी है। इसके अलावा उनके बेटे रोहिताश बिस्सा भी पर्वतारोही है और लोगों को पर्वतारोहण का प्रशिक्षण देते हैं।

# कुएं में ब्लास्ट कर मछलियां मारने का आरोप

## पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**उदयपुर,** (निसं)। जिले के सायरा क्षेत्र में शनिवार को एक कुएं में मछलियां मरी हुई मिली। रोजाना की तरह ही आज सुबह ग्रामीण कुएं पर पहुंचे थे। वहां पर कुएं के बाहर मछलियां तड़प रही और कुछ मर चुकी थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि किसी असामाजिक तत्व ने ब्लास्ट कर मछलियों का मार दिया। घटना सायरा से करीब दो किलोमीटर दूर ब्राह्मणों का कलवाना गांव की है।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौके की स्थिति से लग रहा है कि किसी असामाजिक तत्व ने कुएं के वहां पर ब्लास्ट किया और मछलियों का मार दिया। गांव के लाला भाई ने बताया कि पूरे गांव के लिए यह कुआं पनिहारी का काम करता है। गांव में जिनके नल कनेक्शन नहीं है वे सब यहीं से पानी भरकर लाते हैं। इसके अलावा सिंचाई के लिए भी इसी पानी का उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि एक हजार की आबादी वाले इस गांव में बड़ी संख्या में लोग इस कुएं का उपयोग करते हैं।

सूचना मिलते ही सायरा थाने के एएसआई भंवर सिंह राजपूत पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी सूचना दी गई है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार करे और कुएं के पानी की वैज्ञानिक जांच करवाई जाए ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि जब तक पानी की जांच रिपोर्ट नहीं आवे तब तक इसे पीने में काम नहीं लेवें।

# बजरी माफिया ने युवक को क्रेन से उल्टा लटकाकर मारा

- युवक को बेल्ट से मारने का वीडिओ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ

**ब्यावर,** (निसं)। बजरी माफिया द्वारा युवक को क्रेन से उल्टा लटकाकर मारने का मामला सामने आया है। पिछले दिनों रायपुर में यह घटना घटित हुई। युवक पर डीजल चोरी करने का आरोप था जिस पर उसे अमानवीय तरिके से मारपीट की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उसे की घंटो तक ऐसी सज़ा दी गई जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। घटनाक्रम का वीडियो वहां किसी ने बना लिया था। हालांकि वीडिओ दो दिनों बाद सोशल मीडिया पर आया लेकिन युवक के अस्पताल में भर्ती हो जाने से भी जानकारी सामने आने लगी थी। क्रेन पर उल्टा लटकाकर बेल्ट से मारने का वीडिओ सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ने गुड़िया ग्राम से आरोपी तेजपाल और परमेश्वर को राउंडअप किया है। पीड़ित याकूब को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि पुलिस ने पांच आरोपियों को नामजद किया है। बताया जा रहा है की आरोपी पहले से ही हिस्ट्रीशीटर है। पीड़ित के बयान के बाद, काठात समाज और आमजन की मांग पर जांच कार्यवाही तेजी से जारी है। यह भी जानकारी में आया है कि मामले को दबाने के काफी प्रयास किये गए।

# विदेशी करेंसी का लालच देकर कारोबारी से 3.50 लाख की ठगी

- शातिर ठग कारोबारी को नकली विदेशी करेंसी के नाम पर कागज की गड्डियां थमाकर फरार हो गए

**अजमेर,** (कासं)। अलवर गेट थाना क्षेत्र में रहने वाले एक कारोबारी को शातिर ठगों द्वारा विदेशी करेंसी दिरहम आधी कीमत पर देने का लालच देकर करीब साढ़े तीन लाख रुपए की ठगी कर शिकार बनाने का मामला सामने आया है। शातिर ठग कारोबारी को नकली विदेशी करेंसी के नाम पर कागज की गड्डियां थमाकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात शातिर ठगों के खिलाफ शिकायत देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

अलवर गेट थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित कड़ैल निवासी ऑप्टिकल कारोबारी शमशुद्दीन ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसकी दुकान पर एक महिला दो युवकों के साथ खरीदारी करने आई थी।

महिला ने यूएई की करेंसी दिरहम दिखाते हुए कहा कि वह आधी कीमत पर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा दे सकती है। कारोबारी ने शक जाहिर किया तो महिला ने कहा कि वह जांच करवा सकता है। पुष्कर में मुद्रा विशेषज्ञों से पुष्टि कराने पर नोट असली निकला, जिससे कारोबारी शमशुद्दीन ने उन पर भरोसा कर लिया और इसके बाद महिला ने कारोबारी को अजमेर बुलाया और वह साढ़े तीन लाख रुपए लेकर नसीराबाद रोड स्थित नगरा पहुंचा, जहां उसे दो युवक मिले जिन्होंने खुद को महिला का सहयोगी बताया। युवकों ने बैग में दिरहम की गड्डियां दिखाईं और जल्दबाजी में रकम लेकर पास की खालसा गली में चले गए। जब कारोबारी ने बैग की जांच की, तो उसमें कागज की गड्डियां निकली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्धों की पहचान कर जांच शुरू कर दी गई है।

# चार नकाबपोश बदमाशों ने जेवरात व्यवसायी को लूटा

- 35 ग्राम सोना और ढाई किलो चांदी के जेवर से भरा बैग छीनकर फरार हुए

**नोखा,** (निसं)। कस्बे में देर रात एक जेवरात व्यापारी अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। तभी बाइपास सड़क पर अज्ञात बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया और सोने-चांदी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार हियांदेसर गांव निवासी देवीलाल सोनी की जेवरात की दुकान नोखा गांव से बाइपास को जोड़ने वाले सड़क मार्ग पर स्थित है। वह हमेशा की तरह रात दुकान बंद कर गांव की ओर रवाना हुआ। इसी दौरान बाइपास सड़क मार्ग पर दो बाइकों पर सवार चार युवक आए, जिनके मुंह कपड़े से ढके हुए थे। उन्होंने देवीलाल को धक्का देकर गिरा दिया और सोने-चांदी से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। अब तक मिली जानकारी के अनुसार, बैग में 35 ग्राम सोना और ढाई किलो चांदी के जेवरात थे, जिनकी कीमत लगभग 8 से 10 लाख रुपए बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर नोखा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात लुटेरों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच प्रारंभ की है। थाना अधिकारी अमित स्वामी ने बताया कि लूट की सूचना मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

# खेत की कंटीली बाड़ में आग लगी

**राजसमंद,** (निसं)। कुंवारिया थाना क्षेत्र के फियावडी पंचायत के गांडरियावास गांव में एक खेत की कंटीली बाड़ में आग लगने से किसानों में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना बालूराम और रामलाल गाडरी के खेत में हुई, जहां लगभग 300 फीट लंबी कंटीली बाड़ जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह किसान अपने खेत पर काम कर रहे थे तभी अचानक बाड में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि बाड़ के पास खड़े अंग्रेजी बबूल के पेड़ भी इसकी चपेट में आ गए। इतना ही नहीं, नीलगायों से फसल बचाने के लिए खेत के आगे लगाई गई लोहे की जाली भी आग की भेंट चढ़ गई, जिससे किसानों को नुकसान हुआ।

# पिस्टल लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

## पुलिस की नाकाबंदी देख भागने लगा, घेराबंदी कर पकड़ा



पुलिस ने पिस्टल लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया।

**कपासन,** (निसं)। कपासन में पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान में एक युवक को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी सुधीर जोशी के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत ये कार्रवाई की गई।

एएसपी सरिता सिंह और डीएसपी हरजीलाल यादव के सुपरविजन में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। सूचना थी कि एक युवक अवैध हथियार लेकर कपासन से सणयारड़ा रोड की तरफ जा रहा है। पुलिस ने तालाब की पाल पर नाकाबंदी कर दी। नाकाबंदी के दौरान युवक पैदल आता दिखा। पुलिस को देखकर वो भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर मोमिन मोहल्ला, कपासन निवासी शबीर अंसारी (21) को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में शबीर संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। तलाशी में उसके पास से एक पिस्टल बरामद हुई। उसके पास पिस्टल रखने के वैध दस्तावेज नहीं मिले। पुलिस ने पिस्टल जब्त कर शबीर को गिरफ्तार कर लिया। थाना कपासन में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में शंकर लाल, लक्ष्मीनारायण, रामपाल, देवीलाल, युवराज सिंह और जितेन्द्र की विशेष भूमिका रही।

# अवैध पत्थर परिवहन करते तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**सांभरझील,** (निसं)। उप महानिरीक्षक आनन्द शर्मा की निर्देशानुसार थानाधिकारी नरायना धर्म सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर अवैध पत्थर परिवहन करने वालों के खिलाफ ठोस कदम उठाते हुए शिकंजा कसा। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई करते हुए साखुन चौकी के पास सिपुरा रोड़ से अवैध पत्थर भरकर परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को पत्थरों सहित जब्त किया। चालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए साखून से हटपुरा रोड़से अवैध पत्थर भर कर परिवहन कर रहे एक बिना नम्बरी ट्रैक्टर ट्रोली को जब्त किया गया व चालक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं नरैना में पुलिया के पास अवैध शराब का बेचान करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से 48 पव्वे देशी शराब के जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपी नानूराम पुत्र पांचूराम माली, रामकुंवार पुत्र कल्याण बागरिया, राकेश पुत्र रामचन्द बागरिया, किशनलाल पुत्र भैरुराम हैं।

# नकबजनी मामले में वांटेड गिरफ्तार, 37 तोला सोने के जेवरात बरामद

**उदयपुर,** (निसं)। सविना थाना पुलिस ने फ्लेट में नकबजनी करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित मुकेश पुत्र मांगीलाल चौधरी निवासी पीपलखेडा डूंगला चित्तौड़गढ़ हॉल फ्लेट नं. 401 बी ब्लॉक कृष्णांगन अपार्टमेंट न्यू विद्यानगर सेक्टर 4 हिरणमगरी ने हिरणमगरी पुलिस थाने पर रिपोर्ट दी, जिसमें उसने बताया कि 20 मई 2023 को मेरी पत्नी बच्चों सहित मेरे ससुराल धुणीमाता डबोक चले गए एवं 28 मई को मैं आवश्यक कार्य होने से जयपुर चला गया। 29 को सांय मेरे आफिस स्टाफ जितेन्द्र सिरवी को फ्लेट देखने भेजा था। 30 मई को दूध देने वाले रामलाल ने फोन कर मकान का ताला टूटा होने की सूचना दी। इस पर पत्नी दिपिका को वहां भेजा तो ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से मेरे सात लाख तथा मित्रों से कारोबार के लिए उधार लिए 33 लाख कुल 40 लाख नकदी व 37 तोला सोने के जेवरात गायब थे। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी राव अजयसिंह के नेतृत्व गिरफ्तार आरोपियों से की गई पूछताछ में पता चला कि शातिर नकबजन रमेश उर्फ रम्मू उर्फ रामू ने प्रकरण का माल गौरव जैन को बेचना बताया। इस पर शातिर अभियुक्त गौरव जैन पुत्र गजेन्द्र जैन निवासी बोरी अलीराजपुरा एमपी हॉल जगदम्बा नगर डी गिरधारीपुरा सांगानेर जयपुर को केन्द्रीय कारागृह विशाखापट्टनम आंध्रप्रदेश से जरिये प्रोडेक्शन वारंट गिरफ्तार कर 37 तोला सोने के जेवरात बरामद किए। आरोपी के खिलाफ कई जगहों से चोरी का माल खरीदने के प्रकरण दर्ज हैं। जिसकी पुलिस तलाश में थी। इस मामले में अब तक चोरी किए 37 तोला सोने के जेवरात व 20 लाख रूपये नकदी बरामद हो चुकी है।

# भीड़ ने पिकअप वाहन में आग लगाई

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मांडल थाना क्षेत्र में गोरक्षा के नाम पर हिंसा की एक गंभीर घटना सामने आई है। बीती रात को फुलिया खुर्द गांव निवासी राजू लुहार, नाहर मोहम्मद (प्रतापगढ़ निवासी), और गोपाल रैगर (पिकअप चालक) हमीरगढ़ क्षेत्र से दो जर्सी गाय और एक बछड़ा खरीदकर पिकअप वाहन में लेकर फुलिया खुर्द लौट रहे थे। इसी दौरान मांडल पुलिस चौकी के पास कुछ लोगों ने उनकी पिकअप को जबरन रुकवा लिया। पिकअप में सवार लोगों ने उन लोगों को समझाने की कोशिश की कि उन्होंने पशुओं को कानूनी तरीके से खरीदा है और किसी प्रकार की अवैध गतिविधि नहीं हो रही है। बावजूद इसके, भीड़ ने उनकी बात नहीं मानी। जब स्थिति तनावपूर्ण होती गई, तब सवार लोगों ने स्वयं ही नजदीकी मांडल पुलिस चौकी जाकर मामले की जानकारी दी।

चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने पूरी स्थिति की जांच कर पशुओं की खरीद की जानकारी ली और यह स्पष्ट किया कि सभी गतिविधियां वैध हैं। इसके बाद पुलिस ने पिकअप को आगे बढ़ने की अनुमति दे दी। हालांकि, चौकी से कुछ ही दूरी पर एक बार फिर भीड़ इकट्ठा हो गई और उन्होंने पिकअप को दोबारा रोक लिया। इसके बाद स्थिति हिंसक हो गई। भीड़ ने वाहन में सवार तीनों लोगों को नीचे उतारकर पिकअप वाहन में आग लगा दी।

## विद्यालय को भेंट किए लेपटॉप

**निवाई।** ग्राम पंचायत राहोली में नवीन शिक्षा सत्र-2025-26 में राहोली के शिक्षक एजुकेशन को डिजिटल प्लेटफार्म पर उतारने का सपना साकार करते दिखाई दे रहे है। पीईईओ व प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका की प्रेरणा से शिक्षक गौरीशंकर चौधरी, गुलाबचन्द वर्मा व विनय वर्मा ने विद्यालय के शैक्षिणक नवाचारों के लिए तीन लेपटॉप विद्यालय को भेंट किए हैं।इससे पूर्व शिक्षक राजूलाल बैरवा व संजय व्यास ने कलर प्रिन्टर व शिक्षक गौरीशंकर चौधरी ने लेजर प्रिन्टर भेंट किया था। विद्यालय के पूर्व छात्र भी दो टीवी विद्यालय को भेंट कर चुके हैं। इसके साथ ही विद्यालय को समग्र शिक्षा राजस्थान द्वारा दिए गए इन्टरेक्टिव टीवी पैनल से पहले से ही ऑनलाइन डिजिटल कक्षाओं का संचालन हो रहा है। वहीं नवीन सत्र में विद्यार्थियों की उपस्थिति भी ऑनलाइन ऐप के द्वारा होगी। इसके साथ ही विद्यालय सोशियल मीडिया के सभी प्लेटफार्म फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम पर पहले से ही अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। पीईईओ राहोली की शिक्षिका पूजा पाटीदार ने शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर द लाइट ऑफ नॉलेज नाम से यूट्यूब चैनल भी स्टार्ट किया है।

## बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित श्रीराम मंदिर में शनिवार को लक्ष्मी नगर अन्डरपास संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन समिति अध्यक्ष रामस्वरूप चौधरी की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें समिति के सदस्यों के सुझाव आये कि लक्ष्मी नगर की साईड में 06 वार्ड आते है। इस साईड के लोगों को 05 किलोमीटर का चक्कर लगाकर राजमार्ग के दूसरी तरफ जाना पड़ता है, जो काफी दूर पड़ता है।

# दिव्य ज्योति शक्ति कलश रथ यात्रा का कोटपूतली में जगह-जगह स्वागत किया

**कोटपूतली।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जिला कोटपूतली बहरोड़ की सभी तहसीलों में क्रमानुसार पूरे क्षेत्र में दिव्य ज्योति शक्ति कलश रथ यात्रा के आगमान पर सभी नगर एवं ग्राम पंचायत, ग्राम वासियों द्वारा हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में रथ यात्रा का कोटपूतली

■ **कस्बे वासियों ने पुष्प वर्षा कर व आरती उतार कर किया भव्य स्वागत**

आगमन पर भी शानदार स्वागत किया गया।

गौरतलब है कि यह ज्योति शक्ति कलश रथ यात्रा परमपूज्य गुरुदेव पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य व शांतिकुंज हरिद्वार में विगत 98 वर्ष से जल रहे अखण्ड दीपक में व्याप्त दिव्य चेतना शक्ति का प्रतीक है। जिससे महाकाल के महा अनुष्ठान से राष्ट्र को सुरक्षित करने के लिए एक महा रक्षा कवच तैयार होगा एवं व्यक्तिगत जीवन में कष्ट, कठिनाईयां भी कम होगी, दैविक अनुदान वरदान भी अनवरत मिलते रहेगें।

दिव्य ज्योति शक्ति कलश रथ यात्रा कार्यक्रम के संयोजक बद्री प्रसाद शर्मा व जिला समन्वयक कंवरपाल जांगिड़ ने कोटपूतली बहरोड़ जिले के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में ज्योति कलश रथ यात्रा में शामिल होकर माँ गायत्री का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। यह रथ यात्रा कोटपूतली तहसील के समस्त ग्राम पंचायतों में 22 मई से 31 मई तक भ्रमण करेगी।

वहीं 01 जून से 08 जून तक बानसूर तहसील की समस्त ग्राम पंचायतों में, 09 जून से 13 जून तक नारायणपुर तहसील की समस्त ग्राम पंचायतों में, इसी तरह 14 जून से 17 जून तक विराटनगर, इसी प्रकार 18 जून से 23 जून तक पावटा, 24 जून से 28 जून तक बहरोड़, 29 जून से 30 जून तक मांढ़ण व 01 जुलाई से 3 जुलाई नीमराणा तहसील के समस्त ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगा।



कोटपूतली में नगर भ्रमण के दौरान आरती उतार कर रथा यात्रा का स्वागत करते लोग।

## अभिरुचि शिविर जारी

**कोटपूतली।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि शिविर में शनिवार को ध्वजारोहण कर शिविर निदेशक मनोरमा यादव ने शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि कोटपूतली में स्काउट गाइड के तत्वाधान में आयोजित किये जा रहे अभिरुचि शिविर से बालकों को ना केवल सीखने का मौका मिल रहा है बल्कि सर्वांगीण विकास हो रहा हैं। बालक इस अभीरुचि शिविर के माध्यम से अपने कौशल का विकास कर रहे हैं। स्थानीय संघ के प्रभारी एडीसी एवं सीबीईओ भागीरथ सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में 150 बालक बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अवकाश के समय का सदुपयोग करते हुए ये सभी बालक-बालिकायें अपनी-अपनी अभिरुचियों को निखार रहे हैं। शिविर में इंग्लिश स्पोकन, पेंटिंग, हारमोनियम वादन, कम्प्यूटर, मेहंदी, सिलाई, ब्यूटीशियन, जूडो कराटे, योग आदि विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर निदेशक मनोरमा यादव ने 25 मई से आने वाले नौतपा को देखते हुये बालकों को इससे बचाव के तरीके बतायें। वहीं शिविर स्टॉफ को भी शिविर समय में दोपहर 10.30 बजे तक बालकों को छोडने हेतु निर्देश दिये। संचालन असिस्टेंट लीडर ट्रेनर स्काउट सीताराम गुप्ता ने किया।

**मालपुरा मे तिरंगा यात्रा आज : मालपुरा ।** ऑपरेशन सिन्दुर मे भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन पर आज मालपुरा मे निकाली जायेगी विशाल तिरंगा यात्रा। भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व मे देशभर मे तिरंगा यात्रा निकालने के घौषित कार्यक्रमानुसार आज रविवार को प्रात: आठ बजे पुरानी तहसील बारादरी बालाजी मंदिर से तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक सम्पत्ति फ्लैट नम्बर जी-2 ग्राउण्ड फ्लोर, प्लॉट नं. बी-9, वृन्दावन रेजीडेन्सी, प्रेम कॉलोनी, दुर्गापुरा, टोंक, रोड, जयपुर में स्थित है, जिसका बिल्टअप एरिया 810 वर्गफीट है, जिस पर मेरी अभिभाष्य सविता खण्डेलवाल के पति सन्तोष खण्डेलवाल ने एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त सम्पत्ति के समस्त असल दस्तावेज एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड में रहन (Mortgage) कर रखे है। यह कि मेरी अभिभाष्य सविता खण्डेलवाल के पति संतोष खण्डेलवाल का दिनांक 29.12.2024 को स्वर्गवास हो गया तथा उक्त सम्पत्ति के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिये अब मेरी अभिभाष्य उक्त सम्पत्ति के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहती है तथा उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज मेरी अभिभाष्य सविता खण्डेलवाल को दिए जाते है, यदि इस सम्बन्ध मे किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथी से सात दिवस तक की अवधि मे मेरे कार्यालय मे सम्पर्क करे। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित रहे। मो- 18002100018/9460943434

केदार राम, एडवोकेट, मो.9460943434, 9799170016

**RAJASTHAN REAL ESTATE REGULATORY AUTHORITY**
2nd Floor, RSIC Wing, Udyog Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302005
Phone No.: 0141-2851900, Website: http://rera.rajasthan.gov.in/
No.F-5(3180)/RERA/Comp./2022To,Jaipur, dated:

**NOTICE FOR HEARING**

To,
Shivaay Affodable Homes616,617,618,619C-24-C HSB House, 2nd Floor, C-24-C, Bhagwan Das Road, C-scheme Jaipur Rajasthan 302017, Email-avinashdewan@rocketmail.com

Sub: Complaint No. RAJ-RERA-C-N 2022- 5259 titled HEENA HARISH SAGAR V/S Shivaay Affodable Homes.

Sir, Whereas the above named complainants have made complaints to this court under section 31 of the Real Estate (Regulation and Development) Act, 2016.Vide order dated 01.02.2024 this Authority has directed to hand over possession of Flat A-131, Residential Project under CM Jan Avas Yojna named as Gulmohar Park, Jagatpura, Jaipur but you have not complied the same as yet.Whereas, the complainant has filed an application alongwith draft sale deed for direction for execution of sale deed of the aforesaid unit as per order dated 01.02.2024.You are, therefore directed to appear in person or through authorised representative. or counsel for hearing before the Authority on 26 May, 2025 at 11.00 AM to show cause as to why sale deed be not executed in favour of complainant.If you fail to appear for hearing on the given date and time, necessary orders will be passed in accordance with Law, without further notice.Given under my hand and the seal of the court, this ... day of any, 2025.

By order, Deputy Registrar (Court)

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन**
( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय मलसीसर, जिला- झुन्झुनू (राज.)
**जंगशेर खान बनाम मुकारब खान वगैरह**
**अब्दुल गनी बनाम मुकारब खान वगैरह**
दावा बावत घोषणार्थ, रिकार्ड दुरूस्ती एवं स्थाई निषेधाज्ञा

प्रेषित-
1. जुल्फीकार पुत्र गुलाब खान,
2. जहीर अब्बास पुत्र गुलाब खान,
3. अमजद पुत्र गुलाब खान तमाम जाति कायमखानी निवासी पीथूसर तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू हाल आबाद बलोद तहसील फतेहपुर जिला सीकर (राज.)

वादी ने आपके विरूद्ध दावा बावत घोषणार्थ, रिकार्ड दुरूस्ती एवं स्थाई निषेधाज्ञा का वाद किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 28.05.2025 को दिन के 10 बजे दावे के उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर के द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति मे हों या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद में सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 2008/23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर न्यायालय — हस्ताक्षर
उपखण्ड अधिकारी, मलसीसर

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन**
( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय मलसीसर, जिला- झुन्झुनू (राज.)
**इस्लामुदीन बनाम नन्दू वगैरह**
दावा बाबत खाता विभाजन

प्रेषित-
नन्दू पुत्र महावीर जाति डाकोत निवासी मलसीसर तहसील मलसीसर जिला झुन्झुनू (राज.)

वादी ने आपके विरूद्ध दावा बाबत खाता विभाजन का वाद किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 18.06.2025 को दिन के 10 बजे दावे के उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर के द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति मे हों या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद में सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 1997/21.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर न्यायालय — हस्ताक्षर
उपखण्ड अधिकारी, मलसीसर

**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय...उपखण्ड अधिकारी...स्थान... कि.रेनवाल...
सुनील कुमार यादव...विरूद्ध...गोपाल वगै....
वाद बाबत तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा
वाद संख्या 25/2025

नाम गोपाल पुत्र जीवण, जितेन्द्र यादव पुत्र गोपाल लाल, बाबूलाल यादव पुत्र गोपाल लाल, प्रहलाद पुत्र गोपाल लाल, मीना देवी पुत्री गोपाल लाल, हेमलता पुत्री गोपाल [illegible]

...दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपंसजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई ओर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 23.5.25 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत — आज्ञा से-रीडर उपखण्ड अधिकारी
जिला किशनगढ रेनवाल
जिला जयपुर

**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय...उपखण्ड अधिकारी...स्थान... कि.रेनवाल...
धनेश कुमार बलाई...विरूद्ध...सीताराम वगै....
वाद बाबत तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा
वाद संख्या 93/2024

नाम सीताराम पुत्रहनुमान, नन्दाराम पुत्र हनुमान, मदनलाल पुत्र हनुमान समस्त जाति धोबी निवासी बधाल तहसील कि0 रेनवाल, भंवरी देवी पत्नि बिरदीचन्द जाति धोबी निवासी एन. [illegible]

...के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपंसजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई ओर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 23.5.25 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत — आज्ञा से-रीडर उपखण्ड अधिकारी
जिला किशनगढ रेनवाल
जिला जयपुर

## सडक हादसे में दो की मौत, एक घायल

**टोंक।** उनियारा थाना क्षेत्र के टोंक-सवाईमाधोपुर हाईवे पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर घायल हो गया। गंभीर घायल युवक को जिला सआदत हॉस्पिटल टोंक में प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर फोर्ट थाना क्षेत्र के हमीरपुरा निवासी नरेंद्र सैनी, विष्णु सैनी और सुमन मोटरसाईकिल पर सवार होकर शनिवार को अलीगढ़ की ओर जा रहे थे, जब वह उनियारा बाईपास पर पहुंचे तो उनके आगे चल रहे ट्रेक्टर के चालक ने अचानक ब्रेक लिया दिया, जिससे उनकी मोटरसाईकिल ट्रॉली से जा टकराई, तीनों बाईकसवार गंभीर घायल हो गए। बाद में ग्रामीणो की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को 108 एम्बुलेन्स से टोंक सआदत चिकित्सालय भिजवाया। जहां उपचार के दौरान कुछ देर में ही नरेंद्र सैनी और विष्णु सैनी की मौत हो गई। तीसरे सवार सुमन की हालत गंभीर है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया है।

# मोक्षधाम के बाहर सड़क पर लगें हैं टांसफार्मर दुर्घटनाओं को दें रहे हैं न्यौता

**किशनगढ़ बास।** शहर में 36 बिरादरी के लोगों का मौक्ष घाम बांसड़ा रोड पर है। इस मोक्ष धाम की जगह को और बढ़ाने के लिए करीब 2 साल पहले कमेटी को 1200 फीट जमीन दान की गई। मोक्ष धाम से जमीन को जोड़ने के लिए चार दिवारी की जानी है। कमेटी की ओर से एक साल से सरकारी मदद से चारदीवारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। नगर पालिका के पास बजट नहीं है इसके लिए और विधायक कांग्रेस का है वह आश्वासन पर आश्वासन देते आ रहे।

■ **बार बार शिकायत पर नहीं हटा रहा है विभाग**

किशनगढ़ बास नगर पालिका में गांव गंज बास कृपाल नगर बासड़ा भूरपहाड़ी टाकाहैडी सत्ती की ढाणी को मिलाकर 25 वार्ड लगते हैं। इनमें किशनगढ़ शहर में पांच मोक्ष धाम है जिनमें तीन सार्वजनिक और दो निजी व एक वाल्मीकि समाज का है। वैसे नगर पालिका के गंज बासड़ा भूरपहाड़ी दयालपुर टाकाहेडी और बास कृपाल नगर में निजी और सार्वजनिक शमशान है। यहां कुछ श्मशानों पर नगर पालिका की ओर से विकास के काम कराए गए हैं। लेकिन शहर के सबसे प्रमुख 36 कोमो के मोक्ष धाम को आज तक सरकारी मदद नहीं मिल सकी है।

हम बात करे शहर के बासड़ा रोड स्थित मौक्ष घाम की तो 12 से अधिक वार्डों के लोग अंत्येष्टि के लिए यहां पर आते हैं। इस मोक्ष धाम के विकास की बात की जाए तो इसकी चार दिवारी करीब 30 साल पहले एक बीड़ी व्यापारी ने कराई थी। इसके बाद फिर 25 साल पहले लायंस क्लब की ओर से बैठने के लिए बरामदे का निर्माण कराया गया। फिर लंबे अंतराल के बाद 6 साल पहले मोक्ष घाम जीर्ण-शीर्ण अवस्था में आने पर व्यापारी संजय सिंघल रमेश जैन हरमेश खुराना आदि लोगों ने बीड़ा उठाया और शहर से करीब 10 लाख से अधिक की राशि जन सहयोग से एकत्रित कर मोक्ष धाम का जीर्णोद्धार कराया। इससे पहले भी अंत्येष्टि स्थल के ऊपर टीन शेड के लिए शहर से चंदा किया गया। मोक्ष धाम के गेट का निर्माण भामाशाहों के द्वारा कराया गया है। पानी का बोरिंग भामाशाहों के द्वारा कराया गया। आइस बॉक्स भामाशाहों ने दान किए हैं। मोक्ष धाम पर लकड़ी की व्यवस्था कमेटी की ओर से की जाती है। लावारिस व गरीब व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए कमेटी की ओर से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। लेकिन पिछले कुछ महीनो से लकड़ी लाने ले जाने पर कड़ी सख्ती के कारण लकड़ी की कमी होने लगी है। बढ़ती आबादी के चलते मोक्ष धाम छोटा पढ़ने लगा। लंबे समय से मोक्ष धाम से लगती खाली पड़ी जमीन को लेकर प्रयास किए गए परंतु बात नहीं बनी। करीब दो साल पहले मोक्ष धाम से लगती जमीन का बेचान हो गया और करीब 1200 फीट जमीन समाज सेवी संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी के प्रयासों से मोक्ष धाम को मिल गई। अब दो साल पहले मोक्ष धाम की जगह को बड़ी करने के लिए जमीन तो मिल गई पर चार दिवारी के लिए पैसे नहीं है।

मोक्ष धाम विकास कमेटी के पास इतना बजट नहीं कि वह चार दिवारी का निर्माण करा सके। मोक्ष धाम विकास कमेटी के हरमेश खुराना ने बताया कि दान मिली भूमि पर चार दिवारी व लकड़ी रखने के लिए बरामदा निर्माण कराने के लिए करीब 20 लाख रुपए की जरूरत है और इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष व विधायक सहित जनप्रतिनिधियों से अनेक बार कहा गया है लेकिन आश्वासन सब दे रहे पर निर्माण का काम कोई नहीं करा रहे है। खुराना ने बताया 36 बिरादरियों के इस मोक्ष धाम के विकास के लिए आज तक कोई सरकारी मदद कमेटी को नहीं मिली है।

**खोया पाया**

मेरा मकान नं.34/512 प्रताप नगर, सांगानेर का मूल आंवटन पत्र व डिक्लेरेशन पत्र गुम हो गए है मिलने पर सूचित करें- ऊषा प्रसाद 9829036168

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक :- DHC-II/265 दिनांक :- 19/5/25

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 78/36, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्रीमती चंचल शर्मा पत्नी श्री सुरेश नारायण शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1921 दिनांक 20.01. 2004 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 30.06.2004 को प्राप्त कर लिया गया था। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 4126 दिनांक 13.03.2005 के द्वारा श्रीमती चंचल शर्मा पत्नी श्री सुरेश नारायण शर्मा के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर मे दिनांक 23.03.2005 को करवाया गया। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2981 दिनांक 01.12.2008 के द्वारा श्री छोटू राम गढ़वाल पुत्र श्री साई राम गढ़वाल के नाम हस्तान्तरण कर दिया गया। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 850 दिनांक 05.07.2012 के द्वारा श्री विनोद बिहारी सक्सैना पुत्र श्री मदन बिहारी सक्सैना के नाम हस्तान्तरण कर दिया गया। इसके पश्चात श्री विनोद बिहारी सक्सैना की मृत्यु दिनांक 16.05.2024 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती मिथलेश कुमारी सक्सैना पत्नी स्व. श्री विनोद बिहारी सक्सैना के द्वारा मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है।
अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध मे किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञिप्त प्रकाशन के 7 दिवस मे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि मे कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती मिथलेश कुमारी सक्सैना पत्नी स्व. श्री विनोद बिहारी सक्सैना के पक्ष मे उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

**आम सूचना** दि. 24.05.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट न. जी-85, योजना मेजर शैतान सिंह कॉलोनी, बनीपार्क विस्तार, जयपुर क्षेत्रफल 220.00 वर्ग गज को श्री राजेन्द्र कुमार जैन ने श्री घनश्याम माथुर से जरिये विक्रय-पत्र दिनांक 06.03.1969 को खरीद किया था। तत्पश्चात् श्री राजेन्द्र कुमार जैन का स्वर्गवास दिनांक 11.10.2011 को हो गया। श्री राजेन्द्र कुमार जैन के स्वर्गवास पश्चात् उनके वारिस/ उत्तराधिकारी में से उनके पुत्र श्री रवि जैन एवं पुत्रीयां श्रीमती रश्मि जैन, श्रीमती रजनी छाबड़ा, श्रीमती रेखा भण्डारी व श्रीमती मीना जैन ने उक्त प्लॉट में निहित अपना-अपना अविभाजित हिस्सा अपनी माता श्रीमती सुशीला जैन को जरिये पंजीकृत हक-त्याग पत्र दिनांक 28.12.2011 को त्याग कर दिया। तत्पश्चात् श्री रवि जैन ने उक्त सम्पत्ति पर ICICI Bank Ltd. से ऋण प्राप्त कर लिया जिसके हेतु सम्पत्ति मालकिन श्रीमती सुशीला जैन ने उक्त सम्पत्ति को ICICI Bank Ltd. में रहन रख दिया। तत्पश्चात् श्रीमती सुशीला जैन ने उक्त प्लॉट की पंजीकृत वसीयत दिनांक 15.12.2020 को अपने पुत्र श्री रवि जैन के हक में कर दी। तत्पश्चात श्रीमती सुशीला जैन का स्वर्गवास दिनांक 14.03.2023 को हो गया। उनके स्वर्गवास पश्चात् उक्त वसीयत के आधार पर काबिज मालिक श्री रवि जैन ने उक्त कम्पनी में जारी ऋण में अपनी माता श्रीमती सुशीला जैन का नाम हजब कर उक्त ऋण को अपने नाम से जारी रखने हेतु ICICI Bank Ltd. में आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति के बाबत् एवं स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जैन एवं स्व. श्रीमती सुशीला जैन के वारिस/ उत्तराधिकारी की हैसियत से किसी भी व्यक्ति, संस्था, जनसाधारण आदि को कोई भी आपत्ति हो तो उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में अपना हक या आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे, अन्यथा उसके पश्चात् किसी प्रकार का कोई हक या अधिकार मान्य नहीं होगा।
(पीयूष भार्गव एडवोकेट) मो. 9828300154
6, रघुकमल निवास, गणपति प्लाजा के सामने, एम.आई. रोड, जयपुर
E-mail:-vkbhargavaassociates@gmail.com

**नाम परिवर्तन**

मैं संतोष S/o हरी शंकर निवासी B-52, Ward No. 16 Vijay Nagar से अपना नाम बदलकर संतोष जंगम S/o हरी शंकर जंगम निवासी 22, आदर्श कृष्ण नगर रख लिया है, भविष्य में मुझे संतोष जंगम S/o हरी जंगम के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

मैंने अपना नाम पारस विद्या (Paras Vaidhya) से बदलकर पारस कुमार विद्या (Paras Kumar Vaidhya) रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता बी-2 तारा नगर, अल्पना कॉलोनी नियर खातीपुरा पुलिया झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान-302012

मैंने अपना नाम सहजाद खातून (Shazad Khatoon) से बदलकर शहजाद खातून (Shahzad Khatoon) पुत्री श्री Maj Abdul Wahid Khan रख लिया है। निवासी- 303/367, मोनार्क रेजिडेंसी, उद्योग नगर, निवारू रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# खनन माफिया सहित विभिन्न धाराओं में पांच गिरफ्तार

**सांभरझील, (निसं)।** स्थानीय पुलिस की गठित ने विभिन्न धाराओं में पांच जनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इसके अंतर्गत ट्रेक्टर-ट्रोली मय अवैध खनिज चेजा पत्थर से भरी हुई को जप्त कर खनन माफिया को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ अवैध खनन के मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। अवैध रूप से देशी शराब बेचने वाले दो जनों को गिरफ्तार कर कब्जे से देशी शराब जप्त कर दोनो आरोपियो के खिलाफ अलग-अलग आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज किए गए है। शैक्षिणक संस्थाओं के पास धुम्रपान सामग्री बेचने पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से धुम्रपान सामग्री जप्त कर आरोपी के खिलाफ धुम्रपान निषेध अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस टीम द्वारा एक अन्य कार्यवाही करते हुए बिना परमिशन के सार्वजनिक स्थान पर तेज आवाज में टेप बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने के आरोप में एख को गिरफ्तार कर ध्वनि उपकरणो को जप्त किया जाकर आरोपी के खिलाफ 4/6 आरएमसी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

थाना अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी श्योजीराम पुत्र श्री रामलाल जाति गुर्जर उम्र 44 साल निवासी कोच्या की ढाणी थाना सांभरलेक जिला जयपुर, बद्रीनारायण पुत्र श्रश्योकरण जाति गुर्जर उम्र 44 साल निवासी कोच्या की ढाणी थाना सांभरलेक जिला जयपुर, बालूराम पुत्र भैरूलाल जाति जाट उम्र 56 साल निवासी नौरंगपुरा थाना सांभरलेक जिला जयपुर, गंगाराम पुत्र मोहनलाल जाति बलाई उम्र 49 साल निवासी त्योद थाना सांभरलेक जिला जयपुर के रहने वाले हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने में हैंड कांस्टेबल महेश कुमार, राधेश्याम, बलवीर सिंह, रमेश कुमार, महेश कुमार, श्रवण कुमार, ओमप्रकाश, लोकेश कुमार, श्याम लाल, राजपाल व कांस्टेबल अनुज कुमार की भूमिका रही।



पुलिस ने खनन माफिया को गिरफ्तार किया।

## रूद्र महायज्ञ में भक्ति और श्रद्धा का अद्वितीय संगम 25 को

**नारायणपुर ।** कस्बे के राजपुरा मोहल्ले में स्थित माधवानंद सरस्वती परमहंस आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय 21 कुण्डीय रूद्र महायज्ञ में शनिवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। साध्वी विदुषी सरस्वती के पावन सानिध्य में संपन्न हो रहे इस धार्मिक अनुष्ठान के आठवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहुतियाँ अर्पित कीं। यज्ञाचार्य पंडित वेदप्रकाश के मार्गदर्शन में प्रतिदिन विधिवत रूप से आहुतियाँ दी जा रही हैं।

श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन विशाल भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालु पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। महायज्ञ के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी विशेष प्रस्तुति दी जा रही है। नेहड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत गायक कलाकार रोहिताश पायला, रामबाबू और श्योराम धमोरा ने अपनी प्रस्तुतियों से इतिहास की महत्त्वपूर्ण घटनाओं को रोचक अंदाज़ में दर्शकों के समक्ष रखा। साथ ही प्रसिद्ध कलाकार सतपाल डांसर द्वारा रंगारंग नृत्य प्रस्तुति ने मनोरंजन का रंग भर दिया।

## बीएसएफ जवान का अंतिम संस्कार

**बहरोड़/ नीमराना।** 24/5/2025 बहरोड़ के नजदीकी गांव कोहराना के सीमा सुरक्षा बल के जवान रामवतार का पुष्प चक्र अर्पित करते हुए राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के मुताबिक जैसलमेर के रामगढ़ क्षेत्र में ड्राइवर के पद पर तैनात करीब 57 वर्षीय राम अवतार यादव की गर्मी से तबीयत बिगड़ने से मौत हुई।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका किशनगढबास, खैरथल-तिजारा**
क्रमांकः- 551 | प्रारूप-10 नियम 6 (7) देखिए | दिनांकः- 22/05/2025

**लोक सूचना**

आवेदक / खातेदार श्रीमती राजकुमारी पत्नि श्री भंवर लाल उर्फ भौरेलाल निवासी वार्ड नं 19 बासकृपाल नगर तहसील किशनगढबास जिला खैरथल तिजारा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| किशनगढ़बास, खैरथल-तिजारा | बासकृपाल नगर हल्का पटवार बासकृपाल नगर | 217/1228 | 0.6100 है0 |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मोहर के अधीन आज 22/5/24 को जारी की गयी।
प्राधिकारी अधिकारी, नगरपालिका किशनगढबास

**कार्यालय नगर विकास न्यास, सवाई माधोपुर**
क्रमांकः प. ( )नविच्या/न्या.सं./2025/344 | **आपत्ति सूचना** | दिनांक 23/05/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर विकास न्यास, स.मा. के क्षेत्राधिकार में न्यास द्वारा अनुमोदित आवासीय योजना ग्राम आलनपुर के खसरा नम्बर 2466 रकबा 0.74 है0 में नियमन शिविर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है जिसमें खातेदार द्वारा जरिये इकरारनामा से वैचान कर निम्नांकित क्रेताओं का पट्टा चाहा गया है जिनका विवरण निम्नप्रकार है-

| क्र. सं. | पट्टा धारक का नाम | पिता का नाम | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्गगज) | प्रस्तावित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हनुमान प्रसाद जैन | राधेश्याम जैन | 33 | 166.66 | आवासीय |
| 2 | श्री हनुमान प्रसाद जैन | राधेश्याम जैन | 32 | 161.11 | आवासीय |
| 3 | श्रीमति सुनीता सिंहल | गिर्राज प्रसाद सिंहल | 8 | 111.11 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 4 | श्रीमति सुनीता सिंहल | गिर्राज प्रसाद सिंहल | 16 | 138.88 | आवासीय |
| 5 | श्रीमति सुनीता सिंहल | गिर्राज प्रसाद सिंहल | 15 | 138.88 | आवासीय |
| 6 | श्रीमति सुनीता सिंहल | गिर्राज प्रसाद सिंहल | 9 | 111.11 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 7 | श्रीमति प्रीति मंगल | अमित कुमार | 14 | 138.88 | आवासीय |
| 8 | श्रीमति सुनीता सिंहल | गिर्राज प्रसाद सिंहल | 7 | 111.11 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 9 | श्रीमति सुनीता सिंहल | गिर्राज प्रसाद सिंहल | 17 | 138.88 | आवासीय |
| 10 | श्री विनय कुमार जैन | पदम चन्द जैन | 5 | 111.11 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 11 | श्री विनय कुमार जैन | पदम चन्द जैन | 19 | 138.88 | आवासीय |
| 12 | श्री सुभाष गर्ग | रामदयाल गर्ग | 2 | 111.11 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 13 | श्री सुभाष गर्ग | रामदयाल गर्ग | 22 | 138.88 | आवासीय |
| 14 | श्री सुभाष गर्ग | रामदयाल गर्ग | 21 | 138.88 | आवासीय |
| 15 | श्री सुभाष गर्ग | रामदयाल गर्ग | 3 | 111.11 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 16 | श्रीमती राजकुमारी गर्ग | नरेन्द्र मोहन गर्ग | 20 | 138.38 | आवासीय |
| 17 | श्रीमती राजकुमारी गर्ग | नरेन्द्र मोहन गर्ग | 4 | 111.11 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 18 | श्रीमती पिंकी जैन | विनय कुमार जैन | 6 | 111.11 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 19 | श्रीमती पिंकी जैन | विनय कुमार जैन | 18 | 138.88 | आवासीय |
| 20 | श्री कमल कुमार अग्रवाल | सूरजमल अग्रवाल | 38 | 125.00 | आवासीय |
| 21 | श्रीमती मीना जैन | आशीष कुमार गुप्ता | 1 | 111.11 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 22 | श्रीमती पूनम शर्मा | मुरारी लाल शर्मा | 11 | 66.66 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 23 | श्रीमती मीना जैन | आशीष कुमार गुप्ता | 23 | 138.88 | आवासीय |
| 24 | श्रीमति प्रीति मंगल | अमित कुमार | 10 | 111.11 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 25 | श्रीमती पूनम शर्मा | मुरारी लाल शर्मा | 12 | 66.66 | मिश्रित / व्यवसायिक |
| 26 | श्रीमती पूनम शर्मा | मुरारी लाल शर्मा | 13 | 138.88 | आवासीय |
| 27 | श्रीमती चन्द्रकला सैनी | रमेश कुमार सैनी | 37 | 125.00 | आवासीय |
| 28 | श्रीमती चन्द्रकला सैनी | रमेश कुमार सैनी | 36 | 125.00 | आवासीय |
| 29 | रमेश कुमार सैनी | रामप्रताप सैनी | 35 | 125.00 | आवासीय |
| 30 | श्री राकेश कुमार जैन | उमराव मल जैन | 25 | 166.65 | आवासीय |
| 31 | श्री रमेश कुमार सैनी | रामप्रताप सैनी | 34 | 125.00 | आवासीय |
| 32 | श्री दिनेश चन्द अग्रवाल | चिंरजीलाल गुप्ता | 41 | 96.11 | आवासीय |
| 33 | श्री दिनेश चन्द अग्रवाल | चिरजीलाल गुप्ता | 40 | 126.38 | आवासीय |
| 34 | श्री महावीर प्रसाद जैन | पदम चन्द जैन | 31 | 111.11 | आवासीय |
| 35 | श्री महावीर प्रसाद जैन | पदम चन्द जैन | 30 | 111.11 | आवासीय |
| 36 | श्री राजकुमार मीना | राधेश्याम मीना | 28 | 122.22 | आवासीय |
| 37 | श्री राजकुमार मीना | राधेश्याम मीना | 27 | 138.88 | आवासीय |

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बर में पट्टा जारी करने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना के प्रकाशन तिथी से 07 दिवस के भीतर कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में योजना अन्तर्गत आवेदनों को नियमन करने की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे
उक्त सूचना आज दिनांक 23/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मण्डल की मुहर द्वारा जारी की गई।
सचिव नगर विकास न्यास सवाई माधोपुर

# पूर्व मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया

**भरतपुर (निस)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर सामाजिक, धार्मिक व वैवाहिक कार्यक्रमों में शिरकत की। वहीं रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई की और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान मुरवारा गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों उन्हें कई समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर डॉ. गर्ग ने समस्याओं का शीघ्र ही समाधान कराने का विश्वास दिलाया।

डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर जनसनुवाई की और समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिये। डॉ. गर्ग से कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने भी मुलाकात कर राजनैतिक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान डॉ. गर्ग का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।



विधायक डॉ. सुभाष गर्ग दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे।

## संक्षिप्त

### श्री अग्रसेन भवन का लोकार्पण 28 मई को

**शाहपुरा।** शाहपुरा शहर के बाबा श्याम मंदिर के पीछे एमडीआर रोड पशु चिकित्सालय के सामने अग्रवाल समाज समिति शाहपुरा द्वारा नवनिर्मित श्री अग्रसेन भवन का लोकार्पण 28 मई को सुबह 11:00 होगा। अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष महेश चंद बजाज व सचिव राजेंद्र चुड़ला ने बताया कि लोकार्पण त्रिवेणी धाम के संत खोजीद्वाराचार्य राम रिछपाल दास जी महाराज व खोरी परमानंद धाम के संत हरि ओम दास जी महाराज के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। समिति के उपाध्यक्ष कल्याण चंद गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद राव राजेंद्र सिंह, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग,विधायक मनीष यादव, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, नगरपरिषद सभापति बंशीधर सैनी होंगे। कोषाध्यक्ष आशीष माऊरामका ने बताया कि अखंड रामायण पाठ मंगलवार को सुबह 9:00 बजे, हवन पूर्णाहुति बुधवार को सुबह 9:00 बजे, इसके बाद सुबह 11:00 बजे भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा।

### निःशुल्क योगा क्लास शुरू

**श्रीमाधोपुर ।** विश्व योग दिवस के मध्यनजर राजकीय ब्लाक आयुष चिकित्सालय श्रीमाधोपुर में रोज योगा करवाया जायेगा। डा. चंद्र प्रकाश व्यास ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मध्यनजर अब एक माह तक प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक योग प्रशिक्षण दिया जाएगा।पंचवटी, गजानंद काम्प्लेक्स के सामने स्थित आयुष चिकित्सालय में रोज योग प्रशिक्षक पुष्कर सैनी योगाभ्यास करवायेंगे।सभी नागरिकों सेआग्रह किया है कि वे प्रतिदिन प्रातः पधारकर योग का लाभ लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु चिकित्सालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

### मण्डल विधान का धूमधाम से हुआ आयोजन

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन नसीयां मंदिर में आर्यिका विशेषमति माताजी के सानिध्य में शनिवार से दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर मां पद्मावती एवं मानभद्र क्षेत्रपाल की नवीन वेदीयों की स्थापना एवं विश्वशांति हवन का आयोजन किया जाएगा। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला व सुनिल भाणजा ने बताया कि शनिवार को सुबह देवाज्ञा, गुरूआज्ञा, दिकपाल अर्चना, आचार्य निमंत्रण, वेदी शुद्धि संस्कार, वास्तु पूजन, पट बंधन एवं मां पद्मावती एवं मानभद्र क्षेत्रपाल मण्डल विधान, सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा गोद भराई, चौला अर्पण एवं आरती का आयोजन किया गया। पंडित सुरेश शास्त्री ने बताया कि रविवार को जलधारा, नित्य पूजन, विश्वशांति हवन, नवनिर्मित वेदी में मां पद्मावती एवं मानभद्र क्षेत्रपाल जी को विरामान किया जाएगा।

### तैयारियां जोरों पर

**निवाई।** दिगम्बर जैन महासमिति संभाग निवाई महिला अंचल एवं महिला ईकाई निवाई के तत्वावधान में धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र जैन पांडया, राजस्थान अध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस, राकेश गोदिका, मनीष बैद, महिला अंचल अध्यक्ष शकुंतला बिन्दायका, मंत्री सुनीता गंगवाल, कोषाध्यक्ष उर्मिला जैन, टोंक संभाग अध्यक्ष नवीन लुहाडिया, सरावगी समाज अध्यक्ष शिखरचंद काला, महिला ईकाई अध्यक्ष टोंक सरोज बंसल व पूर्व चेयरमैन टोंक लक्ष्मी जैन सहित कई पदाधिकारी समापन समारोह में भाग लेंगे। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि शिविर के समापन समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है।

### नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में शनिवार को नशा मुक्त करने व स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु जन जागरूकता के लिये नशा मुक्ति केन्द्र स्थापित किया गया। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया व नशा मुक्ति की शपथ दिलायी। पूर्व में गठित नशा मुक्ति समिति के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति की ई-शपथ हेतु क्यू.आर. कोड चस्पा किये। इस दौरान प्रो. अनुभा गुप्ता, डॉ. गजराज सिंह, प्रो. शुभलता यादव, प्रो. जितेन्द्र यादव, प्रो. हरिराम धनेटिया, प्रो. संदीप कुमार आर्य, भारत भूषण गौड़ आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहें।

# 'ऑपरेशन सिंदूर में सेना का पराक्रम इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होगा'


विधायक हंसराज पटेल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया।

- भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन
- सेना के शौर्य के सम्मान में देश भक्ति नारों से गुंजायमान हुआ माहौल, उमड़ा देश भक्ति का सैलाब

**कोटपूतली।** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता पर भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम के सम्मान में कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में विधायक हंसराज पटेल के नेतृत्व में शनिवार को भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक हंसराज पटेल व भाजयुमो के पूर्व प्रदेश महामंत्री देवायुष सिंह ने कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित कृषि उपज मण्डी परिसर से ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया। यह तिरंगा यात्रा शनिवार सायं 04 बजे बानसूर रोड़ स्थित कृषि उपज मण्डी परिसर से प्रारम्भ होकर राठौड़ पार्क, कृष्णा टॉकीज, मुख्य चौराहा होते हुये नगर परिषद पार्क में पहुँचकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में अपार जोश व उत्साह के साथ वर्तमान व पूर्व जिला परिषद सदस्य, प्रधान, उप प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, नगर परिषद के वार्ड पार्षद, सरपंचगण, भाजपा के सभी मोर्चा व मंडलों के अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं समेत सैनिक व पूर्व सैनिक एवं आमजन ने भाग लिया। इस दौरान सेना के शौर्य के सम्मान में देश भक्ति नारों से माहौल गुंजायमान हो उठा, तिरंगा यात्रा में देश भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम् और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाये।

यात्रा का जगह-जगह क्षेत्रवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में प्रशासन की भी माकूल व्यवस्था रही। इस मौके पर विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के प्रति सम्मान और देश भक्ति की भावना को प्रकट करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी, जिसे लेकर क्षेत्रवासियों में जबरदस्त उत्साह और गर्व की भावना देखने को मिली। पटेल ने कहा कि भारतीय सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूत करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश जो पहले भारत को आंख उठाकर देखा करते थे वो आज भारत के खिलाफ किसी भी प्रकार का दुस्साहस करने से कतराते है। उन्होंने कहा कि यह जन सैलाब यात्रा भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई है।

### श्रमण संस्कृति शिविर का हुआ आगाज

**निवाई।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में मुनि सुधासागर महाराज के पावन आर्शीवाद से श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शनिवार को प्रेमचंद गिन्दोडी, सुनिल भाणजा, रामपाल चवंरिया, राधेश्याम कठमाणा, मुकेश जैन, विनोद वनस्थली व कमलेश बुखारी द्वारा आचार्य शांतिसागर महाराज व आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके शिविर का शुभारंभ किया गया एवं मां जिनवाणी की स्थापना की गई। जिसमें कई प्रांतो से पधारे शास्त्री विद्वानों द्वारा 8 दिवसीय नैतिक मूल्य, जैन दर्शन व गूढ़ रहस्यों को समझाया जाएगा। क्षेत्रीय प्रभारी पंडित सुरेश के शास्त्री ने बताया कि 24 मई 31 मई तक आयोजित शिक्षण शिविर में सभी बच्चों युवा एवं वरिष्ठ जनों को शिविर में पढ़ाया जाएगा। प्रातः काल जिनाभिषेक, विभिन्न विषयों की कक्षाएं जिसमें बाल बोध, छहढ़ाला, इष्टोपदेश, तत्वार्थ सूत्र, द्रव्य संग्रह व रत्नकरण्ड श्रावकार का अध्ययन करवाया जाएगा।

# बच्चों के खेल खेल में विवाद, दो पक्षों में जमकर मारपीट

- मनीष स्वामी ने सोशल मीडिया पर प्रागपुरा थाना पुलिस पर मौके पर नहीं पहुंचने व गुमराह कर मामला दर्ज नहीं करने के लगाए आरोप

**पावटा।** उपखंड पावटा क्षेत्र के तन ग्राम टसकोला की ढाणी चक्रतीर्थ में दो पक्षों में बच्चों का खेल खेल में विवाद हो गया। जिसे लेकर कुछ ही मिनट में विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने अपने साथियों के साथ मिलकर आपस में लाठी डंडों से जमकर पिटाई की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। जिसके एक पक्ष के लोगे दूसरे पक्ष के साथ मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे है।

फिलहाल प्रागपुरा थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत लेकर और वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। दरअसल, उपखंड पावटा क्षेत्र के तन ग्राम टसकोला की ढाणी चक्रतीर्थ निवासी प्रदीप स्वामी पुत्र जगदीश स्वामी ने 22 मई गुरुवार को प्रागपुरा थाना पुलिस में उपस्थित होकर मामला दर्ज करवाया था कि वह पावटा कस्बे में फालूदा के काम करता है। शाम करीब उसके पास घरवालों का फोन आया कि उनके साथ मारपीट हो गई है। जब घर जाकर देखा तो सत्यनारायण स्वामी, मनोहर स्वामी, रोहित पुत्र सत्यनारायण स्वामी, मनीष पुत्र सत्यनारायण स्वामी, अंजू पत्नी मनीष, विमला पत्नी सत्यनारायण स्वामी घर में घुसकर मेरे माता- पिता, मेरे भाई की लड़की अनीषा, मनीषा, व उसके 16 वर्षीय पुत्र गणेश को मार रहे थे। वही उन्होंने भाई की लड़की अनीषा, मनीषा के साथ अभद्रता व लज्जा भंग का आरोप भी लगाया। वही भाई के 16 वर्षीय पुत्र गणेश को मनोहर स्वामी द्वारा गला घोंटकर जान से मारने का व परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया।

उन्होंने बताया कि आस पड़ोस के लोगों व अन्य परिजनों ने छुड़वाया । मेरी मां चोट लगने से बेहोश हो गई। जिन्हें उपचार के लिए उपजिला अस्पताल पावटा ले गए। वही प्रदीप पुत्र जगदीश प्रसाद स्वामी, आशीष स्वामी पुत्र घनश्याम स्वामी के गंभीर चोटे आई है। जिन्हें बीडीएम जिला अस्पताल कोटपुतली उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। वही दूसरे पक्ष ने 23 मई शुक्रवार को मनीष पुत्र सत्यनारायण स्वामी ने प्रागपुरा थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि मेरी पत्नी अंजू देवी , माता विमला देवी, पुत्री पल्लवी घर पर अकेली थी। उसी समय सौरभ उर्फ दीपू पुत्र महेश स्वामी, राकेश पुत्र कैलाश स्वामी, विक्रम पुत्र राधेश्याम स्वामी, महेश स्वामी पुत्र सूरजमल स्वामी , प्रदीप पुत्र जगदीश, अमित पुत्र कमलेश, हैप्पी पुत्र प्रदीप, गणेश पुत्र नरेश, कविता पत्नी विक्रम, प्रेम पत्नी कमलेश, रेवती पत्नी जगदीश, मन्नी देवी पत्नी सूरजमल ने एक राय होकर षड्यंत्र पूर्वक घर में घुस गए व मेरी पत्नी , माता व बेटी से मारपीट की व उनसे अभद्रता व लज्जा भंग करने व जान से मारने की एलानिया धमकी देने का आरोप लगाया।

वही मनीष स्वामी ने पुलिस के मौके पर नहीं पहुंचने व गुमराह करते हुए मामला दर्ज नहीं करने का आरोप भी लगाया है। ज्यों कि सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वहीं प्रागपुरा थाना पुलिस ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद दोनों पक्षों का मामला दर्ज कर लिया है। प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह का कहना है कि दोनों पक्ष थाने पर आ चुके हैं। दोनों पक्षों ने शिकायत की है। दोनों पक्षों का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। साथ ही वीडियो की भी जांच पड़ताल की जा रही है।

## नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्षों ने विधायक रामसहाय वर्मा का जताया आभार

**निवाई।** भाजपा मंडल के नवनियुक्त अध्यक्षों ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ ढोल नगाड़ों के साथ महावीर कॉलोनी स्थित विधायक निवास पहुंचे। जहां पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नितिन जैन छाबड़ा, डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी व पीपलू मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों

- 101 किलो की माला पहनाई

भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक रामसहाय वर्मा का 101 किलो फूलों से बनी हुई माला और साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान मंडल अध्यक्षों ने विधायक को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। शहर मंडल अध्यक्ष नितिन छाबड़ा ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं व निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, जिला अध्यक्ष चंद्रवीरसिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक आम कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के प्रति आने


विधायक वर्मा का सम्मान करते हुए नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष।

वाले निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव में निस्वार्थ पारदर्शी रूप से क्षेत्र में फिर से भाजपा का परचम लहराने के लिए सभी मंडल अध्यक्ष सदैव तत्पर रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आम जन के लिए जो योजनाएं लागू कर रखी हैं उनका घर-घर जाकर प्रचार प्रसार किया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं को अधिक से अधिक आम जनता तक लाभ दिलवाया जाएगा। इस अवसर पर विधायक वर्मा ने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का लड्डू खिला कर मुंह मीठा करवाया। इस दौरान जिला मंत्री अंकुर गुप्ता, जयपुर नगर निगम पार्षद अंकित वर्मा, मोहित चंवरिया, सियाराम शर्मा, संजय अग्रवाल, जितेंद्र धारवाल, जीतू विजयवर्गीय, पार्षद रामविलास बलाई, रामनारायण कुमावत, संजय सिरस, राजू मालावत, बिट्टू बना, आशु गोड, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## माली सैनी विचार संगम संस्थान द्वारा चिंतन शिविर आज

**श्रीमाधोपुर।** समाज में समय-समय-पर माली सैनी समाज एवं समाजबंधुओं के साथ हो रहे अन्यायों के विरुद्ध एकजुट रहने और निरंतर आत्मचिंतन के माध्यम से सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, अखिल भारतीय माली सैनी विचार संगम संस्थान द्वारा एक विशेष पहल की जा रही है।संस्थान की नियमित ऑनलाइन गूगल मीट बैठकों को अब फिजिकल मंच पर लाकर समाज के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।

इसी उद्देश्य से एकदिवसीय कार्य योजना एवं सामाजिक चिंतन शिविर का आयोजन 25 मई रविवार को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक हिरा वेली रिसोर्ट, सोडाला, जयपुर में किया जा रहा है।कार्यक्रम के संयोजक रूड़मल सैनी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य थीम "सामाजिक एकजुटता एवं सामाजिक जागरूकता" रहेगी। यह शिविर माली सैनी समाज के सभी वर्गों समाजसेवियों, सामाजिक चिंतकों, अधिवक्ताओं, सरकारी कर्मचारियों अधिकारियों, व्यापारी वर्ग व बुद्धिजीवियों के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र कछवाह, पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय एवं वर्तमान चेयरमैन, राजस्थान राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग रहेंगे एवं विशिष्ट अतिथिगण प्रेमसुख टाक, इंद्र राज सैनी, मनफुल सिंह सैनी, ओंकार मल सैनी रहेंगे। कार्यक्रम के सहसंयोजक विप्लव टाक किशोर सैनी एवं सुरेश सैनी ने बताया की राजस्थान ही नहीं, संपूर्ण देश के माली सैनी समाज के सभी जागरूक, विचारशील एवं सामाजिक रूप से सक्रिय समाजबंधु इस चिंतन शिविर में सादर आमंत्रित हैं।कार्यक्रम के सह सहयोजक डॉ अजय सैनी ने बताया की सैनी समाज द्वारा। आयोजित संगोष्ठी केवल एक सामाजिक मिलन नहीं, बल्कि एक समाजिक चेतना और विकास की दिशा में सामूहिक प्रयास होता है। इसमें भाग लेने से समाज के प्रत्येक सदस्य को कई स्तरों पर लाभप्राप्त होते हैं संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने सभी समाज बंधुओ से कार्यक्रम में सम्मलित होकर सफल बनाने का आग्रह किया।

### चयन को निरस्त करने के आदेश पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**शाहपुरा ।** शाहपुरा के गांव स्वामीपुरा निवासी अनिता स्वामी के मामलें में हाई कोर्ट ने इसके चयन को निरस्त करने के 24 अप्रेल के आदेश पर रोक लगा दी है तथा याचिकाकर्ता को पुनः कार्यग्रहण करवाने के निर्देश दिए है साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव, निदेशक सहित दो अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता के अनिता स्वामी के अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि प्रार्थियां राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग में महिला पर्यवेक्षक के पद के लिए निकाली गई भर्ती में सम्मिलित हुई थी। भर्ती में चयन होने के उपरांत विभाग ने 28 मार्च को नियुक्ति आदेश जारी किया था। जिसमें प्रार्थियां को परियोजना पावटा आवंटित कर दिया गया। प्रार्थियां ने नियुक्ति आदेश की पालना में 1 अप्रेल 2025 को परियोजना पावटा में कार्यग्रहण कर लिया। इसके पश्चात विभाग ने 24 अप्रेल को आदेश जारी कर प्रार्थियां को भर्ती के लिए अपात्र मानते हुए।

## ऑपरेशन सिन्दुर पर मातृ शक्ति संगोष्ठी का आयोजन

**मालपुरा।** ग्रामीण बालिका छात्रावास दूदू रोड मालपुरा के सभा भवन मे शनिवार को ऑपरेशन सिन्दुर की सफलता पर मातृ शक्ति संगोष्ठि का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की सांगानेर गार्गी शाखा मुख्य शिक्षिका तनुष्का राजावत ने मौजूद मातृ शक्ति व बालिकाओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि भारत की सेनाओं ने अपने पराक्रम व अदम्य साहस से पाकिस्तान के विरूद्ध

- ग्रामीण बालिका छात्रावास दूदू रोड मालपुरा के सभा भवन मे शनिवार को ऑपरेशन सिन्दुर की सफलता पर मातृ शक्ति संगोष्ठि का आयोजन किया

ऑपरेशन सिन्दुर चला पाकिस्तान मे चल रहै नो आंतकी ठिकानो एवं



ग्रामीण बालिका छात्रावास दूदू रोड मालपुरा के सभा भवन मे ऑपरेशन सिन्दुर की सफलता पर मातृ शक्ति संगोष्ठि का आयोजन किया।

ग्यारह एय्यर बेस को ध्वस्त कर पाकिस्तान को घुटनो के बल रेंगने पर मजबूर कर दिया।

भारतीय सैनिको ने ऑपरेशन सिन्दुर को सफलता के शिखर पर पहुंचा विश्व मे भारत की डिफेन्स टेक्नोलॉजी का लौहा मनवाया है। ऐसे भारतीय सैनिको को बारम्बार सलाम। इस दौरान एडवोकेट सुश्री शशि जैन, संतोष कोठारी,अल्का पारीक ने भी ऑपरेशन सिन्दुर की सफलता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि भारतीय नारी के सिन्दुर मे कितनी ताकत है इसक एहसास भारतीय जवानो ने पाकिस्तान को करवाया है तो साथ ही भारत सरकार ने भी इस बार सिन्धु जल समझौता रद्द करने व पाकिस्तान का पानी बंद करने सहित कई कठोर कदम उठा पाकिस्तान को उसकी गलती का एहसास करवा विश्व मे पाकिस्तान के चेहरे को बेनकाब कर दिया।

### ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

**अलवर ।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्राी एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव द्वारा 25 मई एवं 26 मई को संसदीय क्षेत्रा अलवर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'सांसद संपर्क संवाद यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन होगा, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा अन्य मुद्दों के संबंध में आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

कलक्टर शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रमनुसार 25 मई को प्रातः 7:30 बजे से प्रातः 9 बजे तक अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रा की ग्राम पंचायत लिली में संवाद कार्यक्रम होगा जिसमें ग्राम पंचायत कलसाडा, लिली व ग्राम पंचायत मालाखेडा के गांव शामिल रहेंगे। इसके पश्चात् सांय 4 बजे से सांय 5:30 बजे तक राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्रा की ग्राम पंचायत पाटन के अटल सेवा केंद्र पंचायत भवन के पास पाटन में ग्राम पंचायत पाटन, छिलोडी, बिलेटा व राजपुर छोटा के लिए सांसद संपर्क संवाद यात्रा कार्यक्रम आयोजित होगा।

## सार-समाचार

### अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पद के चुनाव आज

**निवाई।** अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष पद के लिए रविवार को चुनाव संपन्न होंगे। जिसकी तैयारियां जोर शोर पर चल रही है। जिलाध्यक्ष प्रत्याशी कालूराम जांगिड़ ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित मतदान करवाने के लिए 2 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसको लेकर निवाई विश्वकर्मा मंदिर व टोंक में विश्वकर्मा मंदिर में बूथ स्थापित किए है। उन्होंने बताया कि करीब 917 मतदाता रविवार को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मतदान करेंगे। उसी दिन 5:30 बजे से मतगणना होगी। मतगणना के तुरंत बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कालूराम जांगिड़ व हनुमान जांगिड़ जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर सभी मतदान केन्द्रों पर संपूर्ण व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दे दिया गया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रत्याशी कालूराम जांगिड़ ने समाज के लोगों को अधिकाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

### 'सम्मान से बढ़ता है प्रतिभाओं का हौसला'

**मनोहरपुर ।** ग्राम लोचूकाबास स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह प्रधानाचार्य मनोज शर्मा के सानिध्य में हुआ। इस दौरान विद्यालय स्टाफ ने प्रतिभाओं के घर जाकर उन्हें अभिभावकों सहित माला एवम् साफा पहनाकर, मिठाई खिलाकर उनके सुखद भविष्य की कामना की। सरकारी विद्यालय की कला वर्ग की ब्लॉक टॉपर मनीषा यादव पुत्री सीताराम यादव 97.2 प्रतिशत, ब्लॉक सेकेंड टॉपर मनीषा यादव पुत्री रामचंद्र यादव 96 प्रतिशत, आरती यादव 94.4 प्रतिशत, विकास यादव 94.4 प्रतिशत, अर्चना वर्मा 93.6 प्रतिशत, टीना यादव 92.6प्रतिशत, साक्षी यादव 92.4 प्रतिशत, किस्मत यादव 92 प्रतिशत सहित अन्य विद्यार्थियों का सम्मान किया। विद्यालय के कला वर्ग के कुल 14 विद्यार्थियों में से सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज शर्मा व्याख्याता रोहिताश्व डूडी,राहुल शर्मा ,रामकरण ढबास,अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी हरलाल सिंह, शंकर लाल यादव ,भवानी शंकर कौशिक, बाबूलाल बुनकर, विमल कुमार शर्मा, मुकेश यादव सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### विशाल केसरिया ध्वज रैली निकाली

**अलवर।** आज समस्त करणी सेनाओं के नेतृत्व में "चक्रवति क्षित्रय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 859वीं जयन्ती" के अवसर पर विशाल केसरिया ध्वज रैली निकाली गई। श्री राष्ट्रीय राजपूत करनी सेना, अलवर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि विशाल केसरिया ध्वज रैली सांय 4:30 बजे राजपूत छात्रावास परशुराम सर्किल, अलवर से प्रारम्भ होकर अशोका टाकीज, त्रिपोलिया, होप सर्कस, घण्टाघर, मन्नी का बड़ होते हुए कम्पनी बाग स्थित शहीद स्मारक पर पहुँची रैली में हजारों की संख्या में राजपूत समाज के गणमान्य लोग शामिल रहे। रैली में डी.जे., झाँकी, दुपहिया व चौपहिया वाहन सहित युवा उत्साह से पंक्तिबद्ध होकर चलते रहे। रैली को सफल बनाने में दीपक सिंह तॅवर, लक्ष्मेश सिंह, पवन सिंह निर्वाण, जितेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह टिटपुरी, भूपेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह बडेर, टोनू, अतुल राजावत ने सहयोग किया।

### आज आयोजित होगी तिरंगा यात्रा

**पावटा।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान मे आज विराटनगर में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड, जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल की गरिमामयी उपस्थिति में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। तिरंगा यात्रा में विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि व्यापार संघ के पदाधिकारी गण सहित छात्र, युवा, महिलाओं सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता भाग लेंगे। तिरंगा यात्रा विराटनगर पंचायत समिति से प्रारंभ होकर शहर के सड़कों को देशभक्ति के जज्बे में सरोवर करते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई विराटनगर सुभाष चौक पर जाकर ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों और शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि के साथ संपन्न होगी । जानकारी देते हुए कार्यक्रम के यात्रा के जिला संयोजक अमित बडबडवाल ने बताया कि आने वाले दिनों में देश के वीरों और शहिदों को प्रणाम करने के लिए सेवा का अभिवादन करने के लिए विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा।

### प्रतिभाओं का किया सम्मान

**निवाई।** आदर्श उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर शिवाजी कॉलोनी का 12वीं बोर्ड कला वर्ग व विज्ञान वर्ग का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहनलाल स्वामी ने बताया कि कला वर्ग में छात्र अरविंद बैरवा ने 93.60 प्रतिशत, रोहित मीणा ने 93 प्रतिशत, ललित सैनी ने 92.40 प्रतिशत, आयुषी कुमावत ने 92.20 प्रतिशत, रिमझिम दाधीच ने 89.20 प्रतिशत व बेनी प्रसाद मीणा ने 89.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी प्रकार विज्ञान वर्ग में नेहा परवीन ने 91.80 प्रतिशत, तनीषा अग्रवाल ने प्रतिशत, हर्षित शर्मा ने 90 प्रतिशत, अक्षिता मीणा ने 89.20 प्रतिशत, कोमल चौधरी ने 89 प्रतिशत तथा अरिहंत जैन ने 87.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इसको लेकर विद्यालय परिवार ने शुक्रवार को सभी प्रतिभाओं का सम्मान किया। इस अवसर पर त्रिलोकचंद जैन, रामकृष्ण स्वामी, अनसूया स्वामी, आसाराम मीणा, रामफूल सैनी व देवनारायण स्वामी सहित प्रबंध समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### टॉपर्स विधार्थियों को किया सम्मानित

**श्रीमाधोपुर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 के टॉपर्स 29 विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। इसी विद्यालय के शुभम सैनी ने 93.20 अंक प्राप्त कर स्कूल का व गांव का नाम रोशन किया है सैनी ने बताया कि मेरे पिताजी टेलर का काम करते हैं व मां ग्रहणी है। पिता उदय सिंह सैनी ने बताया कि पांच बहनों का इकलौता भाई है । विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने छात्र शुभम के साफा माला पहनाकर व पेन , डायरी देकर मिठाई खिलाकर के सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अंकुर ने हरवर्ष की भांति इसवर्ष भी उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों शुभकामनाए देते हुए हमेशा मेहनत करने का सन्देश दिया व आभार व्यक्त किया । विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियो व अभिभावको का भी सम्मान किया गया । प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने कहा टॉपर तनिषा कुमावत को अपने खर्चे से हवाई यात्रा करवायेंगे ।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**भरतपुर ।** भरतपुर में 21 जून को 11 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा जिसका काउंट डाऊन प्रोग्राम 20 मई से 20 जून तक मनाया जा रहा है। जिला कलैक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई मिटिंग में सभी विभागों को पूर्ण मनोयोग से अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये । डॉ इन्दू शर्मा उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भरतपुर के द्वारा योग के बारे में अपने विभागीय कर्तव्यों के बारे में बताया गया एवं सभी से अनुरोध किया गया कि योग दिवस को सफल बनाने हेतु जन मानस में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जावे । डॉ शर्मा ने बतया कि वर्तमान मै आयुर्वेद के सभी औषधालय चिकित्साल्यों में प्रतिदिन प्रातः योग प्रशिक्षकों द्वारा योग क्रिया करवायी जा रही है। अधिक से अधिक लोग इससे जूड़े एवं योग से होने वाले लाभ प्राप्त करें ।

### तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम किया

**दूदू ।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर दूदू नगर पालिका मुख्यालय पर भाजपा मंडल पश्चिम के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम किया गया यात्रा का शुभारंभ नरेना रोड स्थित बीएसएनएल टावर से किया जाकर मुख्य मार्ग से होते मालपुरा रोड स्थित एक निजी गार्डन तक निकाली गई यात्रा के दौरान युवाओं ने जोश के साथ भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाए यात्रा के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस दौरान सामाजिक संगठनों व्यापारियों एवं नागरिकों ने भी भाग लिया

### अतिक्रमण हटाकर रास्ता खोला

**दूदू ।** निकटवर्ती बिचून एवं मोखमपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के अधीन जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे रास्ता खोलो अभियान के तहत राजस्व विभाग की टीम ने बिचून से मोखमपुरा जाने वाले पुराने रास्ते से खातेदारों को समझाईश कर सहमति से अतिक्रमण हटाकर रास्ता खोला गया कई दिनों से बंद पड़े रास्ते को खुलने के बाद लोगों के चेहरे पर खुशी आई इस दौरान गिरदावर भंवरलाल शिवराम शर्मा गोपाल मीणा पटवारी एवं सरपंच खातेदार मौजूद रहे।

# खेल जगत



ईशान किशन ने 18वें ओवर की पांचवीं बॉल पर एक हाथ से सिक्स लगा दिया। भुवनेश्वर ने गेंद मिडिल स्टंप की ओर आती एक लो फुल टॉस फेंकी। ईशान किशन घुटनों पर आकर खेले और बल्ले से उनका हाथ तक छूट गया।


**भारतीय बल्लेबाज, मैच के दौरान एक हाथ से सिक्स लगाया।**

**आज का खिलाड़ी** — **शुभमन गिल**




**बल्लेबाज** शुभमन गिल भारतीय टेस्ट टीम के नए कप्तान बनाए गए हैं। ऋषभ पंत उप-कप्तान चुने गए हैं। ने शनिवार को मुंबई में हुई मीटिंग में इसका ऐलान किया। साथ ही इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा भी हुई। 20 जून से शुरू हो रहे इंग्लैंड दौरे में भारत को 5 टेस्ट खेलने हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा के रिटायरमेंट के बाद टीम में साई सुदर्शन और करुण नायर को जगह मिली है। वहीं शार्दुल ठाकुर की टीम में वापसी हुई है।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी पुरुषों के फुटबॉल में शीर्ष दो सक्रिय अंतरराष्ट्रीय गोल स्कोरर हैं।









# दिल्ली ने पंजाब को 6 विकेट से हराया



## टॉप-2 फिनिश की उम्मीदें कम, रिजवी ने फिफ्टी लगाई, मुस्तफिजुर को तीन विकेट

जयपुर, 24 मई। दिल्ली कैपिटल्स ने के 66वें मैच में पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया। इस हार ने प्लेऑफ में पहुंच चुकी का टॉप-2 में फिनिश करना मुश्किल कर दिया। वहीं दिल्ली ने 15 पॉइंट्स के साथ 5वें नंबर पर रहकर अपना लीग स्टेज फिनिश किया। टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी।

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शनिवार को दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। पंजाब ने 8 विकेट खोकर 206 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने 53 और मार्कस स्टोयनिस ने 46 रन बनाए। दिल्ली ने 19.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। समीर रिजवी ने फिफ्टी लगाई। करुण नायर ने 44 रन बनाए। टीम से मुस्तफिजुर रहमान को 3 विकेट मिले।

20वें ओवर की तीसरी गेंद पर समीर रिजवी ने मार्कस स्टोयनिस के खिलाफ छक्का लगाया और टीम को 6 विकेट से जीत दिला दी। रिजवी ने 5 छक्के लगाकर 58 रन बनाए।

19वें ओवर में समीर रिजवी ने अर्शदीप सिंह के खिलाफ सिंगल लिया और 22 गेंद पर अपनी पहली फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 4 छक्के लगाए।दिल्ली ने 15वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बॉल हरप्रीत बरार ने यॉर्कर फेंकी, करुण नायर स्वीप शॉट खेलने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। उन्होंने 44 रन बनाए।

करुण नायर और समीर रिजवी ने 14वें ओवर में चौथे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। दिल्ली ने 93 रन के स्कोर पर तीसरा विकेट गंवाया था। टीम ने 15वें ओवर में 150 रन भी पूरे कर लिए।

## इंगलिश, स्टोइनिस की पंजाब किंग्स में वापसी, दिल्ली करेगी गेंदबाजी

नई दिल्ली, 24 मई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 66वें मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले



क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। जोश इंगलिस और मार्कस स्टोइनिस की पंजाब किंग्स के अंतिम एकादश में वापसी हुई है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी की वापसी का स्वागत करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा टीम लीग के अंतिम चरण में लय बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। हम यहां से लय बनाना चाहते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इस बीच, दिल्ली के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने अपने सीजन के उतार-चढ़ाव को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, हम गेंदबाजी करेंगे। हम एक अतिरिक्त बल्लेबाज खेल रहे हैं। इससे लक्ष्य का पीछा करने में मदद मिलती है। हमने अच्छी शुरुआत की, फिर उतार-चढ़ाव भरे दौर से गुज़रे। पंजाब की नज़र शीर्ष दो में जगह बनाने पर है और दिल्ली पांचवें स्थान पर जगह बनाने की कोशिश कर रही है।

## शुभमन गिल पंजाब से भारत टेस्ट टीम के तीसरे कप्तान बने

### स्कूल की प्रिंसिपल बोली- शुभमन गिल 40 मिनट के पीरियड में आउट नहीं होता था

नई दिल्ली, 24 मई। पंजाब के फाजिल्का के शुभमन गिल भारतीय टेस्ट टीम के नए कप्तान बनाए गए हैं। करीब 47 साल के बाद पंजाब के क्रिकेटर को ये कमान सौंपी गई है। 25 साल के शुभमन गिल जून में होने वाले इंग्लैंड दौरे में कप्तानी करेंगे। वे पंजाब से बनाए गए तीसरे कप्तान बने। उनसे पहले लाला अमरनाथ और बिशन सिंह बेदी टेस्ट में कप्तानी कर चुके हैं। गिल के कप्तान बनने के बाद उनके पैतृक गांव जैमल सिंह वाला और मोहाली के जिस स्कूल में पढ़े, वहां जश्न का माहौल है। गिल ने मोहाली के फेज-10 में स्थित क्रिकेट स्टेडियम से मात्र 500 मीटर की दूरी पर स्थित मानव मंगल स्मार्ट स्कूल में दूसरी से लेकर दसवीं कक्षा तक पढ़ाई की।

प्रिंसिपल और शिक्षकों ने कहा कि चौथी कक्षा से गिल ने क्रिकेट खेलना शुरू किया। 40 मिनट का स्पोर्ट्स पीरियड होता था और इस दौरान वह आउट नहीं होता था। गिल के कोच ने कहा कि उसे क्रिकेट से बहुत लगाव है। वह कभी प्रैक्टिस से छुट्टी नहीं लेता था। प्रिंसिपल बोलीं- चौथी कक्षा से शुरू किया था क्रिकेट प्रिंसिपल कविता मलिक ने बताया कि शुभमन गिल चौथी कक्षा से ही क्रिकेट खेलने लगा था। 40 मिनट का स्पोर्ट्स पीरियड होता था और इस दौरान वह आउट नहीं होता था। उसका यही शौक आज उसे इंडिया टीम में कैप्टन के पद पर ले आया। जिस समय शुभमन गिल इंडिया टीम में सिलेक्ट हुआ था, तब भी वह खुद और स्कूल स्टाफ उसके घर जाकर शुभकामनाएं देकर आए थे। अब इंडिया टीम का कप्तान बनने के बाद स्कूल के साथ इंडिया का नाम भी शुभमन गिल रोशन करेगा।

क्लास टीचर बोलीं- पढ़ाई में बहुत ही अच्छा रहा गिल शुभमन गिल की 10वीं कक्षा की टीचर शैलेंद्र कौर ने बताया कि वह पढ़ाई में बहुत ही अच्छा रहा और किसी भी तरह की कोई शरारत नहीं करता था। वह क्लास का होनहार स्टूडेंट था। शुभमन क्रिकेट के साथ-साथ पढ़ाई में पूरी मेहनत करता था। गिल ने आज पंजाब ही नहीं देश का नाम भी रोशन किया है। कोच बोले- गिल ने एक भी दिन छुट्टी नहीं की वहीं गिल के कोच दिनेश ने कहा कि वह उनके पास पीसीए स्टेडियम में अंडर-14 में खेलने के लिए आया था। वह बैटिंग सबसे ज्यादा करता था। उसमें क्रिकेट को लेकर काफी ज्यादा लगाव है। प्रैक्टिस के दौरान एक दिन भी छुट्टी नहीं की। रोजाना ग्राउंड पर आता था और पूरी प्रैक्टिस करता था।

## क्रिकेट मैच के दौरान मैदान में एसआई भर्ती रद्द करने के नारे लगे

### प्रीति जिंटा ने दर्शकों पर फेंकी पंजाब किंग्स की टी-शर्ट

जयपुर, 24 मई। सवाई मानसिंह स्टेडियम में रोचक नजारा देखने को मिला जब हनुमान बेनीवाल के समर्थक एसआई भर्ती रद्द करने के नारे लगाने लगे। अचानक हुए इस घटनाक्रम से दर्शकों के साथ ही पुलिसकर्मी भी हरकत में आ गए और बडी मुश्किल से उन समर्थकों को शांत करवाया। पंजाब किंग्स के मालकिन प्रीति जिंटा पूरे समय मैदान के बाहर दर्शक दीर्घा में मौजूद थी। उन्होंने दशकों की खूब हौसला अफजाई की । कुछ मौका ऐसे आए जब उन्होंने पंजाब किंग्स की टी-शर्ट दर्शकों में फेंकी जिसको लेने को लेकर युवा वर्ग में खासा उत्साह नजर आया। पंजाब किंग्स ने इस बार अपना होम ग्राउंड जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को बना लिया था। इसको देखते हुए इस बार स्टेडियम का रंग रूप ही बदला बदला सा नजर आया। सभी जगह पंजाब किंग्स के बैनर और होर्डिंग नजर आ रहे थे। राजस्थान रॉयल्स इस मैच का हिस्सा नहीं था लेकिन फिर भी दर्शकों में काफी उत्साह था। हालांकि ईस्ट और वेस्ट के स्टैंड्स की काफी सीटें खाली पड़ी थी। मुकाबले में युवा और खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड भी पूरे समय मौजूद थे।

## एक-दो सीरीज के लिए कप्तान नहीं चुनते, हमें उम्मीद हमने सही खिलाड़ी को चुना : अगरकर

नई दिल्ली, 24 मई। अजीत अगरकर ने शनिवार को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। रोहित के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल टीम के नए कप्तान और ऋषभ पंत उप-कप्तान चुने गए हैं।



हेड क्वार्टर में टीम का चयन करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अगरकर ने रोहित शर्मा-विराट कोहली के संन्यास, मोहम्मद शमी की फिटनेस और जसप्रीत बुमराह के चयन को लेकर बात की।

हमने हर ऑप्शन पर चर्चा की शुभमन के कप्तान चुने जाने पर उन्होंने कहा, हमने हर ऑप्शन पर चर्चा की है। हमें उम्मीद है कि हमने सही खिलाड़ी को चुना है। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं और उन्हें शुभकामनाएं। उन्होंने आगे कहा, आप 1-2 सीरीज के लिए कप्तान नहीं चुनते हैं। आप ऐसी चीज में निवेश करना चाहते हैं जो हमें आगे बढ़ने में मदद करे। पिछले साल से हमने शुभमन को देखा है। हमने ड्रेसिंग रूम से भी फीडबैक लिया है। हम बहुत आश्वस्त हैं और यही कारण है कि हम उन्हें चुने हैं।

कोहली ने अप्रैल में ही बना लिया था मन रोहित शर्मा ने 7 मई और विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। विराट के रिटायरमेंट पर बात करते हुए अगरकर ने कहा, विराट ने अप्रैल की शुरुआत में हमसे संपर्क किया और कहा कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का मन बना लिया है। उन्होंने रोहित के लिए कहा, रोहित शर्मा पिछले कुछ सालों से भारत के कप्तान रहे हैं। वह भारतीय क्रिकेट के दिग्गज हैं। हम टेस्ट क्रिकेट में उनकी कमी महसूस करेंगे।

## शानदार तरीके से अभियान का समापन करने उतरेगी केकेआर और एसआरएच

नई दिल्ली, 24 मई। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) रविवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी। दोनो ही टीमे प्लेऑफ के लिए दावेदार नहीं है, जिससे मैच नंबर 68 प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है।

हालांकि, दोनों फ्रेंचाइजी इस साल के टूर्नामेंट में विपरीत प्रदर्शन के बावजूद सकारात्मक प्रदर्शन के साथ अभियान को समाप्त करना चाहेंगी। सनराइजर्स हैदराबाद ने खराब शुरुआत के बावजूद अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत के साथ शानदार प्रदर्शन किया है अपने पिछले मैच में, हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 42 रनों की शानदार जीत दर्ज की, जिसमें ईशान किशन की 48 गेंदों पर 94 रनों की तूफानी पारी शामिल थी। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के धमाकेदार फॉर्म ने टीम की वापसी में अहम भूमिका निभाई है, जिन्होंने 193 के स्ट्राइक रेट से 12 पारियों में 407 रन बनाए हैं। इस बीच, गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इस सीजन में लय हासिल करने में विफल रही है और 13 मैचों में से पांच जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

आरसीबी के खिलाफ उनका सबसे हालिया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हो गईं। अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे 375 रनों के साथ केकेआर के मुख्य खिलाड़ी रहे हैं, जबकि आंद्रे रसेल ने लगातार प्रभावशाली पारियों के साथ फॉर्म की झलक दिखाई है। हालांकि, बल्लेबाजी और डेथ बॉलिंग दोनों में असंगतता ने पूरे सीजन में नाइट राइडर्स को नुकसान पहुंचाया है। अरुण जेटली स्टेडियम में बल्लेबाजों को ज़्यादा मदद मिलने की उम्मीद है। इस मैदान पर पिछले दो आईपीएल 2025 मुकाबलों में 199 और 187 रनों का स्कोर आसानी से हासिल किया गया था, जो टॉस जीतने पर पहले गेंदबाज़ी करने की प्राथमिकता को दर्शाता है। रविवार का मौसम गर्म और नम रहने का पूर्वानुमान है, बारिश की कोई आशंका नहीं है।

आंकड़ों के अनुसार, केकेआर ने पिछले छह मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करते हुए हाल के रिकॉर्ड पर अपना दबदबा बनाया है। हालांकि, एसआरएच इस समय बेहतर स्थिति में दिख रहा है, क्योंकि उसके खिलाड़ी फॉर्म में हैं और जीत की लय उनके पीछे है। विश्लेषकों का मानना है कि एसआरएच अपने अभियान का अंत शानदार तरीके से करेगा।

## पाटीदार और कमिंस पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

लखनऊ, 24 मई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार पर सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच में धीमी ओवर गति के लिये जुर्माना लगाया गया है। शुक्रवार रात भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम के मैच नंबर 65 के दौरान हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी पर धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिये यह जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, इसलिए पाटीदार पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर समेत प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, का जुर्माना लगाया गया। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर उनकी टीम की धीमी ओवर गति के कारण जुर्माना लगाया गया है।यह आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का पहला अपराध था।

## रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, 52 व्यापारिक टीमों के होंगे मैच

उदयपुर, 24 मई। चैंबर ऑफ कॉमर्स, उदयपुर डिवीजन द्वारा शहर में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता 24 मई से 31 मई तक फील्डक्लब मैदान पर होगी। जिसमें उदयपुर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों की कुल 52 टीमें भाग ले रही हैं।

क्रिकेट प्रतियोगिता संयोजक संजय भंडारी ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतराष्ट्रीय अंपायर रघुवीर सिंह राठौड़, चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, राजपरिवार सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष पारस सिंघवी द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, कांग्रेस जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड़, चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष हिम्मत बड़ाला, महासचिव राजमल जैन सहित शहर के कई प्रतिष्ठित गणमान्य, व्यापारीगण आदि उपस्थित रहे। चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष हिम्मत बड़ाला ने बताया कि प्रतियोगिता शाम 6 बजे शुरू होकर देर रात 1 बजे तक चलेंगे। प्रचार प्रसार मंत्री राकेश जैन ने बताया कि 24 मई को प्रतियोगिता की शुरुआत बेहद रोमांचक मुकाबलों के साथ हुई। पहला मैच शाम 6 बजे टिंबर एंड प्लाईवुड मर्चेंट वेलफेयर सोसाइटी बनाम सिंधी बाजार व्यापार मंडल के बीच खेला गया। दूसरा मैच 7 बजे सैनिटरी डीलर्स एसोसिएशन बनाम होटल एसोसिएशन, तीसरा मैच 8 बजे उदयपुर स्टेशनर्स एंड बुक सेलर्स एसोसिएशन बनाम उदयपुर कंप्यूटर ट्रेडर्स एसोसिएशन (बी) के बीच हुआ। रात 9 बजे उदयपुर इलेक्ट्रिकल एसोसिएशन बनाम होजरी एसोसिएशन,10 बजे उदयपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन बनाम पारस आत्मीयजन, और अंतिम मैच रात 11 बजे न्यू उदयपुर मार्केट एसोसिएशन बनाम उदयपुर जिला केमिस्ट ऑर्गेनाइजेशन के बीच खेला गया।

## हरियाणा ने कबड्डी में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जीते स्वर्ण पदक

दीव, 23 मई। खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 शुक्रवार को खेले गए कबड्डी फाइनल मुकाबलों हरियाण की महिला और पुरुष वर्ग की टीमों ने स्वर्ण पदक जीते। आज सुबह घोघला बीच पर खेले पुरुष वर्ग के फाइनल में हरियाणा के कप्तान मोनू हुड्डा की अगुवाई में टीम ने राजस्थान पर पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 48-29 से एकतरफा जीत दर्ज की।

इस हार के साथ राजस्थान को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महाराष्ट्र को दोनों वर्गों में कांस्य पदक मिला। दो सीजन तक प्रो कबड्डी में हरियाणा स्टीलर्स की ओर से खेल चुके 23 वर्षीय मोनू हुड्डावर्तमान में साईसोनीपत में प्रशिक्षण ले रहे हैं। मोनू ने मैच के बाद साई मीडिया से कहा, यहां और मैट पर खेलने में तकनीकी अंतर है। यहां हर रेड 'डू ऑर डाई' होती है और हमें रस्सी पार नहीं करनी होती। हमें अंदर ही रहना होता है। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमें यहां खेलने का मौका मिला और हम स्वर्ण पदक जीत पाए।

## बीरेन्द्र लाकड़ा बने भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम में सहायक कोच

नई दिल्ली, 24 मई। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी बीरेंद्र लाकड़ा को भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम में सहायक कोच के रूप में शामिल किया गया है। वह दिग्गज गोलकीपर और मौजूदा कोच पीआर श्रीजेश के साथ मिलकर काम करेंगे। 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाली एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 से पहले लाकड़ा की नियुक्ति महत्वपूर्ण है। लाकड़ा ने 2010 में भारत के लिए पदार्पण किया और देश के सबसे विश्वसनीय डिफेंडरों में से एक बन गए। उन्होंने दो ओलंपिक खेलों लंदन 2012 और टोक्यो 2020 में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जहाँ भारत ने ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता।

एक दशक से अधिक के शानदार करियर में, लाकड़ा ने विश्व कप, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और अन्य प्रमुख टूर्नामेंटों में भारत के अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके शानदार करियर की उपलब्धियों में 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक, 2018 में कांस्य पदक, 2013 एशिया कप में रजत पदक, 2014 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक और 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक शामिल हैं। वह 2015 में विश्व लीग फाइनल (रायपुर और भुवनेश्वर) में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

ओडिशा में जन्मे लाकड़ा ने हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में टीम गोनासिका के लिए खेलते हुए अपनी फिटनेस और जोश का प्रदर्शन किया। अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, बीरेंद्र लाकड़ा ने कहा, ऐसे महत्वपूर्ण समय में भारतीय जूनियर पुरुष टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे पता है कि भारत की जर्सी पहनने के लिए क्या करना पड़ता है।

## जालोर के छह खिलाड़ी राष्ट्रीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता के लिए हुए रवाना

जालोर, 24 मई। तमिनलाडू के नमक्कल जिले में आयोजित होने वाली 25वीं राष्ट्रीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता के लिए जालोर के 6 खिलाडी शनिवार को रवाना हुए। भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 से 31 मई तक केएसआर इंजीनियरिंग कॉलेज, नमक्कल जिले में आयोजित की जाएगी।जहां भारत के सभी राज्यों से चयनित वुशू खिलाडी भाग लेंगे। जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि जालोर के मयंक भादरु बालकों के 24 किलो भारवर्ग में, रुद्राक्ष 36 किलो भारवर्ग में, प्रियांशु गहलोत 39 किलो भारवर्ग में भाग लेंगे। वहीं बालिकाओं में काव्या गुप्ता 22 किलो,आराध्या सुंदेशा 26 किलो व वैष्णवी सिंह 34 किलो भारवर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में चयनित सभी खिलाडी आर्य वीर दल व वीर वीरमदेव स्पोर्ट्स एकेडमी में वुशू कोच देवेश आर्य व प्रितम सिंह राठौड के सानिध्य में नियमित अभ्यास करते हैं।

### 27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

## लोकेन चौधरी, आदित्य भाट, आदित्य चौधरी की शानदार गेंदबाजी से भदौरिया एकेडमी की आसान जीत

जयपुर, 24 मई। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वी नवीन नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भदौरिया क्रिकेट ग्राउण्ड, सिरसी ग्राम, जयपुर पर खेले गये पूल बी के अन्तिम मैच में भदौरिया क्रिकेट एकेडमी के लोकेन्द्र चौधरी 4 ओवरो में 20 रन पर 3 विकेट, आदित्य भाट 35 रन पर 3 विकेट आदित्य चौधरी 4 ओवर में 1 मेडन 8 रन 2 विकेट निक्की चौहान 28 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दी न्यू जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी को 7 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर दी न्यू जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अजय शर्मा 44 रन आदित्य छाबड़ा 26 रन लोकेश सैनी 15 रन की मदद से ऑलआउट होने से पूर्व 19 ओवर में 129 रन बनाए। भदौरिया क्रिकेट एकेडमी के लोकेन्द्र चौधरी 4 ओवरो में 20 रन पर 3 विकेट, आदित्य भाट 35 रन पर 3 विकेट आदित्य चौधरी 4 ओवर में 1 मेडन 8 रन 2 विकेट निक्की चौहान 28 रन पर 2 विकेट ने शानदार गेंदबाजी करने हुए 19 ओवर में पूरी टीम समेट दी। 130 रन के विजय लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी भदौरिया एकेडमी ने भवानी सुथार 37 रन, जयेश पंडिता 32 रन नाबाद, अविनाश शर्मा 27 रन, तन्मय तिवाड़ी 18 रन की मदद से विजय लक्ष्य 130 रन 3 विकेट खोकर 14.3 ओवर में हासिल कर 7 विकेट से आसान जीत दर्ज कर ली। गेंदबाजी में दी न्यू जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से सुशील सिंघानिया 31 रन पर 2 विकेट आशीष शर्मा 13 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। मैच का मेन ऑफ दी मैच लोकेन्द्र चौधरी भदौरिया एकेडमी रहे।




## अरावली क्रिकेट क्लब ने इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब को हराया

### शोभित मिश्रा का नाबाद शतक



जयपुर, 24 मई । जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग के नॉक आउट मुकाबले में आज के एल सैनी स्टेडियम पर दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में अरावली क्रिकेट क्लब ने इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब को 10 विकेट से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गौरव तोड़ावत के 69 रन, क्षितिज शेखावत के 17 रन, हर्षित गौर के 17 रन जुनेद खान के 21 रन से 30.1 ओवर में 154 रनों पर सिमट गई। अरावली क्रिकेट क्लब के लिए हंसराज रोलानिया ने 44 पर 3, जुनेद अगवान ने 1 पर 3, देवेंद्र शर्मा ने 38 पर 2 विकेट लिए।

जवाबी पारी में अरावली क्रिकेट क्लब ने शोभित मिश्रा के 125 रन नाबाद (13 बॉल, 13 चौके व 10 छक्के ) व आर्यन भारद्वाज के नाबाद 23 रनों से 15.2 ओवर में बिना विकेट 156 रन बनाकर मैच जीत लिया। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच स्टार क्रिकेट एकेडमी व यूनियन क्रिकेट क्लब के मध्य खेला जाएगा।

## सायबर ठगी में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश कल्याण मोटर्स की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता भूपेन्द्र पारीक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता वाहन बेचने और उनकी सर्विस करने वाली फर्म है। याचिकाकर्ता ने पिछले साल दो वाहनों की सर्विस की थी, जिसके बदले वाहन मालिक ने उसके खाते में 55,141 रुपए का भुगतान किया था। वहीं, गत जनवरी माह में बैंक ने पश्चिम बंगाल पुलिस की शिकायत पर उसके चालू खाते को यह कहते हुए फ्रीज कर दिया कि 55,141 रुपए की राशि साइबर ठगी से होते हुए पांचवें बैंक खाते से उसे मिली है। याचिका में कहा गया कि यह राशि उसे सर्विस के बदले अज्ञात व्यक्ति ने दी थी। उसे साइबर ठगी की कोई जानकारी भी नहीं है। वहीं, खाते में आई राशि को फ्रीज करने के बजाए पूरे बैंक खाते को ही फ्रीज करना गलत है। खाता फ्रीज करने के चलते वह अपने कर्मचारियों को वेतन सहित दैनिक खर्चों को नहीं कर पा रहा है और इससे उसका व्यापार पूरी तरह ठप हो गया है। ऐसे में बैंक प्रबंधन को निर्देश दिए जाएं कि वह उसका बैंक खाता डीफ्रीज करे। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने याचिकाकर्ता का बैंक खाता डीफ्रीज करने के आदेश देते हुए, सिर्फ विवादित राशि ही फ्रीज करने को कहा है।

# यू-ट्यूबर ज्योति की बांग्लादेश यात्रा पर जाँच एजेन्सियों की नजर

## जांच का विषय हैः किसके कहने से ज्योति बांग्लादेश गई तथा क्या वहाँ से भी दानिश के सम्पर्क में थी

- ज्योति ने ढाका यूनिवर्सिटी के वीडियो बनाये थे जहाँ के छात्रों ने शेख हसीना की सरकार का तख्ता पलटने में बढ़-चढ़ कर भाग लिया था।

हिसार, 24 मई। यूट्यूबर ज्योति को बीते दिनों पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। अब हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने ज्योति मल्होत्रा के बांग्लादेश दौरे को भी जांच के दायरे में ले लिया है। इन्वेस्टिगेशन एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक अब जांच एजेंसियां इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि ज्योति किसके कहने पर बांग्लादेश गई थी। क्या ज्योति के बांग्लादेश दौरे पर जाने के पीछे भी पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारी दानिश की साजिश है? जांच एजेंसियां इस बात की भी तस्दीक करने में जुटी हैं कि ज्योति जब बांग्लादेश गई, तब क्या वो पाकिस्तानी दूतावास के अधिकारी दानिश के संपर्क में थी? क्या ज्योति ने बांग्लादेश से दानिश से बात की थी?

ज्योति के बांग्लादेश दौरे की खास बात ये है कि उसने बांग्लादेश की जिस ढाका यूनिवर्सिटी के वीडियो बनाए थे, उसी ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों से अपने वीडियो में ज्योति मल्होत्रा बात करते हुए भी नजर आ रही है। बता दें कि ज्योति साल 2024 के फरवरी महीने में बांग्लादेश गई थी और अगस्त 2024 में बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट हो गया था। बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार का तख्ता पलटने में ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। दरअसल अब जांच एजेंसियां ज्योति से ये पता लगाने में जुटी हैं कि बांग्लादेश में हुए तख्तापलट में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की क्या भूमिका थी और यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को इस बारे में कुछ पता था ?

## जस्टिस नागरत्ना सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम की सदस्य बनेंगी

नई दिल्ली, 24 मई। भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की दौड़ में शामिल न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना का न्यायमूर्ति अभय एस ओका की सेवानिवृत्ति के बाद सुप्रीम कोर्ट के कोलीजियम का सदस्य बनना तय हो गया है।देश की पांचवीं सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश होने के नाते, न्यायमूर्ति नागरत्ना 25 मई को आधिकारिक रूप से कोलीजियम में शामिल हो जाएंगी।

## राहुल गांधी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक निशाने साधकर हमले किए। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने स्थिति को और उग्र बनाते हुए नागरिक इलाकों और सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले शुरू कर दिए। हालांकि भारतीय हवाई सुरक्षा प्रणालियों ने पाकिस्तानी हवाई हमलों को प्रभावी रूप से निष्क्रिय कर दिया, लेकिन पुंछ में पाकिस्तानी सैनिकों की सीमा पार से की गई गोलाबारी में कम से कम 13 निर्दोष नागरिक मारे गए और कई घर क्षतिग्रस्त हुए।

अपनी यात्रा के दौरान, राहुल गांधी ने उन परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने अपने प्रियजनों को इस गोलीबारी में खोया है।

उनके दौरे से पहले, कांग्रेस सांसद और जम्मू-कश्मीर मामलों के एआईसीसी महासचिव सैयद नसीर हुसैन ने कहा, "पाकिस्तान ने जिस तरह से नागरिकों पर हमला किया, उसमें 13 लोगों की मौत हुई और बहुत से लोग घायल हुए, काफी नुकसान हुआ है। इसी कारण राहुल गांधी आज यहां लोगों से मिलने आ रहे हैं। हम चाहते थे कि वे पहले ही आ जाते, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिल रही थी।"

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद भी, राहुल गांधी मृतकों के परिजनों से मिले थे।

# सवाई माधोपुर जिला परिवहन अधिकारी गिरफ्तार

- एंटी करप्शन ब्यूरो के ए.एस.पी. सुरेन्द्र शर्मा के मामले में जाँच पड़ताल के बाद जिला परिवहन अधिकारी पुन्या राम मीणा को गिरफ्तार किया गया।

जयपुर, 24 मई । एसीबी जयपुर ने 19 मई को सवाईमाधोपुर एसीबी प्रभारी सुरेन्द्र कुमार शर्मा एएसपी एवं दो दलालों को रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तार किया गया था। इस प्रकरण में कार्यवाही करते हुये, जिला परिवहन अधिकारी सवाईमाधोपुर आरोपी पुन्याराम मीणा को जांच पड़ताल के पश्चात गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि 19 मई को सवाईमाधोपुर एसीबी के पूर्व प्रभारी और एएसपी सुरेन्द्र कुमार शर्मा एवं दो दलालों को रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तार किया गया था। जिसके अनुसरण में, परिवहन विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी,कर्मचारियों की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

जिस पर एसीबी के उपमहानिरीक्षक पुलिस राजेश सिह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए जिला परिवहन अधिकारी सवाईमाधोपुर पुन्याराम मीणा को सीबीआई फाटक जगतपुरा से दस्तयाब किया गया। अनुसंधान में, आरोपी की संलिप्तता के पुख्ता साक्ष्य पाये जाने पर उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## नाबालिग से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किया था। वहीं, करीब पांच माह पहले वह शौच के लिए गई थी, तब अभियुक्त दीपक ने उसका बलात्कार किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। इसके साथ ही, पुलिस ने एक महिला सहित, अन्य के खिलाफ जांच लंबित रखी। अदालत में पीड़िता ने बयानों में अपनी कहानी दोहराई। वहीं, अभियुक्तों की ओर से कहा गया कि उनका पीड़िता के परिवार वालों से रुपए के लेनदेन को लेकर झगड़ा था। पीडिता के किसी अन्य व्यक्ति से संबंध थे और उससे वह गर्भवती हो गई थी, जिसे छिपाने के लिए उन पर आरोप लगाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने दोनों अभियुक्तों को सजा और जुर्माने से दंडित किया है।

## गाँव को नगर पालिका की...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता तन्मय ढंड ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 24 मार्च, 2021 को एक अधिसूचना जारी कर तोडिया का बास गांव को बानसूर नगर पालिका में शामिल किया था। वहीं, अब गत 27 मार्च को बिना कारण इस गांव को नगर पालिका की सीमा से बाहर कर दिया गया। याचिका में कहा गया कि किसी भी ग्राम को एक बार नगर पालिका की सीमा में शामिल करने के बाद उसे नगर पालिका की सीमा से अलग करने की शक्ति, नगर पालिका अधिनियम सहित, अन्य किसी कानून में नहीं है। ऐसे में तोडिया का बास को बानसूर नगर पालिका से बाहर करने वाला राज्य सरकार का आदेश मनमाना और अवैध है। ऐसे में इस आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगाकर उसे अवैध घोषित किया जाए।

## थरूर विवाद पीछा नहीं...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जाहिर करने की शर्त पर, स्वीकार किया कि थरूर की गतिविधियों ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मोदी की छवि को चुनौती देने की कांग्रेस पार्टी की रणनीति को बाधित किया है, जबकि प्रधानमंत्री मोदी बिहार में "ऑपरेशन सिंदूर" को चुनावी अभियान के रूप में पेश करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, "जब भाजपा राहुल गांधी का मजाक उड़ा रही है कि वह पहलगाम जैसे गंभीर मुद्दों पर केन्द्र से सवाल कर रहे हैं, ऐसे समय में थरूर का सरकार से मेल खाना सीधे तौर पर भाजपा को ही लाभ पहुँचाता है।"

यह विवाद ऐसे संवेदनशील समय पर खड़ा हुआ है, जब मोदी सरकार "ऑपरेशन सिंदूर" को बिहार में अपने चुनावी समीकरण मजबूत करने के लिए आक्रामक तरीके से प्रमोट कर रही है। जबकि विपक्ष भाजपा के ऊपर राष्ट्रीय सुरक्षा और शासन से जुड़े गंभीर सवालों से बचने का आरोप लगा रहा है।

थरूर ने अब तक इस आंतरिक आलोचना पर कूटनीतिक चुप्पी बनाए रखी है। हालांकि, उनके करीबी सूत्रों का कहना है कि वे इस मिशन में अपनी भूमिका को गैर-राजनीतिक और देशहित से प्रेरित मानते हैं।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि यह प्रकरण कांग्रेस के भीतर एक गहरे वैचारिक और पीढ़ीगत अंतर को दर्शाता है। कुछ लोग थरूर की वैश्विक सोच और प्रभाव को पार्टी की ताकत मानते हैं, वहीं, अन्य इसे पार्टी की पारंपरिक संरचना के लिए चुनौती मानते हैं।

कांग्रेस पार्टी इस समय आंतरिक असंतोष और आक्रामक भारतीय जनता पार्टी से जूझ रही है, ऐसे में देखना यह है कि वह किस तरीके से थरूर विवाद को सुलझाएगी, क्योंकि यह तरीका ही आगामी महीनों में पार्टी की एकता और उसकी सार्वजनिक छवि को काफी हद तक प्रभावित कर सकता है।

# हार्वर्ड युनिवर्सिटी को अस्थायी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विश्वविद्यालय के पास मानव स्रोत सामग्री और नमूनों का एक अनमोल भंडार है, जिसे दशकों में संजोया गया है। यह भंडार कई बीमारियों और उनके इलाज पर क्रांतिकारी शोधों के लिए इस्तेमाल हुआ है।

इन नमूनों को लिक्विड नाइट्रोजन फ्रीज़रों में संरक्षित किया गया है और केवल इन्हें सुरक्षित रखने पर ही करोड़ों डॉलर खर्च होते हैं। अब अमेरिकी संघीय सरकार ने इन शोध परियोजनाओं की फंडिंग में कटौती की धमकी दी है, जिससे इन नमूनों को संरक्षित रखना कठिन हो जाएगा।

एक उदाहरण में, दशकों से हार्वर्ड के पब्लिक हेल्थ स्कूल में रक्त, मूत्र और डीएनए के नमूने एकत्र किए गए हैं। नर्सों और अन्य स्वयंसेवकों ने वर्षों तक अपने नमूने दिए हैं, और इस तरह का संग्रह दुनिया में और कहीं नहीं है।

अब इन सभी मानव नमूनों को खतरा है। एक अन्य परियोजना में, कैंसर रोगियों से वर्षों तक ऐसे ही नमूने एकत्र किए गए हैं, जो दशकों और पीढ़ियों के दौरान शरीर की क्रियाविधियों की गहन जानकारी प्रदान करते हैं। इनसे रोगों के व्यवहार को समझने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

शोधकर्ता बताते हैं कि जहां पहले इन नमूनों से लाभ हुआ था, वहीं, अब नई तकनीकों, जैसे आर्टिफिशल इंटैलिजैंस और उन्नत डेटा विश्लेषण विधियों से इनकी उपयोगिता और बढ़ गई है।

हैल्थ और मैडिकल स्टडीज़ के अलावा, अमेरिकी विश्वविद्यालयों ने भौतिक विज्ञान, रसायन और अन्य विषयों में दीर्घकालिक अनुसंधान परियोजनाएं चलाई हैं।

रिपोर्टों के अनुसार, आधुनिक विज्ञान अब "बड़ी परियोजना" बन चुका है, जिसे केवल कलम और कागज़ से नहीं चलाया जा सकता। बुनियादी शोध अब अत्यधिक महंगा हो चुका है और इसे चलाने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की आवश्यकता होती है। यदि संघीय सरकार द्वारा दी जाने वाली फंडिंग में कटौती की जाती है, तो इन शोध परियोजनाओं को गंभीर नुकसान पहुँचेगा

संभावना है कि ये परियोजनाएं अब अन्य देशों और संस्थानों की ओर पलायन कर जाएँगी। इससे अमेरिका की बुनियादी विज्ञान में गिरावट आना तय माना जा रहा है।

## सेवारत कोटे से पीजी करने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आवंटित हुआ। इसमें याचिकाकर्ता दिसंबर 2023 से ही पोस्ट एमबीबीएस डिप्लोमा शिशु रोग की ट्रेनिंग कर रहा है। इसकी सूचना उसने 2 जनवरी 2024 को ही कार्यकारी निदेशक, नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जाम मेडिकल साइंस को दे दी थी, लेकिन 4 मार्च 2025 को उसे एक मैसेज मिला कि उसे वेबसाइट पर पीजी जॉइनिंग अपडेट करनी है। उसने उसी दिन अपनी ज्वाइनिंग को अपडेट करने की प्रक्रिया की, लेकिन प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। कई बार प्रयास करने के बाद भी बिना किसी कारण उसका रजिस्ट्रेशन नहीं किया गया। इससे वह फाइनल एग्जाम का फॉर्म भरने से भी वंचित हो रहा है। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## 'विकसित राजस्थान...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अपने हिस्से का पूर्ण जल प्राप्त हो सके। साथ ही, उन्होंने 51.5 किलोमीटर लंबी फिरोजपुर फीडर की लाइनिंग हेतु स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने का भी आग्रह किया।

शर्मा ने आग्रह किया कि कालीसिंध और छबड़ा थर्मल परियोजनाओं में अतिरिक्त इकाइयों एवं 3200 मेगावाट की नई थर्मल इकाई की पिट हैड से 500 किलोमीटर से अधिक दूरी होने के कारण राज्य में स्थापना हेतु शिथिलन प्रदान की जाए। साथ ही, उन्होंने साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड से दिए जा रहे 20 लाख मीट्रिक टन कोयले को नॉर्दन कोलफील्ड से उपलब्ध करवाने का भी अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने राज्य में ऊर्जा सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए केन्द्र सरकार से आग्रह किया कि पीएम कुसुम योजना के कंपोनेंट-ए के तहत राज्य को 5000 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन तथा बैट्री स्टोरेज के लिए 5000 मेगावाट आवर का अतिरिक्त लक्ष्य आवंटित किया जाए। साथ ही, उन्होंने राजस्थान को आवंटित 115 गीगावाट बिजली उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु 40 गीगावाट अतिरिक्त ऊर्जा के इवेक्युएशन हेतु प्लान तत्काल बनाने का अनुरोध किया।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व से हमें गहरी प्रेरणा मिली है तथा राज्य स्तर पर हम राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी सभी पहलों को पूरा समर्थन देने के लिए और भी अधिक दृढ संकल्पित हुए हैं। शर्मा ने कहा कि दो दिन पहले 22 मई को प्रधानमंत्री के सीमावर्ती बीकानेर जिले में संबोधन के समय जनसाधारण में जो अद्भुत उत्साह एवं राष्ट्रभक्ति का जज्बा देखने को मिला, वैसा भावुक दृश्य मैंने अपने जीवन में कभी नहीं देखा। ये जनता का प्रधानमंत्री के प्रति अटूट विश्वास दर्शाता है।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908